RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 171
नई दिल्ली, सोमवार, 29 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आरएसएस प्रमुख ने आरक्षण का समर्थन किया
राष्ट्रीय-10

# भारत ने पाकिस्तान की ड्रग तस्करी का किया भंडाफोड़




भारतीय तटरक्षक बल के जवानों ने भारतीय जल क्षेत्र में घुसपैठ करने वाले पाकिस्तानी नाव के 14 चालक दल के सदस्यों को गिरफ्तार किया। साथ भारी मात्रा में ड्रग बरामद किया

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**भारतीय तटरक्षक** बल ने रविवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते के साथ एक संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी कामयाबी हासिल की है। सुरक्षा एजेंसियों ने एक पाकिस्तानी नाव से 600 करोड़ की 86 किलोग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया। साथ ही गुजरात तट पर जहाज पर सवार 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए तटरक्षक बल ने रात भर चले ऑपरेशन में सक्रिय मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह पर कार्रवाई शुरू कर दी है। यह ऑपरेशन एजेंसियों के समन्वय का प्रतीक था। जिसमें भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने लगातार सहयोग किया, जिसका समापन सफल ऑपरेशन में हुआ। ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए भारतीय तटरक्षक बल के जहाजों और विमानों को समवर्ती अभियान के लिए तैनात किया गया था। आईसीजी जहाज राजरतन, जिस पर एनसीबी और एटीएस अधिकारी सवार थे, ने संदिग्ध नाव की पहचान सुनिश्चित की। नशीली दवाओं से लदी नाव द्वारा अपनाई गई कोई भी टालमटोल की रणनीति आईसीजी से नहीं बचा सकी। जहाज की विशेषज्ञ टीम संदिग्ध नाव पर चढ़ गई और पूरी जांच के बाद भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि की। समुद्री सुरक्षा एजेंसी की ओर से कहा गया है कि पाकिस्तानी नाव को उसके 14 सदस्यीय चालक दल के साथ पकड़ लिया गया और आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया जा रहा है। आईसीजी और एटीएस की संयुक्त टीम, जिसके कारण पिछले तीन वर्षों में ग्यारह ऐसे सफल कानून प्रवर्तन अभियान हुए हैं। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तालमेल की पुष्टि करता है। संयोग से, एनसीबी द्वारा गुजरात और राजस्थान में प्रतिबंधित दवा मेफेड्रोन, जिसे आम तौर पर म्याऊ म्याऊ के नाम से जाना जाता है, का निर्माण करने वाली तीन प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ करने और मामले के संबंध में सात लोगों को गिरफ्तार करने के ठीक एक दिन बाद रविवार को यह जब्ती हुई।

एंटी-ड्रग्स एजेंसी ने लगभग 300 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) को गुजरात और राजस्थान में मेफेड्रोन दवा का उत्पादन करने वाली प्रयोगशालाओं के बारे में मुखबिर से मिली जानकारी के बाद प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया गया। ( शेष पेज 9 )



# आतंकवादी हमले में ग्राम रक्षा गार्ड की मौत

**मोहित कंधारी**। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** में पिछले एक सप्ताह में तीसरी आतंकी घटना में ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) ने आतंकवादियों से संघर्ष करते हुए अपने प्राणों को बलिदान कर दिया। उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के एक दूरदराज के गांव में भारी हथियारों से लौस आतंकवादियों ने गोलीबारी की। यह 2018 के बाद इस क्षेत्र का सबसे बड़ा आतंकवादी हमला है। रिपोर्ट लिखे जाने तक आतंकवादियों के समूह का पता लगाने के लिए घने जंगली इलाके में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया। आतंकवादियों के छिपे हुए समूह को बाहर निकालने के लिए भारतीय सेना के विशिष्ट पैरा कमांडो के नेतृत्व में सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। इन आतंकियों के बारे में माना जाता है कि उन्होंने हाल ही में कठुआ की सीमा से घुसपैठ की थी।

सेना, पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी आतंकवाद विरोधी अभियानों में तालमेल बिठाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। जमीनी रिपोर्टों के अनुसार, आतंकवादियों को क्षेत्र में बाहरी घेरे को तोड़ने से रोकने के लिए हवाई निगरानी भी की गई थी, जबकि आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अधिक क्षति से बचने के लिए क्षेत्र की सीमाओं पर नजर बनाए हुए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, उधमपुर जिले के बसंतगढ़ पुलिस स्टेशन के पास आतंकवादियों की सूचना मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस हरकत में आ गई। छिपे आतंकवादियों से पुलिस ( शेष पेज 9 )

# पूर्वोत्तर में चुनावी तनाव ने बढ़ाई चिंता

**पायनियर समाचार सेवा**। गुवाहाटी/इंफाल/कोहिमा

**आगामी आम** चुनावों के लिए सुरक्षा बलों की भारी तैनाती के बीच, पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्से विशेष रूप से नागालैंड, मणिपुर और असम गंभीर हिंसा की चपेट में आ गए हैं। नागालैंड के लोगों ने जरूरी सामान खरीदने के लिए पड़ोसी राज्य असम की ओर रुख किया, क्योंकि नागा राजनीतिक समूहों द्वारा जबरन वसूली के विरोध में व्यवसायों के अनिश्चितकालीन बंद के कारण राज्य में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और आंदोलन रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। जबकि मणिपुर में एक साल से अधिक समय से संघर्ष जारी है, रविवार को जातीय संघर्षग्रस्त मणिपुर के कांगपोकपी जिले में दो युद्धरत समुदायों के ग्राम स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों पर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें दो सीआरपीएफ जवानों की जान चली गई। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें जल्द पकड़ने की कसम खाई। राज्य के वाणिज्यिक केंद्र दीमापुर में व्यवसायों की सुरक्षा के लिए कथित सरकारी निष्क्रियता के विरोध में शुक्रवार को दीमापुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा नागालैंड बंद का आह्वान किया था। कन्फेडरेशन ऑफ नागालैंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने हड़ताल का समर्थन किया, जिसके बाद शनिवार से अन्य जिलों में बाजार बंद हो गए। राज्य भर में बाजार बंद रहे, जिसके परिणामस्वरूप नागालैंड के लोग, विशेष रूप से असम के साथ अंतर-राज्यीय सीमा पर रहने वाले लोग, आवश्यक वस्तुओं को खरीदने के लिए पड़ोसी राज्य में गए। ( शेष पेज 9 )



## मणिपुर के छह बूथों पर 30 अप्रैल को पुनर्मतदान

**इंफाल**। बाहरी मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के छह मतदान केंद्रों पर 30 अप्रैल को पुनर्मतदान होगा। 26 अप्रैल को इन छह मतदान केंद्रों में से चार पर मतदान पूरा होने से पहले अज्ञात व्यक्तियों ने ईवीएम और वीवीपैट को क्षतिग्रस्त कर दिया था जिसके बाद पुनर्मतदान आवश्यक हो गया। जबकि एक मतदान केंद्र पर ईवीएम में खराबी की सूचना मिली थी, जबकि दूसरे पर अज्ञात बदमाशों की धमकी के खतरे के कारण मतदान पूरा नहीं हो सका था। उखरुल विधानसभा क्षेत्र में चार मतदान केंद्रों, उखरुल में चिंगाई विधानसभा सीट और सेनापति में करोंग में एक-एक मतदान केंद्रों पर मतदान रद्द घोषित कर दिया गया और 30 अप्रैल को पुनर्मतदान कराया जाएगा। 26 अप्रैल को बाहरी मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 28 विधानसभा क्षेत्रों में से 13 में मतदान के दौरान 4.84 लाख मतदाताओं में से लगभग 76.06 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। संपूर्ण आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट के साथ शेष 15 क्षेत्रों में मतदान का पहला चरण 19 अप्रैल को हुआ था।



नई दिल्ली में अपने घर पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अरविंद सिंह लवली (दाएं)। साथ में राज कुमार चौहान (बाएं)

# कांग्रेस को झटका, दिल्ली के अध्यक्ष ने दिया त्यागपत्र

**राजेश कुमार**। नई दिल्ली

**लोकसभा चुनाव** से पहले राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए दिल्ली के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज पत्र में इस्तीफे की कई वजह बताई हैं। इसमें सबसे बड़ी वजह दिल्ली में कांग्रेस का आम आदमी पार्टी से गठबंधन और पार्टी में अंदरूनी कलह और उत्तर पश्चिमी दिल्ली व उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय सीट से बाहरियों को टिकट दिए जाने समेत विभिन्न मुद्दों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा देने की वजह बताई है। दिल्ली की सात सीटों पर चुनाव से महीने से भी कम समय पहले लवली के चौंकाने वाले इस्तीफे ने देश की सबसे पुरानी पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान को अधर में डाल दिया है। एक सप्ताह से भी कम समय में कांग्रेस के लिए किसी पूर्व मंत्री का यह दूसरा इस्तीफा था। लवली को 31 अगस्त, 2023 को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार संभाला था।

गत शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे गए अपने इस्तीफे में लवली ने यह भी कहा कि प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेताओं द्वारा लिए गए सभी सर्वसम्मत निर्णयों को एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया ने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए रोक दिया है। लवली ने दावा किया कि पार्टी आलाकमान द्वारा आधिकारिक घोषणा किए जाने से पहले दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) को उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिमी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से उदित राज को मैदान में उतारने के फैसले के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई थी।

अरविंदर सिंह लवली ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में स्पष्ट किया कि उन्होंने केवल कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद से प्रमुख पद से दिया है। साथ ही यह भी कहा कि वह अन्य राजनीतिक दल में शामिल नहीं हो रहे हैं। उनका स्पष्टीकरण उस समय आया जब कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद खान ने दावा किया कि भाजपा पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से हर्ष मल्होत्रा की जगह लवली को मैदान में उतारेगी। लवली ने कहा कि उनका इस्तीफा इस बात से दुखी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दर्द को दर्शाता है कि पिछले सात से आठ वर्षों के दौरान वे जिन आदर्शों के लिए लड़ रहे थे उनसे समझौता किया जा रहा है। लवली ने अपने पत्र में कहा कि आम आदमी पार्टी के कई मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। इसके बावजूद कांग्रेस ने पार्टी कार्यकर्ताओं के विरोध के बीच लोकसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पार्टी के साथ गठबंधन किया। उन्होंने बताया कि एआईसीसी महासचिव के निर्देश पर, वह केजरीवाल की गिरफ्तारी की रात सुभाष चोपड़ा और संदीप दीक्षित के साथ उनके आवास ( शेष पेज 9 )

# चुनाव आयोग ने आप से प्रचार गीत में बदलाव करने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली




**चुनाव आयोग** ने आम आदमी पार्टी से अपने लोकसभा चुनाव के प्रचार गीत जेल का जवाब, वोट से देंगे में संशोधन करने के लिए कहा है। इसके साथ ही पोल पैनल ने कहा कि, पार्टी के अभियान गीत को केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के तहत निर्धारित विज्ञापन कोड और चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। चुनाव आयोग ने दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी से आवश्यक संशोधन करने के बाद प्रचार गीत को फिर से जमा करने को कहा है। वहीं आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि चुनाव आयोग ने उसके लोकसभा के प्रचार गीत पर प्रतिबंध लगा दिया है।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि आप को गाने की सामग्री को संशोधित करने के लिए कहा गया था क्योंकि इसमें चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों और विज्ञापन कोड का उल्लंघन किया गया था। आप विधायक दिलीप पांडे द्वारा लिखित और गाया गया दो मिनट से अधिक का प्रचार गीत गत गुरुवार को आम आदमी पार्टी ने जारी किया था। सीईओ कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि गाने पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है लेकिन पार्टी को केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के तहत निर्धारित विज्ञापन कोड और प्रमाणन के लिए 24 अगस्त 2023 एक पत्र के माध्यम से प्रसारित ईसीआई दिशा निर्देश/मानदंडों के अनुसार कुछ संशोधनों के साथ प्रस्ताव फिर से जमा करने के लिए कहा गया था।

दिल्ली चुनाव पैनल ने कहा कि गीत में कुछ तस्वीरें और शब्द अपमानजनक, टिप्पणियां और अप्रमाणित तथ्यों के आधार पर केंद्र सरकार दल की आलोचना की गई हैं। इतना ही नहीं न्यायपालिका और पुलिस पर भी संदेह पैदा करते हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में आतिशी ने चुनाव आयोग पर भाजपा का राजनीतिक हथियार बनने और भागवा पार्टी पर आचार संहिता के उल्लंघनों पर आंखें बंद करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रचार गीत में भाजपा का जिक्र नहीं है। साथ ही दावा किया कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करता है। इसमें तथ्यात्मक वीडियो और घटनाएं ( शेष पेज 9 )

# जांच में तेजी के साथ बढ़ी गौड़ा की मुश्किलें

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली/बेंगलुरु

**कर्नाटक** सरकार ने रविवार को जद (एस) सुप्रीमो, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े एक कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी)का गठन किया। इसी मामले में कर्नाटक के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ रविवार को यौन उत्पीड़न और पीछा करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रज्वल हासन लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। रेवन्ना की घरेलू सहायिका की शिकायत के आधार पर जिले के होलेनरासीपुर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

इस मामले के गठित एसआईटी टीम का नेतृत्व आईपीएस अधिकारियों की तीन सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) बिजय कुमार सिंह कर रहे हैं। अन्य दो सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुमन डी पेन्नेकर और मैसूर की पुलिस अधीक्षक सीमा लाटकर हैं।



एसआईटी को जल्द ही अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है. कथित तौर पर प्रज्वल से जुड़े कुछ स्पष्ट वीडियो क्लिप हाल के दिनों में हासन में प्रसारित होने लगे थे। एसआईटी गठित करने के फैसले की घोषणा मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पुलिस को जानकारी है कि प्रज्वल, जो विधायक और पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना का बेटा है, देश छोड़ चुका है। डॉ. चौधरी ने गुरुवार को सिद्धारमैया और राज्य पुलिस प्रमुख आलोक मोहन को पत्र लिखकर हसन में प्रसारित वीडियो की जांच की मांग की। प्रज्वल ने अपने चुनाव एजेंट के माध्यम से अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई है कि वीडियो से छेड़छाड़ की गई है और चुनाव से पहले उनकी छवि खराब करने के लिए इसे प्रसारित किया जा रहा है।

गृह मंत्री जी परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा, यदि वह (प्रज्वल) विदेश चला गया है, तो एसआईटी उसे वापस लाने और जांच जारी रखने के लिए जिम्मेदार होगी। हम एसआईटी को यह नहीं कहेंगे कि जांच इस तरह करो या उस तरह करो। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, हम अपना सिर शर्म से झुका रहे हैं। मैंने मीडिया में देखा कि वह भाग गया है। यह एक अक्षम्य अपराध है। यह शर्म की बात है. वह एक सांसद हैं और एक पूर्व प्रधानमंत्री का पोता। उन्होंने उसी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया जिसका पूर्व प्रधानमंत्री ने प्रतिनिधित्व किया था। एसआईटी पर सरकारी आदेश में कहा गया है कि जांच में वे लोग भी शामिल होंगे जिन्होंने यौन अपराध किया, जिन्होंने इसे फिल्माया और फिर इसे सार्वजनिक किया। इसमें कहा गया है कि पहले ही होलेनरासीपुर पुलिस स्टेशन में धारा 354 (ए) ( शेष पेज 9 )

# दिल्ली, अन्य राज्यों की विधानसभा सत्रों में आई कमी

**राजेश कुमार**। नई दिल्ली

**दिल्ली, राजस्थान,** अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना और नागालैंड का विधानसभा सत्र साल में 22 दिन से भी कम समय रहा, यह खुलासा थिंक टैंक पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च द्वारा संकलित आंकड़ों में हुआ है। यह देखा जा रहा है कि समय के साथ विधानसभा बैठकों की संख्या कम होती जा रही है। जबकि महाराष्ट्र विधानसभा की बैठक सबसे अधिक 41 दिनों तक चली, उसके बाद पश्चिम बंगाल 40 दिन और कर्नाटक 39 दिन का स्थान रहा। विशेष रूप से, 2023 में राज्य विधानसभाओं ने 500 से अधिक विधेयक पारित हुए और राज्य के बजट का संचयी मूल्य लगभग 53 लाख करोड़ रुपये था।

आंकड़ों से पता चलता है कि 2023 में राज्य विधानसभाएं औसतन 22 दिन और बैठकों की औसत अवधि पांच घंटे थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 2023 में, सात राज्यों ने छह महीने से अधिक समय तक बिना सत्रावसान किए सत्र जारी रखा और बैठकों के बीच लंबे अंतराल के साथ सत्र जारी रखा। महाराष्ट्र में सबसे अधिक दिनों (41) की बैठकें हुईं, उसके बाद पश्चिम बंगाल (40) और कर्नाटक (39) का स्थान रहा। आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब और तेलंगाना सहित कम से कम 13 राज्यों की बैठकें 20 दिनों से कम समय तक चलीं।

अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और उत्तराखंड की बैठक 10 दिनों से भी कम समय तक चली। गोवा ने 2022 में अपनी बैठक 13 दिन से दोगुनी करके 2023 में 26 दिन कर ली। छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में भी 2022 की तुलना में



2023 में अधिक दिनों के लिए बैठकें हुईं। पिछले साल केरल, आंध्र प्रदेश और पंजाब की बैठकें 2023 में इसकी तुलना में कम दिनों के लिए हुईं। केरल, जहां 2021 में 61 दिन और 2022 में 41 दिन, 2023 में केवल 29 दिन की बैठक हुई। संविधान राज्य विधानमंडल सत्र को हर छह महीने में कम से कम एक बार आयोजित करने का आदेश देता है। बजट सत्र के दौरान लगभग 62 प्रतिशत बैठकें हुईं। 2022 और 2021 में यह आंकड़ा 61 प्रतिशत था। गुजरात और पंजाब ने बजट सत्र में अपनी 80 प्रतिशत से अधिक बैठकें कीं। तमिलनाडु ने बजट सत्र में अपनी 72 प्रतिशत बैठकें कीं, जो 2022 में 91 प्रतिशत से कम है।

दिल्ली में यही सत्र मार्च से दिसंबर 2023 तक 14 बैठकों के साथ चला। मार्च और अक्टूबर 2023 के बीच पंजाब विधानसभा सत्र में 10 बैठकें आयोजित हुईं। पंजाब ने फरवरी 2023 में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें कहा गया था कि राज्यपाल बजट सत्र नहीं बुला रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल राज्य मंत्रिमंडल की सलाह मानने के लिए बाध्य हैं। इस बीच राजस्थान में विधानसभा सत्र 2023 जनवरी से अगस्त तक चला। 2021 और 2022 में राजस्थान में सिर्फ एक ही सत्र हुआ, जो जनवरी से दिसंबर तक चला। पश्चिम बंगाल में, जुलाई 2023 में शुरू हुआ सत्र मार्च 2024 तक स्थगित नहीं किया गया और बजट पारित करने के लिए फरवरी में आयोजित सत्र राज्यपाल के पारंपरिक अभिभाषण के साथ शुरू नहीं किया गया। सिक्किम, तमिलनाडु और तेलंगाना में सत्र एक वर्ष से अधिक समय तक जारी रहे। सिक्किम में, मार्च 2022 में शुरू हुआ सत्र अप्रैल 2023 में ही स्थगित कर दिया गया। तेलंगाना में, एक सत्र सितंबर 2021 से अगस्त 2023 तक जारी रहा, जब सदन का कार्यकाल समाप्त हो गया। राज्य विधानसभाओं ने 2023 में बैठकों की कम संख्या के बावजूद 500 से अधिक विधेयकों के साथ-साथ 53 लाख करोड़ रुपये से अधिक के राज्य बजट पारित किए। 2023 में, विधानसभाओं में पारित सभी विधेयकों में से 44 प्रतिशत विधेयक पेश होने के एक दिन के भीतर पारित किए गए। गुजरात, झारखंड, मिजोरम, पुडुचेरी और पंजाब विधानसभाओं ने सभी विधेयकों को पेश किए जाने वाले दिन या अगले दिन ही पारित कर दिया। ( शेष पेज 9 )

# एक्सप्रेसवे के किनारे बनेंगे आठ नए मेट्रो स्टेशन

## योगी सरकार को भेजा प्रस्ताव, सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक एक्वा लाइन का होगा विस्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की तरफ से मेट्रो नेटवर्क के विस्तार पर काम तेजी से किया जा रहा है। प्रस्तावित योजना के तहत सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक एक्वा लाइन का विस्तार होगा। एनएमआरसी ने इस विस्तार परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करके उत्तर प्रदेश सरकार से मंजूरी लेने के लिए भेज दी है।

उत्तर प्रदेश सरकार से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद इस डीपीआर को केंद्र सरकार के पास भी भेजा जाएगा। हालांकि, लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लागू रहने के कारण इस विस्तार परियोजना को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। 4 जून के बाद जब आचार संहिता समाप्त हो जाएगी, तब एनएमआरसी उत्तर प्रदेश सरकार से समन्वय कर इस परियोजना को जल्द से जल्द मंजूरी दिलाने की प्रक्रिया शुरू करेगी।

इस विस्तार परियोजना से नोएडा के बड़े हिस्से में रहने वाले लोगों को मेट्रो सुविधा मिलेगी। सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक इस नई मेट्रो लाइन से कनेक्टिविटी बढ़ेगी और लोगों की आवाजाही भी आसान होगी। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन तक मेट्रो लिंक बनाने पर 2254.35 करोड़ रुपया का खर्च किए जाएंगे। इस दूरी के बीच आठ नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे इस मेट्रो लिंक की अनुमानित लंबाई 11.56 किलोमीटर है। इस रूट के जरिए रोजाना करीब 80 हजार मुसाफिर को फायदा होगा।

इस पूरे कॉरिडोर में 8 स्टेशन होंगे। उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जाने वालों को अभी मौजूदा मेट्रो रूट पूरी तरह लाभान्वित नहीं कर पा रहा है। सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन तक नया मेट्रो लिंक शुरू होने से ग्रेटर नोएडा के निवासी सीधे दिल्ली जा सकेंगे। वर्तमान में नोएडा मेट्रो में 50 हजार से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं।

खास बात यह है कि यह लिंक दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के दो रूटों को टच करेगा इनमें ब्लू लाइन मेट्रो और मैजेंटा लाइन मेट्रो शामिल हैं। आपको बता दें कि दिल्ली में राजीव चौक की तरफ़ जाने के लिए बॉटनिकल गार्डन से ब्लू लाइन मेट्रो और फरीदाबाद कालिंदी कुंज की तरफ़ जाने के लिए मैजेंटा लाइन मेट्रो उपलब्ध होती है।

इस तरह अब भी बॉटनिकल गार्डन एनएमआरसी और डीएमआरसी के तीन मेट्रो लाइन का जंक्शन बन जाएगा।

# क्रॉसिंग रिपब्लिक और ग्रेनो के लाखों लोगों के लिए खुला नया प्रवेश द्वार

- वाहन अब सीधे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर जा सकेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी के पास वाहन चालकों के लिए प्रवेश मार्ग खुल गया है। इससे वाहन अब सीधे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर प्रवेश कर सकेंगे और दिल्ली की ओर जा सकेंगे। अब तक वाहन चालकों को काफी घूमकर एक्सप्रेसवे पर चढ़ना पड़ रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने दिल्ली से आने वाले वाहनों के लिए भी निकास मार्ग बनाने का काम शुरू कर दिया है।

यह कार्य 10 दिनों में पूरा हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने 5 जनवरी को एनएच-9 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर निकास-प्रवेश स्थल बनाने का शिलान्यास किया था। आचार संहिता लगने से पहले एनएचएआई ने प्रवेश मार्ग बनाने का काम शुरू कराया था।

क्रॉसिंग रिपब्लिक और मेरठ से दिल्ली जाने वालों के लिए पहले प्रवेश स्थल नहीं था।

दिल्ली से आने वालों के लिए भी एक्सप्रेसवे से बाहर निकलने का निकास रास्ता नहीं था। प्रवेश-निकास की कमी से हजारों वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। दिल्ली से आने वाले चालकों को मेरठ एक्सप्रेसवे से बाहर निकलने के लिए डासना तक जाना पड़ता था। आपको बता दें कि मेरठ की तरफ आने वाले वाहनों को एबीएस कॉलेज से पहले निकास स्थल बनाया गया है।

क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी कट से पहले फ्लाईओवर से एक्सप्रेसवे पर चढ़ने का प्रवेश स्थल बनाया गया है। स्थानीय लोग लंबे समय से क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास प्रवेश और निकास स्थल की मांग कर रहे थे।

# कुछ दिन बाद उखड़ने लगीं सेक्टरों की सड़कें

- घटिया गुणवत्ता की खुली पोल, निवासियों ने बनाया वीडियो

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा जिन सड़कों का निर्माण करवाया जाता है, वहां पर किस तरीके की गुणवत्ता का इस्तेमाल किया जाता है। इसकी पोल निवासियों ने लाइव वीडियो के जरिए खोल दी है।

हरेन्द्र भाटी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा वन में बी ब्लॉक की सड़क का निर्माण कार्य अभद्र रूप से किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा 6 से 7 सालों में नई सड़कों का निर्माण गलत तरीके और घटिया गुणवत्ता से किया जा रहा है। अभी से ही बनाई गई सड़कें उखड़ने और फटने लगी हैं। निवासियों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का कोई भी उच्च अधिकारी मौके पर नहीं रहता है, जिसके कारण ठेकेदार घटिया गुणवत्ता का सामान लगवा देते हैं। निवासियों ने प्राधिकरण के उच्चाधिकारियों से बिटुमन (सीआरएमबी) की जांच कराने और कर्मचारियों एवं ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

हरेन्द्र भाटी ने यह भी आरोप लगाया कि प्राधिकरण के अधिकारी और कर्मचारी गलत कार्यों को भी उच्च अधिकारियों के समक्ष सही बता देते हैं। उनका कहना है कि नहीं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी और कर्मचारी कैसे गलत कार्यों को भी सही बता देते हैं। इसका हर्जाना आम लोगों को चुकाना पड़ता है।

## ई- रिक्शा की बैटरी में धमाका, युवक की मौत

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले के थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के अट्टा गांव में एक ई- रिक्शा की बैटरी चार्ज करते समय फटने से एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक डी.पी. शुक्ल ने बताया कि अट्टा गांव में रहने वाले मंजूर अंसारी (22) तथा उनके पिता फारूक अंसारी अपने ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज कर रहे थे, तभी बैटरी में धमाका हो गया। इस घटना में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से झुलस गए और दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने मंजूर को मृत घोषित कर दिया। शुक्ल ने बताया कि फारुख की हालत नाजुक बनी हुई है।

# सरकारी अस्पतालों में लगेगी प्राइवेट डॉक्टरों की ड्यूटी

- अभी सिर्फ सिजेरियन ऑपरेशन के लिए उपलब्ध होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



अब गौतमबुद्ध नगर के सरकारी अस्पतालों में प्राइवेट डॉक्टर अपनी सेवा देंगे। ये डॉक्टर सिर्फ सिजेरियन ऑपरेशन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

निजी डॉक्टरों को ऑन कॉल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक पैनल तैयार किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक के आदेश के बाद सीएमओ कार्यालय ने पैनल बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएमओ डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि इन निजी डॉक्टरों की मदद से जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी पर सिजेरियन की सुविधा उपलब्ध होगी। निजी डॉक्टरों को भी सरकारी अस्पतालों में काम करने का अनुभव मिल सकेगा। निजी अस्पतालों में काम करते हुए डॉक्टर सरकारी अस्पतालों में भी ऑन-कॉल सेवाएं दे सकेंगे।

ऑन कॉल डॉक्टरों के इस पैनल में एनेस्थेटिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ और सिजेरियन के लिए प्रशिक्षित सर्जन शामिल होंगे। इस पैनल का गठन जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा किया जाएगा। सिजेरियन डिलीवरी के लिए डॉक्टर को 3000 रुपये मिलेंगे। सिजेरियन की सुविधा अभी भंगेल, बादलपुर, दादरी, जेवर सीएचसी और जिला संयुक्त अस्पताल में दी जानी है। पैनल में शामिल होने के लिए डॉक्टर सेक्टर-39 स्थित सीएमओ कार्यालय में सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन सीएमओ के नाम से किया जाएगा। आवेदन को भौतिक रूप से जमा करने के अलावा, आप इसे सीएमओजीबीएनआरजीमेल.कॉम पर ईमेल भी कर सकते हैं। आवेदन के समय आपको अपनी विशेषज्ञता, अनुभव, वर्तमान कार्य स्थान, पता, फोन नंबर देना होगा।

## संक्षिप्त समाचार



प्रतिभागी के साथ सेल्फी लेते फिल्म स्टार गुल पनाग।

### अच्छी जीवन शैली का संदेश देने को दौड़े नोएडावासी

**नोएडा।** अच्छे स्वास्थ्य का संदेश देने के लिए नोएडा में दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें करीब 700 की संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। दौड़ को सभी के लिए यादगार बनाने के लिए 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 2.5 किलोमीटर की रन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस रन में फिटनेस गर्ल और पूर्व मिस इंडिया रह चुकीं गुल पनाग ने हिस्सा लिया और रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गुल पनाग ने रन में लेने आए धावकों के साथ दौड़ भी लगाई। इस दौरान शहरवासियों में रन प्रतियोगिता को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उनकी हौसलाअफजाई करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। इस रन प्रतियोगिता में दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और आसपास के राज्यों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शिरकत करने वाले विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। नोएडा में स्थित डीएलएफ मॉल के प्रबंधक ने बताया कि रविवा को नोएडा शहर में डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया ने 8 साल पूरे होने पर एक्टिव नोएडा पहल के तहत दौड़ का आयोजन किया। इसमें करीब 700 की संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

### इस्कॉन ने किया पहली वैष्णवी पदयात्रा का आयोजन

**नोएडा।** इस्कॉन ग्रेटर नोएडा द्वारा लोकनाथ स्वामी महाराज की 75वीं व्यासपूजा के उपलक्ष्य में शहर में आज पहली वैष्णवी पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ भाजपा नेत्री प्रज्ञा पाठक शर्मा ने भगवान की आरती और नारियल फोड़कर किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति को बढ़ाने के लिए ऐसी यात्राएं आयोजित होती रहनी चाहिए। यह यात्रा सेक्टर बीटा-2 में स्थित जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ हुई और सेक्टर जीटा-1 में स्थित इस्कॉन सेंटर पर समाप्त हुई। जिसमें भारी संख्या में नारी शक्ति ने हिस्सा लिया। इस दौरान मृदंग और हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन से शहर को कृष्ण मय बना दिया। इस पदयात्रा में दिल्ली, नोएडा और मेरठ आदि शहरों से भी 250 से अधिक भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के पश्चात सभी के लिए प्रसादम की व्यवस्था भी की गई। पूर्णानंदी राधा देवी दासी माताजी ने बताया कि इस्कॉन ग्रेटर नोएडा के अध्यक्ष अतुल कृष्ण दास के मार्गनिर्देशन में यह यात्रा सकुशल सम्पन्न हुई। इस पद यात्रा का उद्देश्य भगवान कृष्ण के नाम उनकी शिक्षाओं को जनमानस तक पहुंचाना और अपनी प्राचीन संस्कृति को पुनर्जीवित करना है। देवी दासी ने बताया कि आगे भी इस तरह की यात्राएं आयोजित होती रहेंगी।

### चुनाव के बाद लोगों से मिले सांसद डॉ. महेश शर्मा

**नोएडा।** लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं सांसद डॉ. महेश शर्मा अपने संसदीय क्षेत्र के मतदान समाप्त होने के बाद रोज की तरह अपने दैनिक कार्य में व्यस्त हो गए हैं। शनिवार को भी उन्होंने नोएडा के सेक्टर-27 स्थित कैलाश हॉस्पिटल के कार्यालय में पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा आम लोगों से बातचीत की और उनसे मुलाकात की। आपको बता दें कि नोएडा सांसद डॉ. महेश शर्मा का ने प्रात:11.00 बजे से 3.00 बजे तक क्षेत्र की सम्मानित जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएँ सुनी। डॉ. महेश शर्मा शाम को भारत विकास परिषद नोएडा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए तथा कई लोगों से मुलाकात की। इस मौके पर नोएडा के सतेंद्र नागर, सेवानंद शर्मा, सुरेंद्र कुमार गोयल मौजूद रहें । कार्यालय में नोएडा के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने डीएन सिंह, हरिश्चंद्र भाटी, धर्मवीर यादव, विष्णु दत्त सिंह, जिनेंद्र चौरसिया, शलभ शर्मा, जितेंद्र भाटी, आशीष मिश्रा, मनोज कुकरेती, उधम सिंह, रमेश शेखर, कृष्णा देवी, रवि शर्मा मनीष उनियाल, अमरनाथ भगत, राकेश सिंह, किशोर कुमार, प्रियंक कुमार, संजीव कुमार गुप्ता से मुलाकात की।

# प्राधिकरण ने जमीन से हटाया अवैध अतिक्रमण

- सीईओ के निर्देश के बाद अधिकारियों ने की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने भू-माफिया के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए 1500 वर्ग मीटर जमीन को बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त करा लिया। प्राधिकरण द्वारा की जा रही इस कार्रवाई का भू-माफिया तथा कुछ लोगों द्वारा विरोध किया गया लेकिन पुलिस बल को देखकर वह भाग चले। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 7 करोड़ रुपए बताई जा रही है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने प्राधिकरण के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगया जाए। जहां पर भी अवैध निर्माण या कब्जा किया गया है। उसे तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। उक्त निर्देशों के क्रम में नोएडा प्राधिकरण की अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर विभिन्न भू-माफियाओं द्वारा किये जा रहे अतिक्रमणों के खिलाफ वर्क सर्किल-9 एवं भूलेख विभाग की टीम द्वारा ग्राम-गुलावली के खसरा संख्या 581 पर पुलिस बल के साथ प्रभावी कार्यवाही करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही संपादित की गयी।

अतिक्रमणकर्ता द्वारा प्राधिकरण की उक्त भूमि पर गार्टर पटिया डालकर मकान बनाया गया था। यहां पर कुछ लोग परिवार के साथ रह भी रहे थे। इस जमीन को खाली करने के लिए वर्क सर्किल-9 के द्वारा पूर्व में नोटिस भी भेजा गया था। इसके बावजूद इस जमीन को भू-माफियाओं ने खाली नहीं किया। इस पर प्राधिकरण द्वारा भारी पुलिस बल के साथ बुलडोजर चलाकर उक्त मकान को ध्वस्त किया गया।

## किशोरी ने बात करने से मना किया तो गले पर किया था ब्लैड से वार, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट के दौलतपुरा में रामक्यास के मकान में किराये पर रहने वाली किशोरी के गले पर ब्लेड से वार कर हत्या के प्रयास के मामले में सिहानी गेट पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी के बात करने से मना करने से नाराज होकर गुस्से में शंकर ने उस पर वार किया था।

एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शंकर आजमगढ़ के जैनपुर के गांव अलियावाद कटांयी का रहने वाला है। हाल में वह कविनगर के विवेकानंदनगर में रह रहा था। पूछताछ में शंकर ने बताया कि उसकी एक लड़की से दोस्ती हो गई। उनके बीच अच्छी जान पहचान हो गई। वह अक्सर उससे दौलतपुरा में मिलने जाता था। अचानक उसने उससे बात करना बंद कर दिया। कई दिनों तक बात नहीं की तो वह 24 अप्रैल को उसके घर गया। जहां उससे बात न करने का कारण पूछा तो उसने बात करने से साफ इन्कार कर दिया। इस बात पर उनके बीच झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर जेब से ब्लेड निकालकर उसने उसके के गले पर वार कर दिया। खून निकलता देख वह घबरा गया और मौके से भाग गया। मामले में मकान मालिक रामक्यास ने मुकदमा दर्ज कराया है। किशोरी नौ महीने पहले गोरखपुर से एक युवक के साथ दिल्ली आ गई थी।

## बच्चे की सांस नली में खाना फंसा, मौत

**गाजियाबाद।** पार्क में खाना खाते समय बच्चे की सांस नली में खाना फंस गया, जिससे छह साल के बच्चे की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी हालांकि परिजनों ने बच्चे का पोस्टमार्टम और कार्रवाई से मना कर दिया।

एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि मोहम्मद नसीम छह वर्षीय बेटे वसीम और पत्नी के साथ रहते हैं। वसीम दोपहर में पार्क में खेल रहा था। अचानक वह गिरकर बेसुध हो गया। शोर मचाने पर परिजन और अन्य लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने वसीम को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वसीम ने दोपहर में खाना खाया था। संभवत: खाने का श्वास की नली में फंस गया।

# रवि काना के काले कारोबार में फाइनेंस देखती थी काजल झा

- आठ साल पहले स्क्रैप माफिया के गैंग में जुड़ी थी
- सह आरोपी को लग्जरी लाइफ जीने का रहा है शौक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



स्क्रैप माफिया रवि काना की महिला मित्र काजल झा के पिता स्क्रैप माफिया रवि काना के काले कारोबार में मुंशी का काम देखते थे। इसी बीच काजल झा स्क्रैप माफिया रवि काना के संपर्क में आ गई। रवि की दोस्ती ने उसे गैंगस्टर बना दिया। इसके बाद वह मालकिन बन गई। काजल झा माफिया के काले कारोबार के फाइनेंस का काम देखती थी। कंपनियों का लेखा-जोखा काजल झा के पास रहता था।

मूल रूप से बिहार के रहने वाले सुनील कुमार ग्रेटर नोएडा की जेपी ग्रीन सोसाइटी में रहते हैं। पुलिस के मुताबिक सुनील कुमार स्क्रैप माफिया रवि काना के यहां मुंशी का काम देखते थे। करीब आठ साल पहले माफिया ने मुंशी की बेटी काजल झा को अपने गैंग में शामिल कर लिया। काजल झा ग्रेटर नोएडा के एक कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई कर चुकी है। इसके चलते माफिया ने गैंग में उसे फाइनेंस का काम देखने के लिए जिम्मेदारी दे दी। काजल झा धीरे-धीरे माफिया रवि काना की करीबी होती चली गई और वह मालकिन बन गई।

रवि ने काजल के नाम पर दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक बंगला खरीदा। बंगले में रहकर काजल झा लाइफ स्टाइल जिंदगी जी रही थी। काजल झा महंगे कपड़े, जूते, घड़ी चश्मा और अच्छे खानपान की शौकीन है। पुलिस की गिरफ्तारी के दौरान भी काजल ब्रांडेड कपड़े, जूते और टोपी पहने हुए दिखाई दी। स्क्रैप माफिया रवि काना के परिवार ने भी उसकी जान को लेकर चिंता जाहिर की है। माफिया की मां ने चार दिन पहले सोशल मीडिया के जरिए पोस्ट शेयर कर बेटे की जान की सुरक्षा की गुहार लगाई थी। रवि की मां ने पूर्व में हुए छोटे बेटे की हत्या का भी जिक्र किया था, जिसके चलते उसे अब अपने बेटे रवि की हत्या का डर सता रहा है।

ज्ञात हो कि स्क्रैप माफिया रवि काना और उसकी महिला मित्र काजल झा को थाईलैंड पुलिस ने शुक्रवार को इंटरपोल के माध्यम से भारत डिपोर्ट किया। नॉलेज पार्क थाना पुलिस और स्वाट टीम ने दिल्ली एयरपोर्ट से दोनों को गिरफ्तार किया। थाईलैंड पुलिस ने मंगलवार को रवि काना और काजल झा को बैंकॉक में पकड़ा था। शनिवार को दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# दो मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी

- इंजीनियर ने कंपनी अधिकारियों को दी सूचना, मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के छपरौला गांव के पास अलग-अलग दो स्थानों पर लगे मोबाइल टावरों से दो आर आर यू एवं अन्य कीमती उपकरण चोरी कर लिए गए हैं।

दोनों घटनाओं की रिपोर्ट ढाई महीने बाद कोतवाली में दर्ज पुलिस ने की है । पुलिस चोरों की तलाश में लगी है । पुलिस ने बताया कि शिवम इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के दो मोबाइल टावर छपरौला के पास भारत धर्म कांटे एवं केला देवी ट्रेडर्स बिल्डिंग की छत पर लगे हैं। टावरों की देखने के लिए कंपनी के टेक्नीशियन रिंकू पाल करते हैं। उनके पास सूचना पहुंची की केला देवी ट्रेडर्स बिल्डिंग की छत पर लगे टावर से एक सेक्टर डॉउन आ रहा है। जब वह जांच करने के लिए ए एम पर पहुंचा तो वहां पर अंधेरा छाया हुआ था। उन्होंने इसकी सूचना इंजीनियर दिनेश यादव को दी गई थी।

दिनेश यादव ने साइट पर पहुंच कर जांच किया तो पाया टावर से आर आर यू व अन्य सहायक उपकरण चोरी कर लिए गए हैं। दूसरी साइड पर एयरटेल का टावर लगा था। उसका भी आरआरयू व कीमती उपकरण चोरी पाए गए।

दोनों घटनाओं की सूचना इंजीनियर ने कंपनी अधिकारियों को दी। उसके बाद घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई। पुलिस ने जांच के नाम पर करीब ढाई माह तक टरकाती रही। ढाई माह बाद घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस चोरों की तलाश में लगी है ।

## आबकारी विभाग ने बियर की दुकानों पर मारा छापा

**नोएडा।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के सैंथली गांव रोड पर बियर की दुकान को अलग स्थान पर चलाने को लेकर आबकारी अधिकारी ने छापा मारकर सीज कर दिया। पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा शराब पीकर करने के विरोध में ग्रामीणों ने हंगामा कर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने समझा बुझाकर कार्रवाई न करने का आश्वासन देकर मामला शांत कर दिया। पुलिस ने बताया कि जारचा कोतवाली क्षेत्र के सैंथली गांव रोड पर बियर की दुकान अनिल कुमार सेल्समैन है। बियर की दुकान को लाइसेंस अनुसार अलग स्थान पर खोल लिया गया। जिसकी शिकायत आबकारी विभाग में की गई थी। शनिवार शाम को सूचना मिलने पर आबकारी अधिकारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। लाइसेंस अनुसार दुकान अलग स्थान पर होने के चलते दुकान को बंद कराया।

## चमड़ा कंपनी की बिल्डिंग में लगी भीषण आग, लाखों का माल जला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-65 में एक बिल्डिंग में आग लगाने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

समाचार लिखे जाने तक किसी के हताहत की कोई सूचना नहीं मिली। थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर 65 स्थित डी-41 अपोलो ग्रीन्स में स्थित चमड़ा कंपनी की बिल्डिंग में आग लगी थी। नोएडा मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सुबह 4.30 बजे कंपनी में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद 15 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर हाईटेंशन की लाइन थी जिससे आग पर काबू पाने में परेशानी हो रही थी। इसलिए पहले हाईटेंशन की लाइन के तार काटे गए इसके बाद आग पर काबू पाया गया। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि कंपनी बंद होने के कारण इसमें कोई हताहत नहीं हुआ और न ही किसी के घायल होने की कोई खबर है। हालांकि लाखों का माल जलकर खाक हो गया।

# 25 मई से पहले खत्म हो जाएगा इंडिया गुट : सचदेवा

## अरविंदर लवली के इस्तीफे पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कसा तंज, अपने ही लोगों के विरोध में फंसी कांग्रेस

- शहजाद पूनावाला ने कहा, कन्हैया कुमार को टिकट देने से ठगे गए दिल्ली के कांग्रेस कार्यकर्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा ने रविवार को दावा किया कि कांग्रेस और आप का गठबंधन 'केवल राजनीतिक कारणों से' हैं। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को दावा किया कि दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर लवली ने पद से इस्तीफा दे दिया क्योंकि वह देश को विभाजित करने और बहुसंख्यक समुदाय का अपमान करने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं कर सकते।

सचदेवा ने यह भी दावा करते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा कहा है कि यह पार्टियों के एक साथ आने के बारे में नहीं बल्कि दिलों के एक साथ आने के बारे में है और यह आज साबित हो गया जब लवली ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने दावा किया 25 मई से पहले इंडिया गठबंधन पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।


प्रेस वार्ता में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव और अन्य वरिष्ठ नेता। फोटोः रंजन डिमरी

राष्ट्रीय राजधानी में भारत गठबंधन में विरोधाभासों पर प्रकाश डालते हुए, भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा, कांग्रेस पार्टी के पास कोई मिशन या दृष्टिकोण नहीं है, यह केवल भ्रम, विभाजन और विरोधाभास में डूबा हुआ है। हमने देखा है कि यह कैसे चल रहा है, खासकर दिल्ली में। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली की सड़कों पर इस बात का विरोध कर रहे थे कि ऐसे लोगों को टिकट क्यों दिया गया, जिनका दिल्ली से कोई लेना-देना नहीं है, जैसे कि कन्हैया कुमार, जिन्होंने सशस्त्र बलों को गाली दी थी और नक्सलियों को शहीद कहा था। कांग्रेस और आप गठबंधन पर पूनावाला ने कहा कि पार्टियां केवल राजनीतिक कारणों से एक साथ आई हैं। आप ने दिल्ली में कांग्रेस के अस्तित्व को पूरी तरह से खत्म कर दिया था, उन्होंने कहा था कि वे शीला दीक्षित और सोनिया गांधी को जेल में डाल देंगे। कांग्रेस ने शिकायत की थी कि कैसे आप शराब घोटाले में शामिल है। लेकिन केवल राजनीतिक कारणों से, वे एक साथ आए हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि मतदाता एक साथ आएंगे, आज कांग्रेस अपने नेताओं को बनाए रखने में असमर्थ है क्योंकि उसके अपने नेता कांग्रेस को उसके पाखंड के लिए आईना दिखा रहे हैं।

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और दक्षिणी दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि लवली का इस्तीफा दिखाता है कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सबसे पुरानी पार्टी किस तरह हतोत्साहित है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने हार स्वीकार कर ली है। वीरेन्द्र सचदेवा ने मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर की मौजूदगी में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इंडिया गुट के खत्म करने का कारण भी कांग्रेस ही हैं जिसने कन्हैया कुमार एवं उदित राज जैसे लोगों को टिकट दिया जो देश को तोड़ने और बहुसंख्यक समाज को गाली देने का काम करते हैं। हर वह व्यक्ति जो भारत को विकसित देखना चाहता है, जिसको देश की तरक्की देखना है, वह कभी ऐसे गठबंधन के साथ नहीं होगा जिसमें केजरीवाल जैसे भ्रष्टाचारी और कन्हैया कुमार जैसे राष्ट्र विरोधी लोग हो। अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे का संकेत तो उसी दिन मिल गया था जब राजकुमार चौहान ने पत्र लिखा था। सचदेवा के अनुसार, चाहे राजकुमार आनंद हो, राजकुमार चौहान या फिर अरविंदर सिंह लवली ने इस्तीफा दिया है। उनके पत्र में भ्रष्टाचार मूल विषय के साथ अरविंद केजरीवाल मुख्य कारण रहे। इसके अलावा कन्हैया कुमार को टिकट देना भी प्रमुख कारणों में से एक है। कोई भी व्यक्ति जिसके अंदर देश प्रेम हो वह देश के टुकड़े टुकड़े करने की बात करने वाले कन्हैया कुमार के साथ खड़ा नहीं हो सकता। भाजपा नेता ने कहा कि जिस परिवारवाद को केजरीवाल कोसते थे आज उसे ही आगे बढ़ा रहे हैं और अरविंदर सिंह लवली का इस्तीफा देना अभी शुरूआत है क्योंकि अभी इस्तीफे का सिलसिला आगे भी जारी रह सकता है।

# लवली के इस्तीफे से पार्टी का आंतरिक कलह हुआ सार्वजनिक

- राजधानी में लोस चुनाव अभियान को लग सकता है झटका


संदीप दीक्षित


रामकुमार चौहान

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की सात सीटों पर लोकसभा चुनाव होने में एक माह से भी कम समय से पहले दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली के चौंकाने वाले इस्तीफे ने देश की सबसे पुरानी पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान को अधर में डाल दिया है। लवली के इस्तीफे के साथ पार्टी की गुटबाजी को उजागर करने के साथ रविवार को नेताओं के एक वर्ग ने एआईसीसी प्रभारी दीपक बाबरिया को हटाने की मांग की।

बाबरिया ने संवाददाताओं से कहा, वह (लवली) सभी समितियों और पैनलों का हिस्सा थे, उन्हें उसी समय अपनी आपत्तियां उठानी चाहिए थी। जो कोई भी किसी पार्टी या पद से खुद को दूर करता है, वह ऐसा करने का कारण ढूंढता है।

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री और मंगोलपुरी से चार बार के विधायक राजकुमार चौहान, जिन्होंने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया, ने एक वीडियो में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को संबोधित करते हुए उनसे दिल्ली मामलों के प्रभारी दीपक बाबरिया पर हमलावर होते हुए पद से हटाने का आग्रह किया और लवली का फैसले का समर्थन किया।

चौहान ने कहा, लवली ने इस्तीफा दे दिया है। मैंने भी इस्तीफा दे दिया है। दिल्ली प्रभारी ने मुझे एक बैठक से बाहर निकलने के लिए कहा। उन्होंने कहा, दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया को दिल्ली से हटाएं और कांग्रेस को बचाएं। न केवल तानाशाही की बल्कि वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को अपमानित भी किया। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि पार्टी को नष्ट करने के लिए बाबरिया को दिल्ली कांग्रेस प्रभारी नियुक्त किया गया था।

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने पद से इस्तीफे पर लवली के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और कहा, कांग्रेस अध्यक्ष और एक कांग्रेस कार्यकर्ता होने के नाते, उन्हें (अरविंदर सिंह लवली) व्यक्तिगत दर्द है। उनका दर्द यह है कि हम अपनी पुरानी प्रतिष्ठा वापस लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दिल्ली में कांग्रेस का अध्यक्ष बनना कांटों भरा ताज है, इसके बावजूद उन्होंने पिछले 6-8 महीनों में कड़ी मेहनत की और पार्टी को खड़ा किया। दीक्षित लवली से मिलने उनके आवास पर भी गये। आगे उन्होंने कहा कि सभी को लग रहा है कि कांग्रेस धीरे-धीरे अपनी पुरानी प्रतिष्ठा वापस हासिल कर रही है।

दीक्षित ने कहा, सभी को लगा कि कांग्रेस धीरे-धीरे जाग रही है और जब हमें 2 या 3 सीटें मिलती हैं तो ऐसा लगता है कि अगर हम कांग्रेस के सभी लोगों की सहमति से लोगों को सीटें देंगे तो भविष्य में काम बेहतर होगा।

# सीएम केजरीवाल के समर्थन में वॉकथॉन

- आप नेताओं ने चलाया 'जेल का जवाब वोट से' अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


आप की युवा शाखा ने 'वॉक फॉर केजरीवाल का' आयोजन किया।

आम आदमी पार्टी (आप) की युवा शाखा ने रविवार को 'जेल का जवाब वोट से' अभियान के तहत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समर्थन में वॉकथॉन 'वॉक फॉर केजरीवाल का' आयोजन किया। पार्टी ने कहा, अरविंद केजरीवाल की साजिशपूर्ण गिरफ्तारी के खिलाफ पूरी दिल्ली एकजुट हुई।

दक्षिणी दिल्ली के देशबंधु कॉलेज के पास आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा और समर्थक शामिल हुए। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी, राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता और राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता के साथ आप के लोकसभा उम्मीदवार सोमनाथ भारती और सहीराम पहलवान भी मौजूद थे। लोग 'जेल का जवाब वोट से' स्लोगन लिखी पीली टी-शर्ट पहने हुए थे और हाथों में आप के झंडे लिए हुए थे।

कार्यक्रम स्थल पर भाजपा की तथाकथित वॉशिंग मशीन भी लगाई गई थी। भारद्वाज ने लोगों को बताया कि कैसे बीजेपी की इस वॉशिंग मशीन में धुलने के बाद भ्रष्ट नेताओं के सारे पाप धुल जाते हैं। आप मंत्री ने कहा, एक बार जब इन नेताओं को भाजपा की वॉशिंग मशीन में डाल दिया जाता है, तो वे बेदाग निकल आते हैं और उन्हें लोकसभा उम्मीदवारों और मुख्यमंत्रियों जैसे बड़े पद दिए जाते हैं। भारद्वाज ने कहा कि जिस तरह से केजरीवाल को जेल भेजा गया है उसके विरोध में दिल्ली की जनता 'जेल का जवाब वोट से' अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि एक मधुमेह रोगी (केजरीवाल) को एक महीने तक इंसुलिन नहीं दिया गया, उसे मारने की कोशिश की गई। उन्हें अपने परिवार और सांसदों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि यह स्पष्ट है कि केजरीवाल को तोड़ने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वह झुकने वाले नहीं हैं।आप के वरिष्ठ नेता ने कहा कि यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री चिंतित हैं और भाजपा घबराई हुई है। यह घबराहट उनके प्रचार अभियान में हर दिन दिख रही है। जब अभियान शुरू हुआ तो प्रधानमंत्री कहते थे कि मैं 2047 तक ये करूंगा, मेरे पास 20 साल का रोड मैप है। वह दावा कर रहे थे कि 400 सीटें पार करने के बाद वह देश को कैसे आगे ले जायेंगे।

भारद्वाज ने कहा कि अगर भाजपा तीसरी बार जीती तो वह संविधान बदल देगी। ये लोग 2024 की बात भी नहीं कर रहे हैं, सीधे 2047 पर कूद रहे हैं। भाजपा अगले 25 साल का पूरा रोडमैप बताते हुए बड़े-बड़े दावे कर रही थी लेकिन अब प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि अगर विपक्षी दल सत्ता में आई तो ऐसा होगा, वैसा होगा। प्रधानमंत्री अब देख रहे हैं कि इस बार विपक्षी दल सरकार बनाने जा रहा है और पूरा देश इस बात को समझ रहा है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के लोग इस वॉकथॉन के जरिए केजरीवाल के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करने आए हैं।

# भारत नगर में पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या

- चार माह से मायके रह रही थी महिला, चल रहा था पति से विवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पारिवारिक कलह के चलते युवक ने शनिवार शाम सरेआम अपनी ही पत्नी की चाकू गोदकर हत्या कर दी। मामला भारत नगर इलाके का है। पुलिस ने आरोपी पति जावेद को गिरफ्तार कर लिया और वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भारत नगर पुलिस को शनिवार देर शाम दीपचंद बन्धु अस्पताल से अफसाना नाम की महिला को चाकू मारने की सूचना मिली थी। युवती के गर्दन,छाती और कमर में चाकू मारे हुए थे।



डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अफसाना की बहन ने बताया कि यह हत्या उसी के पति जावेद ने की है। जिसको उसके ठिकाने पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि अफसाना पति से अनबन के कारण अपने मायके में बच्चों को लेकर रह रही थी। जावेद उसको कई बार लेने भी आया था। अफसाना शनिवार को बहन और बच्चों के साथ बाजार जा रही थी, उसी समय जावेद ने उससे बात करने की कोशिश की थी। विवाद होने पर जावेद ने उसके गर्दन, छाती, और कमर आदि में चाकू मार दिया था।

# सुनीता को तिहाड़ में केजरीवाल से मिलने की नहीं मिली अनुमतिः आप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

तिहाड़ जेल प्रशासन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता को अपने पति से 29 अप्रैल को मिलने की अनुमति नहीं दी।

आम आदमी पार्टी (आप) के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। जेल प्रशासन ने इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। पार्टी सूत्रों ने कहा, सुनीता केजरीवाल सोमवार को उनसे मिलने वाली थीं लेकिन तिहाड़ प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। जेल प्रशासन ने अनुमति नहीं देने की कोई वजह नहीं बताई। जेल नियमावली के मुताबिक एक समय पर दो व्यक्ति कैदी से मिल सकते हैं तथा हफ्ते में अधिकतम चार लोग कैदी से मिल सकते हैं। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी का सोमवार को केजरीवाल से मिलने का कार्यक्रम है।


### मुख्यमंत्री भगवत मान कल सीएम से मुलाकात करेंगे

***नई दिल्ली।*** *पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 30 अप्रैल को तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करेंगे। आम आदमी पार्टी के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। तिहाड़ में मान की केजरीवाल से यह दूसरी मुलाकात होगी।*

# तानाशाही के खिलाफ वोट करेंः सुनीता

- पश्चिमी दिल्ली के आप प्रत्याशी महाबल के पक्ष में किया रोड शो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने रविवार को जनता से 'मां भारती की बेटी' के रूप में तानाशाही के खिलाफ वोट करने और लोकतंत्र को बचाने की अपील की।

सुनीता केजरीवाल ने आप उम्मीदवार महाबल मिश्रा के लिए समर्थन मांगा, तो उन्होंने अपने पति को 'शेर' कहा, जिसे कोई नहीं तोड़ सकता। एक वाहन की सनरूफ के माध्यम से खड़ी सुनीता ने मतदाताओं का अभिवादन किया और उन पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को जेल में डाल दिया गया क्योंकि उन्होंने स्कूल बनाए, मुफ्त बिजली मुहैया कराई और मोहल्ला क्लीनिक खोले। उन्होंने कहा, आपका मुख्यमंत्री शेर है। उसे कोई तोड़ नहीं सकता, झुका नहीं सकता। वह मां भारती का सपूत है। मां भारती की बेटी होने के नाते मैं आपसे अपील करती हूं कि आप तानाशाही के खिलाफ वोट करें और लोकतंत्र बचाएं। कृपया अपने वोट की कीमत समझें और इसका सदुपयोग करें।

# अमन विहार में फांसी के फंदे से लटका मिला महिला का शव

- मायके वालों ने हत्या का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शादी के चार महीने के बाद युवती का शव ससुराल में लटका मिला है। यह मामला अमन विहार इलाके के है।

महिला के मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक महिला की पहचान सुल्तानपुरी, अमन विहार की रहने वाली दीपाशा(21)के रूप में हुई है। पिछले साल 16 दिसंबर को दीपाशा की अमन विहार के बलबीर नगर इलाके में रहने वाले हरीकिशन उर्फ बंटी से शादी हुई थी। जो प्राईवेट नौकरी करता है। दीपाशा के परिजनों ने बताया कि शनिवार सुबह दीपाशा को फोन करके उसकी मां ने बैग मंगवाया था।

हरीकिशन ने बताया कि दीपाशा ने चौथी मंजिल स्थित कमरे में जाकर फांसी लगा ली है। परिवार मौके पर पहुंचा। ससुराल वालों ने सवालों के जवाब नहीं दिये। पुलिस को मामले की जानकारी दी। ससुराल वालों पर दीपाशा को मारकर फांसी पर चढ़ाने का आरोप लगाया।

# केजरीवाल की याचिका पर आज होगी सुनवाई

- केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार यानी 29 अप्रैल को सुनवाई करने वाला है, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ इस मामले पर सुनवाई कर सकती है। केजरीवाल ने पहले शीर्ष अदालत से कहा था कि इस मामले में उनकी अवैध गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और संघवाद पर आधारित लोकतंत्र के सिद्धांतों पर एक अभूतपूर्व हमला है। इस मामले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर दायर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जवाबी हलफनामे के प्रत्युत्तर में केजरीवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उनकी गिरफ्तारी का तरीका और समय एजेंसी की मनमानी के बारे में बहुत कुछ कहता है। उन्होंने कहा है कि उनकी गिरफ्तारी ऐसे समय हुई जब चुनाव से संबंधित आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। केजरीवाल ने दावा किया कि यह एक प्रमुख मामला है कि कैसे केंद्र ने आम आदमी पार्टी (आप) और उसके नेताओं को कुचलने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी और इसकी व्यापक शक्तियों का दुरुपयोग किया है।

इसमें दावा किया गया है कि आम चुनाव की घोषणा होने और आदर्श आचार संहिता लागू होने के पांच दिन बाद ईडी ने एक मौजूदा मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय विपक्षी दलों में से एक के राष्ट्रीय संयोजक को अवैध रूप से पकड़ लिया। केजरीवाल ने कहा कि समान अवसर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की एक पूर्ववर्ती जरूरत है, लेकिन उनकी अवैध गिरफ्तारी से इसका स्पष्ट उल्लंघन हुआ है। ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया था।

# तेज रफ्तार जगुआर कार ने तीन वाहनों को टक्कर मारी, 3 घायल



- धौलाकुआं इलाके में हुआ हादसा, गलत दिशा में वाहन चला रहा था आरोपी चालक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में एक तेज रफ्तार कार ने तीन वाहनों को टक्कर मार दी जिससे एक कैब चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के धौलाकुआं इलाके में तड़के उस समय हुई, जब एक कार (जगुआर) ने कैब और दो अन्य वाहनों को टक्कर मार दी। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा, सुबह लगभग चार बजकर 55 मिनट पर तीन गाड़ियों के दुर्घटनाग्रस्त होने और तीन लोगों के घायल होने की पीसीआर कॉल मिली। मौके पर भेजी गई पुलिस की एक टीम ने पाया कि घायलों को कुछ अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

पुलिस उपायुक्त के मुताबिक बाद में सुबह आठ बजकर 32 मिनट पर पुलिस को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल से कैब चालक हरजीत सिंह और दो अन्य लोगों के बारे में सूचना मिली, जो उसी कैब में सवार थे। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया दुर्घटनाग्रस्त वाहनों में से एक कार गलत दिशा से आ रही थी।

पुलिस अधिकारी ने कहा, एक प्रत्यक्षदर्शी ने हमें बताया कि जब वे सो रहे थे तो उन्होंने एक तेज आवाज सुनी, जिसके बाद उन्होंने देखा कि दो कारों में टक्कर हुई, जिसमें से एक कार दो अन्य वाहनों से टकरा गई, जबकि दूसरी कार (कैब) डिवाइडर से टकराकर रुक गई। सूत्रों के अनुसार कार (जगुआर) में एक पुरुष और एक महिला सवार थे, जिन्हें दुर्घटना में मामूली चोटें आईं और वे घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गए। उन्होंने कहा, हमने कार (जगुआर) के मालिक की पहचान कर ली है, जो दुर्घटना के बाद मौके से भाग गया। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम को रवाना कर दिया गया है।

पुलिस उपायुक्त मीणा ने कहा कि जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या दुर्घटना में और लोग घायल हुए हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी धीरज गुप्ता ने बताया कि वह सो रहा था और अचानक एक तेज आवाज हुई और वह उठ बैठा। तब देखा कि गलत दिशा से आ रही दो कारें आपस में टकरा गईं। कार में दो लोग सवार थे, जिसमें एक एक लड़का था और एक लड़की। उन्हें मामूली चोटें आईं हैं। कैब में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ड्राइवर को गंभीर चोटें आईं। इस बीच 100 नंबर पर जानकारी देकर पीसीआर को बुलाया जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

# गाड़ी चलाते समय मोबाइल इस्तेमाल के बढ़े मामले

- 1 जनवरी से 15 अप्रैल तक 149 फीसदी की वृद्धि के साथ आंकड़ा 15,846 पहुंचा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में एक जनवरी से वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के इस्तेमाल से संबंधित मुकदमों में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 149 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

दिल्ली की यातायात पुलिस के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। दिल्ली की यातायात पुलिस द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन के इस्तेमाल से कानूनों के उल्लंघन में तेजी से वृद्धि हुई है।

आंकड़ों के मुताबिक एक जनवरी से 15 अप्रैल तक, इस अपराध के लिए कुल 15,846 मोटर चालकों पर मामला दर्ज किया गया, जो 2023 में दर्ज किए गए 6,369 मामलों से काफी अधिक है। यातायात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हाल के महीनों में, यातायात पुलिस ने गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन के इस्तेमाल में चिंताजनक वृद्धि देखी है। इस चिंताजनक प्रवृत्ति ने इकाई को सभी सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने के लिए प्रेरित किया है। पुलिस के अनुसार डिफेंस कॉलोनी, पंजाबी बाग, करोल बाग और सफदरजंग एन्क्लेव सहित शीर्ष दस यातायात सर्किल का गहन विश्लेषण किया गया।



आंकड़ों से पता चलता है कि 2024 में सबसे ज्यादा चालान भी दिल्ली की यातायात पुलिस ने ही काटे हैं। पुलिस ने कहा कि दिल्ली की यातायात पुलिस वाहन चालकों को गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन के इस्तेमाल के खतरों के बारे में शिक्षित करने के लिए जन जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से जुटी हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हम लोगों से वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से परहेज करके सड़कों पर सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह करते हैं।

# वाहन चोर का सरगना यूपी के बदायूं में धरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पाजी गैंग के सरगना गुरबख्श सिंह उर्फ रिंकू उर्फ घोड़ा को गिरफ्तार बदायूं से गिरफ्तार किया है। जिसकी दिल्ली पुलिस को कई केसों में तलाश थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में अपराध और ऑटो चोरी की आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सक्रिय पाजी गिरोह पर नजर रखा गया। आरोपी को उसके ठिकाने पर घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह तिलक नगर के ऑटो चोरी के 3 मामलों में वांछित है और 2021 से विभिन्न पुलिस स्टेशनों के अन्य 07 मामलों में भी वांछित है क्योंकि वह मुकदमे से फरार था। उसने अपना पता भी चंदर विहार दिल्ली से बदलकर अलवर कर लिया था।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 29 अप्रैल, 2024



# पहली बार घर से मतदान कर सकेंगे दिव्यांग व बुजुर्ग, पात्र लोगों को फार्म 12-डी भरकर करवाना होगा जमा

● गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक उम्र के हैं 35 हजार 559 मतदाता

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम।

गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल 35 हजार 559 मतदाता हैं। 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 15 हजार 231 है। जिला में सर्विस वोटर्स की संख्या 11 हजार 349 है। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में पहली बार घर से ही मतदान की सहूलियत दी जा रही है।

इस बार लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र के लोग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले लोग घर से वोट डाल सकेंगे। लोकसभा चुनाव में पहली बार यह सुविधा दी जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के अंदर संबंधित क्षेत्र के बीएलओ चिह्नित मतदाताओं के घर-घर जाकर फार्म 12-डी भरवाकर जमा करेंगे। इसमें मतदाता की स्वेच्छा है कि वह फार्म भरे या न भरे। वह मतदान केंद्र पर भी जाकर अपने मतदान का प्रयोग कर सकता है। इसका उद्देश्य है कि अधिक से अधिक बुजुर्ग और दिव्यांग मतदान का प्रयोग कर सकें।



गुरुग्राम लोकसभा में कुल 25 लाख 33 हजार 958 मतदाता

गुरुग्राम लोकसभा में कुल 25 लाख 33 हजार 958 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें पुरुषों की संख्या 13 लाख 51 हजार 239 है। वहीं 12 लाख 2 हजार 641 की संख्या के साथ महिला वोटर्स की भी अच्छी खासी भागीदारी है। उन्होंने बताया कि गुरग्राम लोकसभा क्षेत्र में थर्ड जेंडर वोटर्स की संख्या 78 है। 25 मई को मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। गुरुग्राम लोकसभा संसदीय क्षेत्र में छठे चरण में 25 मई को मतदान किया जाना है। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के नौ विधानसभा सेगमेंट में 2407 सामान्य मतदान केंद्र, 74 सहायक मतदान केंद्र व कमजोर वर्ग के मतदाताओं के लिए 86 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### सर्विस वोटर्स बैलेट पेपर के माध्यम से देंगे वोट

जिला में कार्यरत व आवश्यक सेवाओं से जुड़े सर्विस वोटर्स बैलेट पेपर के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में अपना मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार गुरुग्राम लोकसभा से संबंध रखने वाले वे सर्विस वोटर्स जिनकी चुनावी ड्यूटी गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में लगाई गई है। उन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। जिसके आधार पर वे अपने ड्यूटी बूथ पर ही मतदान कर सकेंगे।

### प्रत्येक विधानसभा में बनेंगे विशेष बूथ

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव के मुताबिक गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र की प्रत्येक विधानसभा में विशेष कैटेगरी के बूथ बनाए जाएंगे, जिसमें उसी कैटेगरी से सम्बंधित लोग चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न कराएंगे। इसमें प्रत्येक विधानसभा में एक दिव्यांग बूथ, महिलाओं के लिए एक पिंक बूथ व यूथ बूथ नाम से भी एक बूथ बनाया जाएगा, जिसमें 30 साल से कम उम्र के वोटर्स को चुनावी ड्यूटी की जिम्मेदारी दी जाएगी।

# नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू

## उम्मीदवार को लघु सचिवालय परिसर के अंदर केवल 3 गाड़ियों की अनुमति

● 6 मई को सुबह 11 से 3 बजे तक चलेगी प्रकियाः उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

लोकसभा चुनाव-2024 की नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ ही शुरू हो जाएगी। अधिसूचना जारी होने के बाद छह मई तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे, इस बीच 5 मई को रविवार का अवकाश रखा गया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता में दी।

नामांकन पत्र की 7 मई को सुबह 11 बजे जांच होगी। 9 मई को दोपहर 3 बजे तक तक उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। इसके उपरांत 9 मई को ही दोपहर 3 बजे चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। नामांकन लघु सचिवालय स्थित डीसी कोर्ट रूम में लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पूरी हैं। नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों और आवेदनों की जांच व अन्य सभी तैयारियों के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की गयी है। नामांकन का कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाया जाएगा। इसके लिए सभी नामांकनों की जांच, सुरक्षा राशि सहित सभी कार्यों के लिए अलग-अलग अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशी को लघु सचिवालय के परिधि के अंदर केवल 3 गाड़ियां लाने की अनुमति दी गयी है। वहीं नामांकन कक्ष में प्रत्यासी के साथ केवल तीन लोग ही अंदर आ सकेंगे। उन्होंने बताया कि चुनावी उम्मीदवार प्रचार प्रसार से संबंधी अनुमति के लिए सुविधा पोर्टल का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं हेलीकॉप्टर अथवा एक ही गाड़ी की पूरे लोकसभा क्षेत्र में अनुमति के लिए उन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी गुरूग्राम के कार्यालय में संपर्क करना होगा।



पत्रकारों से बात करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव के लिए उम्मीदवारों द्वारा रैली करने/ पोस्टर लगाने के लिए सभी 9 विधानसभा सैगमेंटों में स्थान निश्चित किए गए है। यदि कोई अन्य स्थान पर रैली इत्यादि करेगा, पोस्टर लगाएगा तो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन समझा जाएगा। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों के चुनाव खर्च पर नजर रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दो ऑबसर्वर नियुक्त किए गए हैं। चार जून को मतगणना के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती आरम्भ होगी।

## नामांकन के दौरान कड़ी सुरक्षा से गुजरना होगा उम्मीदवारों को

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि उम्मीदवारों के लिए नामांकन प्रक्रिया आज शुरू हो जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आदर्श आचार संहिता के नियमों की पालना के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को थ्री लेयर की कड़ी सुरक्षा से गुजरना होगा। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जुड़ी जानकारी के अनुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर नामांकन प्रक्रिया का कार्य 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन के साथ ही शुरू हो जाएगा। नामांकन प्रक्रिया को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। फरीदाबाद क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित जिलाधीश के कोर्ट रूम में लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नामांकन पत्र भरने का कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाया जाएगा।

# 140 करोड़ जनता मोदी का परिवार: गुर्जर

● तिगांव विधानसभा से सर्वाधिक वोटों से जीतेंगे भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जरः राजेश नागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।

आज मोदी सरकार के नाम का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। मोदीजी भारत की जनता को अपना परिवार मानते हैं। यह बात केंद्रीय राज्यमंत्री एवं फरीदाबाद लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर ने कही। वह एमआर गार्डन इस्माइलपुर में भाजपा जिला सचिव लालजी मिश्रा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि 10 साल पहले फरीदाबाद की कॉलोनियों में नाली, गली, खड़ंजा नहीं होते थे, लेकिन आज ऐसा नहीं है। हमने पहले सड़कें बनाईं, नालियां बनाईं लेकिन फिर बजट मिला तो हमने सीवर और पानी की लाइनों को डालने का काम चल रहा है। हम चुनाव के बाद कोई गली सड़क पक्की किए बिना नहीं छोड़ेंगे। गुर्जर ने कहा कि जो सामने हैं, वह 15 साल मंत्री रहे लेकिन आपके यहां झांकने तक नहीं आए। लेकिन पिछले 10 साल में देश और प्रदेश में बदलाव की बयार है।



स्वागत समारोह में अभिवादन स्वीकार करते भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि आज भारत में लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व चल रहा है क्योंकि भारत दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी है। उन्होंने कहा कि आज मोदीजी के नेतृत्व में देश बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत में सरकारी अस्पताल, एम्स, एयरपोर्ट, कॉलेज, सड़कें, हाइवे का बहुत तेजी से विकास हुआ है। आज भारत में कनेक्टिविटी की स्पीड को दुनिया देख रही है। उन्होंने लोगों से कहा कि आपने पिछली बार मुझे प्रदेश में सर्वाधिक वोट देकर जिताया था, आज आप उसी प्रकार हमारे उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर को भी सर्वाधिक मतों से जिताकर भेजें।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद ओमप्रकाश रक्षवाल, रविकान्त भड़ाना एवं राजेश तंवर, सतपाल, विनोद अवाना, पप्पी चेयरमैन, शिशु अवाना, भारती भाकुनी, सुरेंद्र बिधूडी, विजय कसाना, विवेक मिश्रा, सरदार अमरजीत, लोकेश बैंसला, सरदार प्रीतम, मुकेश, मलकीत, जगदीश प्रधान, उत्तम, जयचंद आदि अनेक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 62 साल की उम्र में बेटा होने पर किया भंडारा

**गुरुग्राम।** एक दंपति को 62 साल की उम्र में बेटा हुआ तो इस खुशी में उन्होंने पूरे गांव का देशी घी का भंडारा किया। इसमें सेंकड़ों लोगों ने शिरकत की और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विशाल जागरण भी किया गया, जिसमें रातभर धार्मिक गीतों से भक्त झूमते रहे। इस आयोजन में दूर-दराज के क्षेत्रों से भक्त पधारे। इनमें संजय मेहरौलिया, करतार सिंह फौजी, मोक्ष, मिलन भगत, राम फुल, ओमप्रकाश बहोत, नरेश बहोत, माया भक्तानी, हरिश्चंद्र, महेंद्र टांक, हरीश पलवल, अरुण बेनीवाल, धर्मवीर, चुन्नी, धर्मवीर, हनुमान कौशिक, पप्पू, राजा शामिल रहे। पुन्नीराम को 62 साल की उम्र में पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। परिवार, रिश्तेदार उन्हें बधाईयां देने में लगे हैं। पुत्र रत्न की प्राप्ति पर उन्होंने गढ़ी-हरसरू गांव स्थित श्री गुरु भभूता सिद्ध श्री जोतराम महाराज का विशाल जागरण आयोजित किया गया। ज्योति प्रचंड सर्व शिरोमणि दाद गुरू दुल्हाराम गोदारा, गुरु धर्मकोर एवं भगत भारत सरासर की छत्र छाया में भगत अजय ढीका एवं भगवान दास ने की। इस दौरान मास्टर महेंद्र भाटी एंड पार्टी गोहाना वाले ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कलाकारों ने शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण की झांकी दिखाई गई। इस जागरण के प्रचार में जीतू सारसर, रोहताश कंडेरा, वेद प्रकाश ने कमान संभाली। इस कार्यक्रम को सम्पूर्ण कराने में मंदिर समिति के सभी सदस्यों की अहम भूमिका रही।



गुरुग्राम में 67वीं नेशनल स्कूल ब्वायज बॉस्केटबाल चैंपियनशिप में खेलती टीम।

### नेशनल स्कूल ब्वायज बास्केट बॉल चैंपियनशिप में हो रहे हैं रोमांचक मुकाबले

**गुरुग्राम।** यहां ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित की जा रही 67वीं नेशनल स्कूल ब्वायज बॉस्केटबाल चैंपियनशिप में काफी रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। इस प्रतियोगिता में देश भर से आई 44 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन के बाद दूसरे दिन हुए मैच में चंडीगढ़ की टीम ने उत्तर प्रदेश की टीम को पराजित किया। शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है इस खेल प्रतियोगिता में रविवार को तेलंगाना की टीम ने 66 अंक अर्जित कर हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों को चार गोल से हराया। हिमाचल टीम ने 62 अंक अर्जित किए। तमिलनाडु की टीम ने उत्तराखंड को हराया। तमिलनाडु ने 76 तथा उत्तराखंड की टीम ने 29 गोल किए। पंजाब के खिलाड़ियों ने 69 गोल करते हुए पांडिचेरी की टीम को 49 अंकों के बड़े अंतर से पराजित किया। सीआईएससीई की टीम ने 49-15 के अंतर से मेघालय की स्कूल टीम को शिकस्त दी। गुजरात के खिलाड़ियों ने 79 अंक लेकर (एनवीएस नवोदय विद्यालय संगठन) को 39 गोल से पराजित किया।

बास्केटबाल में उत्तरप्रदेश और चंडीगढ़ का काफी नजदीकी मुकाबला रहा। चंडीगढ़ ने 77 गोल करके उत्तरप्रदेश की टीम को 12 अंकों से पराजित किया। नेशनल बास्केटबाल प्रतियोगिता में ओड़ीसा की टीम ने 52 गोल करके मध्य प्रदेश को मात्र एक अंक से हराकर जीत हासिल की। पश्चिम बंगाल की टीम ने 61-55 के स्कोर से आंध्रप्रदेश को पराजित किया। केवीएस (केंद्रीय विद्यालय संगठन) की टीम ने 64 गोल कर विद्याभारती की टीम पर विजय प्राप्त की। विद्या भारती के खिलाड़ी इस कड़े मुकाबले में 43 गोल कर पाए। यह प्रतियोगिता तीस अप्रैल तक जारी रहेगी। इस आयोजन के लिए देवीलाल स्टेडियम परिसर में तीन कोर्ट बनाए गए हैं, जहां सुबह और शाम को ये मुकाबले करवाए जा रहे हैं।

# वर्कशॉप से सामान चोरी करने का चौथा आरोपी गिरफ्तार

● आरोपी से वायर के 5 बंडल तथा 157000 रुपए बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।

क्राइम ब्रांच 56 की टीम ने चोरी के मामले में आरोपी कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम आरिफ है जो पलवल की शेखपुरा कॉलोनी का रहने वाला है और कबाड़ी का काम करता है। इस मामले में क्राइम ब्रांच आरोपी आदिल, शाहिद तथा जाफिर उर्फ मन्नू को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी शाहिद हथीन में कबाड़ी का काम करता है वहीं आरोपी आदिल तथा मन्नू ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर जनवरी महीने में सेक्टर 58 थाना एरिया में स्थित एक वर्कशॉप में दीवार तोड़कर वहां से कॉपर वायर के बंडल तथा सबमर्सिबल पंप चोरी किए थे। थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

# बच्चों में शिक्षा की अलख जगा रहीं सीमा सहाय

● यूएनजीसीएनआई ने किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

गुरुग्राम के अभावग्रस्त बच्चों को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बना रहे ब्राइट ऑरेंज फाउंडेशन की संस्थापक सीमा सहाय को यूएन ग्लोबल कांपैक्ट नेटवर्क इंडिया द्वारा आयोजित सातवीं जेंडर इक्वलिटी समिट में सम्मानित किया गया।

सीमा सहाय को यह सम्मान यूएनजीसीएनआई नॉर्दर्न रीजन की उपाध्यक्ष वैशाली निगम सिन्हा, सचिव विनोद पांडेय तथा यूएन ग्लोबल कांपैक्ट नेटवर्क इंडिया के कार्यकारी निदेशक रत्नेश द्वारा प्रदान किया गया।

बीस वर्षों तक बैंकर रही सीमा हमेशा सभी के लिए समान अवसरों के बड़े उद्देश्य के लिए काम करना चाहती थीं। मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने के लिए उन्होंने एमडीआई गुरुग्राम से माइक्रो एंटरप्राइजेज और आजीविका पर पूर्णकालिक शोध किया। ब्राइट ऑरेंज फाउंडेशन का मिशन उन बच्चों को मुख्यधारा में लाना है जिनकी औपचारिक शिक्षा प्रणाली तक पहुंच नहीं है। जिसके चलते गुरुग्राम के सेक्टर- 55, 57, 58 और 61 में विभिन्न स्थानों पर अनौपचारिक शिक्षा केंद्र ड्रीम बिग विद्या केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। केंद्रों को पड़ोस में रखा जाए ताकि बच्चों और किशोरों के लिए यात्रा एक चुनौती न हो।



सीमा सहाय को सम्मानित करते अतिथि।

सीमा सहाय अपने प्रयासों से अब तक हजारों बच्चों को मुख्य धारा की शिक्षा प्रदान कर चुकी हैं। कार्यक्रम में समाज सेविका एवं प्रो. शालिनी तनेजा, डॉ. रूचिका गुप्ता, यूनजीसीएनआई के उपनिदेशक दीप चंद्रा पपनोय व कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## अब तक 20 हजार लीटर से ज्यादा अवैध शराब पकड़ी

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला में अवैध शराब सप्लाई करने वालों के खिलाफ प्रशासन को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रविवार को चेकिंग के दौरान 75 लाख रुपए मूल्य से अधिक की 10 हजार 500 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई है। इससे पहले 8,447 लीटर अवैध शराब बरामद की गई थी। अब रविवार को की गई इस बड़ी कार्रवाई के बाद पकड़ी गई इस शराब का मूल्य एक करोड़ दो लाख रुपए हो गया है। वहीं जिला पुलिस ने भी रविवार को अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 700 लीटर शराब पकड़ी है।

# साइबर पुलिस ने ठगी के 21 आरोपियों को किया गिरफ्तार

● 301 शिकायतों का निस्तारण कर 24.71 लाख रुपए किए बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एसीपी साइबर क्राइम अभिमन्यु गोयत के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए तीनों जोन की साइबर थाना की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में फरीदाबाद निवासी वारिस, पानीपत निवासी मोनू, गुरुग्राम निवासी विनोद कुमार उर्फ सरवन तथा विकास कुमार, भिवानी निवासी शिवम, फतेहाबाद निवासी सुमित कुमार, उत्तराखंड निवासी अंकित, दिल्ली निवासी मनमोहन रोशन व राजेश, बीकानेर निवासी राहुल, कैलाश, इंद्रजीत, रिंकू, जोधपुर निवासी महेंद्र, दिनेश, महेंद्र, गुजरात के सूरत निवासी विशाल, उत्तर प्रदेश के गोंडा निवासी समीम, बुलंदशहर निवासी सौरभ, गाजियाबाद निवासी दीपेंद्र, का नाम शामिल है।



फरीदाबाद साइबर टीम ने गिरफ्तारी के बाद आरोपियों से पूछताछ करते हुए

**ऐसे होता है साइबर ठगी का खेलः** हम इंटरनेट पर किसी वेबसाइट को खोलते हैं तो वहां पर ऑनलाइन जॉब से संबंधित बहुत सारे विज्ञापन दिखाई देते हैं जिनमें प्रति महीने हजारों रुपए मात्र 3 या 4 घंटे का काम रोजाना करके कमाने का लालच दिया जाता है। इस प्रकार के विज्ञापन आमजन को लुभाने के लिए दिए जाते हैं ताकि बेरोजगार व्यक्ति उनसे संपर्क करें और वह सुनहरी नौकरी का लालच देकर उनसे पैसे ऐंठ सकें।

कुछ आरोपी शेयर मार्किट में पैसे लगाकर मोटे मुनाफे की गारंटी देते हैं और फर्जी एप के माध्यम से पैसे लगवा देते है, जिस एप में शेयर डाउन ही नहीं होता और पीड़ित अधिक पैसे लगाता जाता है जब पीड़ित पैसे निकालता है तो पैसे निकलते ही नहीं। जब तब पीड़ित को कुछ समझ आता है तब तक उसके साथ फ्रॉड हो चुका होता है। कुछ सरकारी नौकरी और अच्छी कम्पनी में नौकरी के नाम पर भी ठगी करते हैं। साइबर ठगी के लिए साइबर अपराधी लोगों को विभिन्न प्रकार से लालच देते हैं।

# बच्चों व बुजुर्गों ने मैराथन में दौड़कर दिया वोट देने का संदेश

● चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन के साथ चलाए जा रहे स्वीप प्रोग्राम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे स्वीप अभियान के तहत रविवार को सुबह 6 बजे ताऊ देवीलाल स्टेडियम से मेफील्ड गार्डन और वापस स्टेडियम परिसर तक पांच किलोमीटर की मैराथन दौड़ कराई गई। इसमें एक हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया।

एडीसी ने कहा कि शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वीप अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

सुबह 6 बजे ताऊ देवीलाल स्टेडियम से शुरू हुई मैराथन मेदांता हॉस्पिटल, बख्तावर चौक, मेफील्ड गार्डन से यू-टर्न लेकर वापस स्टेडियम परिसर में समाप्त हुई। मैराथन में स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, स्काउट गाइड, रेडक्रास वालंटियर व नेहरू युवा केन्द्र के वालंटियर शामिल हुए।

# गुरुग्रामः विस चुनाव में कांग्रेस रही बराबर, लोस में बीजेपी बढ़ी

● गुड़गांव लोकसभा की 9 विधानसभाओं में 4 पर भाजपा, 4 पर कांग्रेस का कब्जा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम।

पिछली योजना यानी 2019 के लोकसभा चुनावों में मतदाताओं ने भले ही बीजेपी के प्रत्याशी को अपना सिरमौर चुना हो, लेकिन विधानसभा चुनावों में मतदाताओं ने दोनों दलों (बीजेपी, कांग्रेस) को सीटें बांटकर दी। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र की 9 सीटों में से 4 सीटें कांग्रेस को मिलीं और 4 भारतीय जनता पार्टी को। एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने बाजी मारी। लोस, विस चुनाव-2019 के ये समीकरण अब 2024 में भी चर्चा का विषय बने हैं।



गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र।

गुड़गांव लोकसभा में तीन जिले रेवाड़ी, नूंह मेवात व गुरुग्राम शामिल हैं। तीनों जिलों में 9 विधानसभाएं हैं। इनमें रेवाड़ी जिला में 72-बावल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी डा. बनवारी लाल जीते थे। 74-रेवाड़ी से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के बेटे चिरंजीव राव, 75-पटौदी सुरक्षित सीट से बीजेपी के सत्यप्रकाश जरावता, यादव बाहुल 76-बादशाहपुर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी राकेश दौलताबाद ने जीत दर्ज की। बादशाहपुर हरियाणा की सबसे बड़ी विधानसभा है। इसी तरह 77-गुड ?ांव विस से बीजेपी प्रत्याशी सुधीर सिंगला एडवोकेट, 78-सोहना से बीजेपी के संजय सिंह, 79-नूंह से कांग्रेस के आफताब अहमद, 80-फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस के मामन खान, 81-पुन्हाना से कांग्रेस के मोहम्मद इलियास ने चुनाव जीता था।

चिरंजीव, सत्यप्रकाश, सुधीर सिंगला, संजय सिंह पहली बार में ही जीतेः गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र की 9 विधानसभाओं में से 2019 के विधानसभा चुनाव में रेवाड़ी से चिरंजीव राव पहली बार चुनाव मैदान में उतरे और विधायक बन गए। पटौदी से सत्यप्रकाश जरावता, गुड़गांव से सुधीर सिंगला, सोहना से संजय सिंह पहली बार चुनाव में उतरे और जीत गए। बादशाहपुर से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीते राकेश दौलताबाद इससे पहले 2014 के चुनाव में इनेलो की टिकट व 2009 में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर वे चुनाव लड़े थे। दोनों ही बार वे दूसरे नंबर पर रहे। 2019 में तीसरी बार में उन्हें जीत मिली।

**मेवात की तीनों सीटों पर कांग्रेस का कब्जाः** मेवात जिला में तीन विधानसभा सीटें नूंह, फिरोजपुर झिरका व पुन्हाना आती हैं। यहां के मतदाताओं की सोच भी पूरी रणनीतिक नजर आती है। क्योंकि 2019 के लोकसभा के चुनाव में तो जनता ने भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाया, जबकि तीनों विधानसभाओं से कांग्रेस के प्रत्याशियों को ही जिताया। गुड़गांव जिला की चार में से तीन सीटों पर बीजेपी ही जीती। रेवाड़ी की दो सीटों में से एक-एक सीट कांग्रेस को मिली थी।

### 2009 के बाद कांग्रेस घटी भाजपा का ग्राफ बढ़ा

● 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 48 फीसदी व कांग्रेस को 25.6 फीसदी वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 77 व कांग्रेस को 17.5 वोट मिले थे।

● 2014 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 52.87 प्रतिशत व कांग्रेस को 8.92 प्रतिशत वोट मिले। इसी साल लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 63.47 प्रतिशत व कांग्रेस को मात्र 7.2 प्रतिशत वोटों से ही संतोष करना पड़ा।

## मतदान जागरुकता को अभियान चलाएगी त्यागी सभाः एसके त्यागी

**फरीदाबाद।** सबसे बड़ी पंचायत संसद के लिए लोकसभा चुनाव के अबतक दो चरणों में कम वोटिंग ने सभी की चिंता बढ़ा दी है। सरकार और राजनीतिक दल परेशान हैं। आखिर जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद भी कम मतदान क्यों हो रहा है। इसी चिंता और चिंतन के लेकर कुछ सामाजिक संगठन सक्रिय हो गए हैं। चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर जिला प्रशासन भी जगह जगह मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। जिसकी अगुआई अतिरिक्त जिला उपायुक्त आनंद शर्मा कर रहे हैं। उनकी उपस्थिति में जिले के शिक्षा संस्थानों में स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी और शहर की सामाजिक -धार्मिक संस्थाओं और आरडब्लूए के साथ मिलकर जन जागरण अभियान चलाया हुआ है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 29 अप्रैल, 2024



# शिक्षक का शव पेड़ से लटका मिला

● परिजनों ने जताई अपहरण के बाद हत्या की आशंका



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद।

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के रहने वाले शिक्षक का शव पेड़ से लटकते हुए मिला। युवक की तीन दिन पहले ही शादी हुई थी। सूचना मिलते ही परिजन भी फरीदाबाद पहुंच गए। उन्होंने शिक्षक का अपहरण कर हत्या की आशंका जताई है।

मृतक की पहचान गांव शिवाचली करीम, तहसील सिकंदराराऊ जिला हाथरस यूपी निवासी विकास (28) के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। हैरानी की बात ये है कि हाथरस निवासी विकास शादी के महज तीन दिन बाद ही फरीदाबाद कैसे पहुंच गया, इस बारे में किसी को पता नहीं है। परिजनों के मुताबिक फरीदाबाद से उसका कोई लेना देना नहीं था। परिजनों का कहना है कि वह शादी की रस्म पूरी करने के बाद किसी का फोन आने पर पड़ोस के गांव में जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन घर नहीं लौटा। परिजनों ने यूपी पुलिस से मदद मांगी लेकिन मदद नहीं मिली।

भाई नीरज का आरोप है कि जब उसके मोबाइल पर कॉल की गई तो बार-बार फोन स्विच ऑफ आ रहा था। परिवार और गांव के लोगों ने विकास को आसपास तलाश भी किया, लेकिन कहीं पता नहीं लगा। उसी रात को जरेरा पुलिस चौकी पहुंचे, पुलिसकर्मियों ने परिजनों को हासन थाने जाने को बोलकर टरका दिया। नीरज का आरोप है कि विकास के लापता होने के मामले में हाथरस पुलिस में कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने किसी तरह विकास के मोबाइल फोन की लोकेशन निकलवाई तो पता चला कि विकास दिल्ली में है। कुछ देर के लिए उसका मोबाइल ऑन हुआ, लेकिन 27 अप्रैल की सुबह 5 बजे फोन बंद हो गया। फिर लगभग 6:30 बजे भी फोन फिर खुला व फिर बंद हो गया। इसके बाद सारे दिन उसका फोन बंद रहा। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल की शाम को फोन आया कि विकास ने फरीदाबाद के नेकपुर में फांसी लगा ली है। नीरज ने कहा कि उन्हें शक है कि उनके भाई का किसी ने अपहरण कर उसकी हत्या करने के बाद शव पेड़ से लटका दिया है। वह हाथरस से दिल्ली, फिर फरीदाबाद कैसे पहुंच गया, इसकी जांच होनी चाहिए।

उधर धौज थाना प्रभारी शिव चरण ने बताया कि पुलिस को नेकपुर के जंगलों में पेड़ पर एक युवक के शव के लटकने की सूचना मिली थी।

## दुल्हन को शादी के दो दिन बाद ही मिला दुखद समाचार

फरीदाबाद पहुंचे मृतक के भाई नीरज ने बताया कि विकास प्राइवेट स्कूल में इंग्लिश पढ़ाता था। उसकी शादी 24 अप्रैल को यूपी के जिला एटा के गांव पिलवा की रहने वाली शिल्पा से हुई थी। नीरज के अनुसार 24 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम से बारात निकाली। 25 अप्रैल को दुल्हन को लेकर सुबह घर लौटे थे। 26 अप्रैल की शाम 5 बजे विकास की कंगना खुलने की रस्म की गई थी। भाई ने बताया कि शाम करीब 7:15 बजे विकास के फोन पर कोई फोन आया। इसके बाद विकास यह कह कर घर से निकला कि वह गांव से लगते बाजार फर्दीन नगर जा रहा है। उनका कहना है कि गांव के ही एक लड़के ने विकास को बाइक पर लिफ्ट भी दी थी। लेकिन उसके बाद से विकास घर नहीं लौटा।

## 33 केबी की तारों की चपेट में आकर दो झुलसे

**कुरुक्षेत्र।** सैक्टर 9 लोटस ग्रीन सिटी में 33 केबी की तारों के कारण सैक्टर में कार्यरत दो कर्मी बुरी तरह झुलस गए है। इन दोनों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। सैक्टर 9 में गत दिवस सैक्टर की लाइटों को ठीक करने का काम किया जा रहा था। इस कार्य को पूरा करने के बाद दो कर्मी नितिन व अंकुश वापस आ रहे थे। इसी बीच लंबी सीड़ी में 33 केबी तारों का करंट आ गया। इस करंट के कारण दो कर्मी बुरी तरह झुलस गए और देखते ही देखते एक कर्मी के सारे कपड़े व जूते भी जल गए। इन दोनों कर्मियों को आस पास में काम करे रहे लोगों ने भारी मशक्कत करने के बाद तारों से छुड़वाया। इन दोनों को एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया। जहां पर गत देर रात्रि एक की हालात ज्यादा खराब हो गई। सैक्टर के 9 के प्रधान सुखविंद्र सिंह ने कहा कि सैंट थामस स्कूल के सामने और मंदिर के साथ 33000 केबी की तारे निकल रही हैं।

# 'बूथ व पन्ना प्रमुख भाजपा की ताकत'

● लोकसभा संयोजक अजय गौड़ बोले, मोदी को तीसरी बार बनाएंगे प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** फ़रीदाबाद




जिला संगठन की बैठक में मौजूद जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा व अन्य नेतागण।

भाजपा जिला फरीदाबाद की संगठनात्मक बैठक में लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के दम पर फ़रीदाबाद लोकसभा से कृष्णपाल गुर्जर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर इतिहास रचेंगे। बूथ और पन्ना प्रमुख भाजपा की ताकत है व बूथ एवं पन्ना प्रमुखों के माध्यम से फरीदाबाद की एक-एक वोट कमल पर डलवाकर मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनायेंगे ।

लोकसभा फरीदाबाद की चुनावों की तैयारियों के निमित फ़रीदाबाद जिला कार्यालय 'अटल कमल' पर जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में फरीदाबाद जिला संगठन की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने भाजपा फ़रीदाबाद के जिला पदाधिकारियों, विधानसभा प्रभारियों, विधानसभा संयोजकों, बी.एल.ए-1 भाजपा मंडल प्रभारियों, भाजपा मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रबंधन और बूथ प्रबंधन के कार्य की समीक्षा की और संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। बैठक में फरीदाबाद लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने कार्यकर्ताओं को 'बूथ जीता, चुनाव जीता' का पाठ पढ़ाया

बैठक में जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा एवं मनोज वशिष्ठ, वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीरा तोमर, पूर्व जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल एवं आर एन सिंह, चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचन्द शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर आदि मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

# लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंट ने मनाई रजत जयंती

● राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत

**पायनियर समाचार सेवा।** पंचकुला



तीसरी बटालियन, लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंट, जिसे ज़ेडांग सुम्पा के नाम से भी जाना जाता है, ने चंडी मंदिर छावनी में अपनी रजत जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने लेफ्टिनेंट जनरल एमकेएस कटियार, एवीएसएम जीओसी-इन-सी मुख्यालय पश्चिमी कमान के साथ बटालियन की रजत जयंती ट्रॉफी का अनावरण किया।

तीसरी बटालियन, लद्दाख स्काउट्स को मूल रूप से 1948 में नुब्रा गार्ड्स के रूप में स्थापित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान तीसरी बटालियन , स्काउट्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आशीष मोहंती और पश्चिमी कमान में नागरिक सैन्य मामलों के सलाहकार कर्नल जसदीप संधू ने राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय का गर्मजोशी से स्वागत किया। सेना कमांडर मुख्यालय पश्चिमी कमान ने यूनिट की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## भाजपा व जजपा के कार्यक्रमों का बहिष्कार करेगी सर्वखाप

**भिवानी।** हरियाणा के चरखी दादरी में सर्वखाप की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मंगलवार को होने वाली रैली समेत भाजपा व जजपा के नेताओं के सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। सर्वखाप के पदाधिकारियों के मुताबिक, रविवार को हुई बैठक में भाजपा व जजपा पर आपसी भाईचारा खराब करने का आरोप लगाया और कहा कि नेताओं के चक्कर में आपसी भाईचारा खराब नहीं होने देंगे। उन्होंने बताया कि दादरी के स्वामी दयाल धाम पर फोगाट खाप प्रधान बलवंत नंबरदार की अध्यक्षता में बैठक की गई।

# हुड्डा के नेतृत्व में जीतेंगे राज्य की सभी सीटें: महेन्द्र प्रताप

● टिकट मिलने पर कांग्रेस उम्मीदवार ने जताया भूपेन्द्र सिंह हुड्डा का आभार

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल/फरीदाबाद।



कांग्रेस उम्मीदवार चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह का फूलमलाओं से स्वागत करते लोग।

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार एवं हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने रविवार को पलवल जिले की जाट लैंड से चुनाव प्रचार की शुरुआत की। उन्होंने जिले के घोडी-चांदहट गांव में लोगों से मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने के उपरांत पहली बार पलवल पहुंचे चौघरी महेन्द्र प्रताप सिंह के प्रति लोगों का उत्साह देखने लायक था तथा उन्होंने भूपेन्द्र हुड्डा जिंदाबाद, प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान जिंदाबाद, महेन्द्र प्रताप सिंह जिंदाबाद व दीपेन्द्र हुड्डा के नारों के साथ जहां उनका फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया वहीं पगडी बांधकर अपने खुले समर्थन का भी ऐलान किया। इस दौरान वह जहां-जहां से भी गुजरे लोगों के हुजूम ने उनका दिल खेलकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने चांदहट गांव स्थित संत रविदास मंदिर में आयोजित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंति समारोह में भी भाग लिया और बाबा साहेब को अपने श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कांग्रेस का लोकसभा उम्मीदवार घोषित किए जाने पर अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा का आभार व्यक्त करते हुए खुलकर कहा कि आज प्रदेश में चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के पक्ष में एक तरफा लहर चल रही है। प्रदेश के लोगों का झुकाव दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

# चुनाव प्रचार का बेहतरीन माध्यम बना सोशल मीडिया

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।

● मतदाताओं तक पहुंचने के लिए उम्मीदवार सोशल मीडिया पर हो रहे सक्रिय

मतदाताओं तक पहुंचने के लिए उम्मीदवार सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। कुरुक्षेत्र लोकसभा में चुनाव प्रचार अभियान ने गति पकड़ ली है। भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल, इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला जोरों से चुनाव प्रचार कर रहे है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता पिछले लगभग डेढ महीने से लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में लगे हुए है।

सोशल मीडिया भी चुनाव प्रचार का एक बड़ा माध्यम बना हुआ है। प्रत्याशी फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और वाट्सएप कर अपना जनसंपर्क और फोटो आदि डाल रहे हैं। जहां इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता की खेत में फसल काटते हुए व चाय बनाते हुए की वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है वही भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल की भी अनाज मंडी में गेहूं से भरी बोरियां ट्रक में लोड करने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। प्रत्याशियों के समर्थक भी फेसबुक और वाट्सएप पर सक्रिय नजर आ रहे हैं। वाट्सएप ग्रुप भी बना हुआ है। प्रत्याशी व उनके समर्थक वाट्सएप ग्रुप का जम कर उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा मतदाताओं को उनके पर्सनल नंबर पर मैसेज भी भेजा रहा है। हर एक मतदाता तक पहुंचाना बड़ी चुनौती है, इसके लिए सोशल मीडिया बेहतर माध्यम साबित हो रहा है। फेसबुक और वाट्सएप में सैकड़ों लोग साथ जुड़े रहते हैं। इस पर लोगों की प्रतिक्रियाएं भी देखने को मिल जाती है। सोशल मीडिया पर प्रचार के दौरान लोगों से मिलने वाली प्रतिक्रियाएं भी प्रत्याशियों के लिए बेहतर साबित हो रहा है। फीडबैक के आधार पर प्रत्याशियों को मतदाताओं का मन टटोलने का भी अवसर मिल रहा है और वे अपनी स्थिति का आंकलन भी कर पा रहे हैं। चुनाव में सोशल मीडिया का बहुत फायदा है। ग्रुप बना कर लोगों खासकर युवाओं को जोड़ा जा रहा है।

## फेसबुक पर जमकर हो रहा प्रचार

प्रत्याशी लगातार लोगों से संपर्क कर वोट मांग रहे हैं। इसके साथ ही इस बार के चुनाव में सोशल मीडिया का भी प्रचार के लिए जमकर इस्तेमाल हो रहा है। प्रत्याशियों ने क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग कई ग्रुप बना लिए हैं। इन ग्रुपों के माध्यम से प्रत्याशी और उनके समर्थक जनसंपर्क के फोटो डाल रहे हैं। साथ ही प्रत्याशी के पक्ष में बातें लिख रहे हैं। इसी तरह से फेसबुक पर भी जमकर प्रत्याशियों का प्रचार हो रहा है। हालांकि लोग प्रत्याशियों की पोस्ट पर कमेंट और लाइक करने से बच रहे हैं। मतदाता प्रत्याशी को लेकर किसी भी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं।

# प्रेरणा वृद्धाश्रम में राजस्थान से पहुंचे परिवार

● बच्चों ने भी बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत कर सांझा किए विचार

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।

अपनों द्वारा नकारे गए एवं घरों से निकाले गए बुजुर्गों को पिछले कई वर्षों से आश्रय दे रहे प्रेरणा वृद्धाश्रम की ख्याति देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों में भी पहुंची हुई है। यही कारण है कि यहां के बुजुर्गों से मिलने के लिए दूर दूर से लोग पहुंचते हैं।

इसी क्रम में बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने के लिए तथा उन से भावनाएं सांझा करने के लिए राजस्थान के श्रीगंगानगर से सलोनी और साहिल का परिवार पहुंचा तो उनके साथ जयपुर से हर्ष और दीपाली भी थे। साथ में उनके रिश्तेदार शेफाली और प्रवेश भी मौजूद रहे। राजस्थान से आए परिवारों के बच्चों ने भी बुजुर्गों के साथ समय बहुत अच्छा व्यतीत किया तथा विचार सांझा किए। इन परिवारों के सदस्यों ने कहा कि छोटे छोटे बच्चों को भी साथ लाने का मकसद बच्चों में बुजुर्गों के प्रति सम्मान का जज्बा पैदा करना था। इस मौके पर प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला ने राजस्थान से आए लोगों को शाल ओढ़ा कर सम्मानित भी किया।

प्रेरणा की अध्यक्षा रेनू खुंगर ने अंग वस्त्र पहना कर सभी का स्वागत किया। संस्था की सक्रिय सदस्य शिल्पा सिंगला ने सभी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस के उपरांत प्रेरणा वृद्धाश्रम में स्थित मंदिर में पूजा अर्चना की व शहीदी स्मारक पर शहीदों को प्रणाम कर श्रद्धा पुष्प अर्पित किए। साथ ही पूरे वृद्धाश्रम का अवलोकन किया। राजस्थान से आई सलोनी ने कहा हमें किसी ने बताया था कि कुरुक्षेत्र में सभी सुविधाओं से सुसज्जित निशुल्क अति सुंदर वृद्धाश्रम है।

# इस बार मिलेगी घर से मतदान की वैकल्पिक सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।

● 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता व 85 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को ही मिलेगा सुविधा का लाभ

सुविधा के इस्तेमाल के लिए फार्म 12-डी भरकर करना होगा आवेदन

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि 25 मई को होने वाले चुनाव में पात्र व जरूरतमंद मतदाता घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस सुविधा का लाभ 40 फीसदी से ज्यादा दिव्यांगता व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता उठा सकते हैं। इसके लिए उनको 29 अप्रैल तक फार्म 12-डी भरकर आवेदन करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा का लाभ उठाने के लिए पात्र मतदाता चुनाव की अधिसूचना जारी होने के उपरांत रिटर्निंग अधिकारी के पास 29 अप्रैल तक फार्म 12-डी में अपना आवेदन करेगा। दिव्यांग मतदाताओं को दिव्यांगता प्रमाण पत्र की एक प्रति जमा करवानी होगी। संबंधित क्षेत्र का बीएलओ मतदाता के घर से फार्म 12-डी प्राप्त करेगा। लोकसभा क्षेत्र कुरुक्षेत्र के सभी उम्मीदवारों को एसे निर्वाचकों की एक सूची प्रदान की जाएगी, यदि वे प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त करना चाहते है। मतदान अधिकारियों की टीम मतदाता का वोट लेने के लिए उसके पते पर जाएगी। उन्होंने कहा कि घर से मतदान की वैकल्पिक सुविधा का लाभ उठाने वाले पात्र मतदाताओं को टीम के दौरे के बारे में पहले से ही सूचित किया जाएगा। इसके साथ-साथ एक वीडियोग्राफर पुलिस सुरक्षा घेरे के साथ मतदान अधिकारियों के साथ रहेगा।

# धरोहर संग्रहालय का 18वां स्थापना दिवस हवन कर मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।

धरोहर संग्रहालय का 18वां स्थापना दिवस धरोहर परिसर में हवन यज्ञ करके मनाया गया। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि के रुप में व कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे। कुलपति ने नए सेल्फी कॉर्नर का उद्घाटन भी किया।

इस अवसर पर कुलपति ने धरोहर संग्रहालय की सराहना करते हुए इसके विस्तार योजना का भी आश्वासन दिया और जल्दी ही संग्रहालय के नए द्वार तथा दक्षिण भाग में नई संग्रहालय दीर्घा के निर्माण योजना पर सहमति जताई। इस अवसर पर धरोहर संग्रहालय के क्यूरेटर प्रो. विवेक चावला ने सभी मेहमानों व अतिथियों का विशेष आभार प्रकट किया एवं कुलपति एवं कुलसचिव का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर संग्रहालय की संचालन समिति की अध्यक्षा प्रो. नीलम ढांडा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एआर चौधरी, प्रोक्टर प्रो. सुनील ढींगरा, डीन प्रो. अरविंद मालिक, चीफ वार्डन (छात्र) प्रो. ढांडा, चीफ़ वार्डन (छात्रा) प्रो. कुसुम लता, कंट्रोलर ऑफ़ एग्जाम्स डा. अंकेश्वर प्रकाश, डीन लॉ प्रो. अमित लुदरी, प्रो. शुचि स्मिता, प्रो. एस के चहल, प्रो. संजीव अरोड़ा, आईआईएचएस प्राचार्या प्रो. रीता आदि मौजूद थे।

# तुष्टिकरण की राजनीति कर रही कांग्रेस: भगवान

● भाजपा नेता बोले, एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीनकर चहेतों को देना चाहती है

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह प्रेस वार्ता के दौरान।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह ने प्रेस वार्ता कर कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन लगातार तुष्टिकरण और माओवादी सोच के साथ राजनीति कर रहा है।

उनका हिडन एजेन्डा है एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीनकर अपने चहेतों को देना तथा एससी, एसटी और ओबीसी रिजर्वेशन का लाभ एक विशेष समुदाय को देना चाहतें हैं। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक एक विशेष वर्ग का है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। भाजपा फरीदाबाद ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष भगवान सिंह ने डबुआ कालोनी के सी ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय पर प्रैस वार्ता कर कांग्रेस के हिडन एजेंडा की पोल खोली।

इस अवसर पर उनके साथ भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी, राजकुमार यादव, अशोक पांचाल, रोशन लाल सोनी, जगदीश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र से हैट्रिक लगाने पर टिकी भाजपा की नजरें, 'आप' खाता खोलने को बेताब

● इनेलो वापसी को लेकर आशान्वित, कभी कांग्रेस का गढ़ मानी जाती थी यह सीट

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।



नवीन जिंदल



डा. सुशील गुप्ता



अभय सिंह चौटाला

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में छठे चरण में 25 मई को वोटिंग होगी। इसके लिए नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 6 मई है। इस बार कुरुक्षेत्र के चुनावी रण में भाजपा, आम आदमी पार्टी और इनेलो को खासी उम्मीद है क्योंकि कुरुक्षेत्र की जीत से ही तीनों दलों को अपने बेहतर भविष्य की संभावनाएं नजर आ रही हैं।

कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट भाजपा के लिए इस बार बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा यह सीट जीतकर यहां से जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है। वहीं आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन के तहत अपने खाते में आई प्रदेश की एकमात्र सीट को जीतकर प्रदेश की राजनीति में अपनी दमदार एंट्री करना चाहती है। वहीं पिछले 20 वर्षों से सत्ता से दूर इनेलो भी इस सीट को जीतकर सत्ता में वापिसी की आस लगाए हुए है। जननायक जनता पार्टी ने अभी इस सीट पर उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

बीते कई दशकों से कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत मोदी लहर के कारण ही संभव हो सकी थी। जब वर्ष 2014 में मोदी लहर के बीच इस सीट से राजकुमार सैनी और वर्ष 2019 में इस सीट से नायब सिंह सैनी ने जीत हासिल की थी। इस बार इस सीट से भाजपा की ओर से नवीन जिंदल चुनाव मैदान में हैं। वहीं इंडिया गठबंधन की ओर से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डा. सुशील गुप्ता व इनेलो के उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला चुनावी मैदान में है। आम आदमी पार्टी इस सीट को किसी भी तरह जीतना चाहती है जिससे हरियाणा में उसका खाता खुल सके। वहीं इनेलो के सामने इस सीट को खुद के बूते वापस अपने खाते में लाने की चुनौती है।

इस संसदीय क्षेत्र से सिर्फ कैलाशो सैनी ही एकमात्र महिला सांसद चुनी गईं। कैलाशो सैनी भी अब भाजपा में हैं। उन्होंने वर्ष 1998 में कांग्रेस के कुलदीप शर्मा को हराया। वहीं वर्ष 1999 में कांग्रेस के ही ओपी जिंदल को हराया था, जिनके सुपुत्र नवीन जिंदल यहां से कांग्रेस के टिकट पर ही 2004 और 2009 में सांसद बने और 2014 में मोदी लहर में भाजपा के राजकुमार सैनी से हार गए। अब नवीन जिंदल 10 साल बाद एक बार फिर कुरूक्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं, परंतु इस बार वे भाजपा के उम्मीदवार हैं। 2019 के चुनाव में नवीन जिंदल ने ऐन मौके पर चुनाव लड़ने से मना कर दिया। जिसके बाद निर्मल सिंह को कांग्रेस का उम्मीदवार बनाया गया। इस चुनाव में भाजपा के नायब सिंह सैनी ने 6 लाख 88 हजार 629 वोट हासिल किए जबकि कांग्रेस के निर्मल सिंह को 3 लाख 4 हजार 38 वोट मिले। इस चुनाव में तीसरे स्थान पर बसपा की शशि सैनी ने 75 हजार 625 वोट हासिल किए जबकि इनेलो के अर्जुन चौटाला को 65 हजार वोट मिले।

## प्रतिष्ठापूर्ण रहा है कुरुक्षेत्र का इतिहास

*प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों में से कुरुक्षेत्र का इतिहास प्रतिष्ठापूर्ण रहा है। इस संसदीय क्षेत्र से गुलजारी लाल नंदा दो बार जीते और दो बार कार्यकारी प्रधानमंत्री बने। इस लोकसभा सीट का गठन 1977 में किया गया था। इससे पहले यह क्षेत्र कैथल लोकसभा के तहत आता था। पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री एवं तत्कालीन सांसद गुलजारी लाल नंदा ने कैथल सीट का नाम बदलकर कुरुक्षेत्र लोकसभा करवाया था और तभी से यह कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट के नाम से जाने जानी लगी। गुलजारी लाल नंदा वर्ष 1967 से 1971 तक चौथी और 5वीं लोकसभा में वर्ष 1971 से 1977 तक कैथल सीट से सांसद बने और देश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचे। कुरूक्षेत्र सीट पर कांग्रेस को वर्ष 1984, 1991, 2004 और 2009 में जीत हासिल हुई।*

# सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने चलाया जागरुकता अभियान

● जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल बोले, चुनाव लोकतंत्र का महायज्ञ

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा बिशनगढ़ में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने विशेषकर मौजूद महिला मतदाताओ को जागरूक करते हुए कहा कि हम दुनिया के सबसे ब? लोकतांत्रिक देश भारत में रहते हैं। लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसमें लोगों की, लोगों के लिए तथा लोगों के द्वारा सरकार चुनी जाती हैं। लोकसभा चुनाव इस लोकतंत्र के महायज्ञ की सबसे बड़ी इकाई है। इन चुनावों के द्वारा हम अपने देश के गांव, शहर के साथ साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक के विकास को सुनिश्चित करते हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व के महायज्ञ में हमें अपने मत के रूप में आहुति जरूर से जरूर डालनी चाहिए। सेवा ट्रस्ट की महिला वालंटियर पूजा सैनी ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है। खंड कोआर्डिनेटर राजेश सैन व दिलबाग सोथा ने सभी मतदाताओं से अपील की कि लोकतंत्र के महोत्सव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और मतदान कर देश की प्रगति और विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# मणिपुर की स्थिति

## आरोप निराधार

**मणिपुर में अधिकारों के कथित उल्लंघन** पर भारत ने अमेरिका की रिपोर्ट को 'अत्यधिक पूर्वाग्रही' बताया है। अमेरिका द्वारा भारत पर खासकर मणिपुर में मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगाने के फौरन बाद भारत ने कठोरता से उसकी विदेश विभाग की रिपोर्ट की आलोचना की है। भारत सरकार ने रिपोर्ट को 'अत्यधिक पूर्वाग्रही' बता कर खारिज करते हुए कहा है कि इसमें 'जमीनी यथार्थ के प्रति व्यापक गलतफहमी' स्पष्ट रूप से दिखती है। भारत ने अमेरिका को उसके अपने देश में मानवाधिकारों की स्थिति पर आईना दिखाते हुए अमेरिका में भारतीय छात्रों की हालिया हत्याओं पर अमेरिकी प्रशासन की प्रतिक्रिया पर सवाल उठाए हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट की प्रकृति को 'अत्यधिक पूर्वाग्रही' बताते हुए कहा कि रिपोर्ट मणिपुर की स्थिति को भ्रामक तरीके से पेश करते हुए अपनी सीमाओं के भीतर मानवाधिकार मुद्दों को संबोधित करने के भारत के प्रयासों के प्रति 'समझदारी की कमी' प्रदर्शित करती है।

रिपोर्ट केवल मणिपुर तक सीमित नहीं है और उसमें अन्य मुद्दों को भी शामिल किया गया है जिन्होंने संभवत: निकट अतीत में भारतीय लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया है। अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट में भारतीय आयकर अधिकारियों द्वारा ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन–बीबीसी के कार्यालयों पर मारे गए छापों का उल्लेख है। आरोप लगाया गया है कि इन छापों का विस्तार पत्रकारों तक किया गया, जबकि उनका संगठन के वित्तीय मामलों से कोई लेनादेना नहीं था। अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सरकार ने बीबीसी–निर्मित डाक्यूमेंट्री पर



प्रतिबंध लगाने के लिए आपातकालीन अधिकारों का प्रयोग किया। रिपोर्ट में स्थानीय मानवाधिकार संगठनों व अल्पसंख्यक राजनीतिक पार्टियों के सरोकारों तथा हिंसा के प्रति सरकार की कथित 'विलंबित प्रतिक्रिया' और मणिपुर में उपयुक्त मानवीय सहायता उपलब्ध कराने में विफलता से प्रभावित समुदायों का भी उल्लेख है। इसमें सिविल सोसाइटी संगठनों, सिख व मुस्लिम जैसे धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों तथा राजनीतिक विपक्षी समूहों के खिलाफ दुष्प्रचार रणनीतियों के उदाहरण दिए गए हैं। अमेरिकी रिपोर्ट पर भारतीय प्रतिक्रिया प्रशंसनीय है जो भारतीय संप्रभुता की सीमाओं की रक्षा करते हुए यह संदेश देती है कि किसी देश को भारत के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है। पिछले दशक में भारत सरकार ने लगातार सुनिश्चित किया है कि कोई अन्य देश भारत के आंतरिक मामलों पर अनावश्यक टिप्पणी न करे। उसने अपनी रणनीतियों से यह भी स्पष्ट कर दिया है कि भारत अपनी 'घरेलू नीतियों' के बारे में किसी अन्य देश या संगठन के दबाव में आने वाला नहीं है। अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट पर भारत की प्रतिक्रिया अपनी संप्रभुता की रक्षा तथा यह सुनिश्चित करने के लिए है कि मानवाधिकारों का सम्मान करने के देश के प्रयासों का सही अंतरराष्ट्रीय आकलन हो। भारत ने लगातार कहा है कि वह अपने जीवन्त कानूनी ढांचे तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के माध्यम से मानवाधिकार उल्लंघन के किसी वैध सरोकार को संबोधित करने के लिए तैयार है। पिछले दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है और अब अधिकांश देश भारत के प्रति 'निहित स्वार्थी' संगठनों अथवा 'राजनीति प्रेरित' पूर्वाग्रही टिप्पणियों पर ध्यान नहीं देते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय को भी सोचना चाहिए कि ऐसी रिपोर्ट जारी करने से पहले उसे शानदार द्विपक्षीय संबंधों को देखते हुए भारत से समुचित संवाद करना चाहिए था।

# लोकसभा चुनाव में एआई की भूमिका

**व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं तक पहुंचने के साथ डीपफेक वीडियो तक, आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस–एआई का प्रभाव स्पष्ट है। इससे नई खोजें तथा नैतिक आयाम प्रभावित हो सकते हैं।**



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



वर्तमान लोकसभा चुनाव में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस–एआई के प्रभाव को लेकर चिन्ता का माहौल है। व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं तक पहुंचने के साथ डीपफेक वीडियो तक, आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस–एआई का प्रभाव स्पष्ट है। इससे नई खोजें तथा नैतिक आयाम प्रभावित हो सकते हैं। आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस–एआई को 2024 के लोकसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' माना जा रहा है। इसने चुनाव अभियान की परंपरागत रणनीतियों में क्रांतिकारी परिवर्तन किया है। भारत के बदलते परिदृश्य में लगातार चुनाव प्रचार के तरीकों में व्यापक परिवर्तन आया है। वह युग बीत गया जब विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवार मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए उनके घरों तक जाते थे तथा चाय पीने के दौरान विभिन्न मुद्दों पर उनसे बातचीत करते थे। लेकिन पिछले पांच साल में ही अब राजनीतिक पार्टियां और उनके उम्मीदवार तकनीकी रूप से ज्यादा उत्कृष्ट तरीके अपनाने लगे हैं। सोशल मीडिया ने 2014 के लोकसभा चुनाव में केन्द्रीय भूमिका निभाई थी। लेकिन एआई के आविष्कार तथा 'डीपफेक वीडियो' का संभावित प्रयोग भारत में 2024 के लोकसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' साबित हो सकते हैं। डीपफेक वीडियो सच और झूठ के बीच विभाजक रेखाओं को धुंधला कर सकते हैं। चिन्ता की बात है कि ऐसे वीडियो व अन्य तकनीकों से चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं के विश्वास और उनकी निष्ठा पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। इस प्रकार वर्तमान लोकसभा चुनाव में एआई के संभावित उपयोग व दुरुपयोग पर गंभीर नजर रखते हुए सभी संबंधित पक्षों को पूरी सावधानी बरतनी होगी।

राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ही एआई की शक्ति समझ ली है। वे एआई का प्रयोग मतदाताओं का डेटा विश्लेषण के लिए कर रहे हैं जिससे उनको प्रभावी चुनाव प्रचार रणनीतियां बनाने में सहायता मिलती है। इसके साथ ही एआई–संचालित 'चैटबोट' व 'वर्चुअल असिस्टेंट' का प्रयोग सोशल मीडिया पर मतदाताओं से संपर्क करने, उनके सवालों का फौरन जवाब देने तथा उनके सरोकारों को संबोधित करने के लिए किया जा रहा है। एआई तकनीक का प्रयोग अनेक प्रकार से चुनाव प्रक्रियाओं में सहायता कर सकता है। इसके साथ ही एआई चुनाव नतीजों का पूर्वानुमान भी कर सकता है। एआई–संचालित चैटबोट और वर्चुअल असिस्टेंट वर्चुअल मीडिया से सीधे संवाद कर सकते हैं। इसके साथ ही एआई चुनाव में धोखाधड़ी पर विराम लगाने के साथ ही राजनीतिक विज्ञापन अभियानों को भी स्वरूप दे सकते हैं। इस प्रकार वे वित्तीय रूप से आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन भी कर सकते हैं। विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अब व्यक्तिगत मतदाताओं से संपर्क करने के लिए अपने मीडिया सेलों को परिष्कृत रूप दे सकती हैं। इसके साथ ही वे एआई के माध्यम से अपने प्रतिद्वंद्वियों की छवि खराब करने का काम भी कर सकती हैं। भारत में आज देश की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या इंटरनेट का प्रयोग करती है। वर्ष 2025 तक इंटरनेट प्रयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ कर 900 मिलियन तक पहुंच सकती है। इस प्रकार भारत के वर्तमान और भावी चुनाव लगभग 500 करोड़ रुपये का बाजार बनाएंगे। भारत की राजनीतिक पार्टियां सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचने के लिए एआई का प्रयोग कर रही हैं। कांग्रेस और भाजपा ने पिछले साल हुए राज्य विधानसभा चुनावों में भी एआई का प्रयोग किया था। इसके चलते पहली बार राजनीतिक प्रचार अभियानों में फर्जी वीडियो व पैरोडियों का प्रयोग किया गया था। भाजपा, कांग्रेस, आप, द्रमुक व अन्नाद्रमुक ने अपने समर्थकों से संपर्क करने तथा उनको उपयुक्त जानकारियों से लैस करने के लिए एआइ का प्रयोग किया है। उदाहरण के लिए, भाजपा ने एआई के प्रयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषणों का आठ क्षेत्रीय भाषाओं में त्वरित अनुवाद किया। लेकिन एआई की क्षमताओं को देखते हुए कुछ चुनाव अभियानों में कुछ अभियानकर्ताओं ने एआई–निर्मित वीडियो का दुरुपयोग भी किया जिनमें डीपफेक वीडियो शामिल हैं। इन तकनीकों का प्रयोग भ्रामक सूचनायें फैलाने के लिए किया गया। इन भ्रामक वीडियो से 18–25 वर्ष आयुवर्ग वाले युवाओं को निशाना बनाया गया और इनका साझा वाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों पर किया गया। भारत में राजनीतिक पार्टियां पहले से ही मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अनेक उपकरणों का प्रयोग करती रही हैं। वे सोशल मीडिया पर फर्जी छवियां और वीडियो प्रचारित करती हैं। उदाहरण के लिए, कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक भ्रामक तस्वीर साझा की। इसी प्रकार भाजपा ने इंस्टाग्राम पर राहुल गांधी का एक फर्जी वीडियो पोस्ट किया। तमिलनाडु में द्रमुक व अन्नाद्रमुक ने इस चुनाव में मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करने के लिए अपने मृत नेताओं की रिकार्डिंगों का प्रयोग किया। यहां तक कि कम्युनिस्ट पार्टियों ने भी अपने चुनाव अभियानों में एआई तकनीक का प्रयोग किया। एक वीडियो में आल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन–एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी को हिंदू भक्ति गीत गाते दिखाया गया। मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अनेक क्षेत्रीय नेताओं ने भी एआई तकनीकों का प्रयोग किया। इनमें अखिलेश यादव, नवीन पटनायक और ममता बनर्जी शामिल हैं।

आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस–एआई का दुष्टतापूर्ण व आपराधिक उद्देश्यों के लिए प्रयोग करना गंभीर चिन्ता का विषय है। उत्कृष्ट एआई के माध्यम से अब किसी व्यक्ति की नकल करना बहुत आसान हो गया है जिसमें मतदाता व राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवार शामिल हैं। इस प्रकार चुनाव प्रक्रिया में सेंध लगाना तथा छेड़छाड़ करना भी संभव हो गया है। एआई के बढ़ते उपयोग तथा इसके दुरुपयोग की संभावनाओं को देखते हुए स्वच्छ व पारदर्शी चुनाव प्रक्रियायें सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट नियम–विनियम बनाने की आवश्यकता पहले के किसी भी समय की तुलना में ज्यादा जरूरी हो गई है। इससे दर्शकों को संभावित खतरों के प्रति सावधान किया जा सकता है। इसके साथ ही विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को संबोधित करने का तरीका भी महत्वपूर्ण हो गया है। इस पर व्यापक व कठोर निगरानी रखना जरूरी है। राजनीतिक अभियानों में एआई के प्रयोग से निजता के उल्लंघन, संभावित असमान प्रतियोगिता तथा दुष्प्रचार की आशंकाओं के बारे में चिन्तायें पहले के किसी भी समय की तुलना में गहरी हुई हैं। इसलिए आज पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट नियमों–विनियमों का क्रियान्वयन होना चाहिए।

सरकारों को चुनाव प्रक्रिया में न्याय व पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एआई–नियमन की दिशा में नेतृत्वकारी भूमिका अदा करनी होगी। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने पहले ही सोशल मीडिया कंपनियों को स्पष्ट चेतावनी दी है। इससे मतदाताओं में चुनाव प्रक्रिया की सुरक्षा और निष्ठा के बारे में मतदाताओं में विश्वास पैदा हुआ है। चुनाव आयोग को 2024 लोकसभा चुनाव में एआई–सृजित सूचनाओं के नियमन के बारे में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने चाहिए। इन दिशानिर्देशों में चुनाव प्रचार अभियानों तथा मतदाताओं के डेटा विश्लेषण में एआई के नैतिक प्रयोग पर जोर दिया जाना चाहिए। चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्ठा सुनिश्चित करने के लिए कठोर नियम बनाए जाने जरूरी हैं। इन नियमों में मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए पूरी चुनाव प्रक्रिया में न्याय व पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाना चाहिए। इन नियमों के बिना चुनाव परिणामों की वैधता पर भी सवाल उठ सकते हैं।

जहां एआई के बारे में वैध चिन्तायें हैं, वहीं यह स्वीकार करना भी जरूरी है कि यह सकारात्मक परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण है। कुछ एआई–सृजित तकनीकों में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने की क्षमता है। तकनीकों की व्यापक स्वीकार्यता के साथ ही वे ई–चुनाव का रास्ता खोल सकती हैं। इस प्रकार भीवष्य में आनलाइन चुनाव के साथ ही पारदर्शी व जवाबदेह चुनाव प्रक्रिया सामने आ सकती है। इस सकारात्मक परिवर्तन की संभावना आशा और उम्मीद पैदा करती है तथा मतदाताओं को भावी चुनावों के बारे में आश्वस्त करती है।

# सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में पारस्परिक सहयोग

"अब समय आ गया है कि अपनी पहचान बनाने के लिए नियामक बाधाओं को दूर किया जाए"


**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भारत में निवेश के खिलाफ विदेशी निवेशकों द्वारा उद्धृत सबसे आम कारणों में से एक अत्यधिक जटिल नियामक प्रक्रियाएं और ओवरलैपिंग अनुपालन की बहुलता है। इस बैंडबाजे में शामिल होने वाले नवीनतम व्यक्ति ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू हैं। मंत्री एक पत्रकार के सवालों का जवाब दे रहे थे कि नए युग की प्रौद्योगिकी, बिल्डिंग ब्लॉक और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए ताइवानी कंपनियां भारत के निरंतर स्वागत के लिए तैयार क्यों नहीं हैं।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि ताइवान दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माण सुविधाओं का घर है, जो मोबाइल फोन से लेकर उपग्रहों तक डिजिटल अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख घटक है। वू ने पत्रकार के साथ अपनी बातचीत के दौरान कहा, भारत अपने प्रशासनिक ढांचे में बोझिल है और भारत सरकार को देश में आने वाले सेमीकंडक्टर निवेशकों की मदद के लिए सभी प्रकार के कानूनों और नियमों को सुव्यवस्थित करने की भी आवश्यकता होगी। उन्होंने उसी साक्षात्कार में चिप बनाने वाली फैक्ट्रियों में काम करने के लिए कुशल इंजीनियरों की कमी के बारे में भी बात की, हालांकि भारत में चिप–डिज़ाइनिंग प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

श्री वू ने जो उजागर किया, वह कोई नई बात नहीं है, क्योंकि, यह भारत में रुचि रखने वाले कई अन्य संभावित निवेशकों की समान चेतावनी है। इस लेखक ने कई नई और उभरती प्रौद्योगिकी निर्माण कंपनियों के कई उच्च–रैंकिंग अधिकारियों से बात की, जिन्होंने भारत में जटिल समय लेने वाली प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बारे में



शिकायत की और सिंगापुर, वियतनाम आदि जैसी प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में इसे दोहराया। कठिन नियामक व्यवस्था के माध्यम से संभावित निवेशकों की सहायता के लिए, वर्तमान सरकार के शासन के प्रारंभ में, इन्वेस्ट इंडिया (एक सार्वजनिक–निजी संयुक्त उद्यम) नामक एक नया विभाग बनाया गया था। यहां तक कि सेमीकंडक्टर के लिए, जहां भारत पसंदीदा संभावित भागीदार है, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के रूप में एक समर्पित व्यापार प्रभाग बनाया गया है।

बिडेन प्रशासन द्वारा जारी हालिया व्यापार नीति एजेंडा 2024 में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि अगस्त 2022 में वार्ता जनादेश की घोषणा के बाद से, दोनों पक्षों ने जितनी जल्दी हो सके प्रगति करने के लिए बैठकों का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम अपनाया है। जून 2023 में, आईटी और टेकरो ने पहल के तहत पहले समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में कई व्यापार क्षेत्रों में उच्च–मानक प्रतिबद्धताएं और आर्थिक रूप से सार्थक परिणाम शामिल हैं, जिनमें सीमा शुल्क प्रशासन और व्यापार सुविधा, अच्छी नियामक प्रथाएं, घरेलू विनियमन सेवाएं, भ्रष्टाचार विरोधी और छोटे और मध्यम आकार के उद्यम शामिल हैं, दोनों के बीच साझेदारी के महत्व को रेखांकित करता है। दो देश.

अमेरिका चीन के विकल्प के रूप में सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में विकसित होने की भारत की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करता है। भारत–अमेरिका व्यापार संबंध, जो अधर में लटके हुए थे, औपचारिक व्यापार नीति मंच के अस्तित्व में आने के बाद पिछले दो वर्षों में सक्रिय हो गए हैं, जिसमें कई द्विपक्षीय मुद्दों पर नियमित बैठकें हुई हैं। 2024 के व्यापार नीति एजेंडा दस्तावेज़ में, अमेरिका का उल्लेख है, हम कामकाजी लोगों के लाभ के लिए व्यापार संबंधों को गहरा करने की दृष्टि से, कई क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभप्रद परिणामों के लिए बढ़ी हुई भागीदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने महत्वपूर्ण खनिजों, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, आपूर्ति श्रृंखला और उच्च प्रौद्योगिकी उत्पादों में व्यापार सहित कुछ क्षेत्रों की पहचान की है, जिसमें हमारी सरकारें आर्थिक रूप से सार्थक परिणाम प्राप्त करने के लिए सहयोग बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी और दूरदर्शी रोडमैप विकसित करने का इरादा रखती हैं।

हितों के अभिसरण और अर्धचालक की दौड़ में भारत में निवेश और समर्थन करने के लिए समान विचारधारा वाले भागीदारों और सहयोगियों की इच्छा को देखते हुए, अगली सरकार अपने 100–दिवसीय एजेंडे में नियामक बाधाओं को दूर करने को शामिल करने के लिए अच्छा कर सकती है। यह घोषित विकिस्ट भारत लक्ष्य की दिशा में एक अच्छी शुरुआत होगी।

# आप की बात

## पित्रोदा का विचार

**कॉंग्रेस** के सैम पित्रोदा का विचार है कि भारत मे भी अमरीका जैसा विरासत कर होना चाहिए। यह विचार तर्क संगत नहीं है क्योंकि दुनिया में आज तक कहीं भी निजी संपत्तियों के पुनर्वितरण से असमानता दूर नहीं हुई है अपितु रूस और कंबोडिया में इस अवधारणा के कारण लाखों लोग मारे गये थे। आर्थिक गतिविधि के सहभागी आधार को व्यापक बनाने से ही सभी को लाभ होगा तथा ऐसी स्थिति में ही लोकतंत्र और निजी संपत्ति साथ–साथ चल कर आगे बढ़ सकेंगे। संपत्ति का कट्टरपंथी पुनर्वितरण ऐतिहासिक रूप से साम्यवादी क्रांतियों की विशेषता रही है जिसने अपनी ही जनता के बहुसंख्य वर्ग को भारी कष्टों में डाला था। इन गलतियों से सबक लेकर ही पहले चीन तथा बाद में रूस ने निजी उद्यमों व निजी संपत्ति को बढ़ावा देने का काम किया। लेकिन विडंबना है कि अपने जन्म से ही मिश्रित अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय पूंजीपतियों, जैसे टाटा, बिड़ला, डालमिया की पैरोकारी करने वाली कांग्रेस आज ऐसे अति–वामपंथियों के जाल में फंस गई है जो स्वयं अपने मूल देशों रूस और चीन में अप्रासांगिक हो गए हैं। लगता है कि वर्तमान कांग्रेस बिना सत्ता के इस तरह तड़प रही है कि उसकी बुद्धि और विवेक पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। उसे अपने इतिहास पर गौर करना चाहिए।

– **परमवीर केसरी,** मेरठ

## मसालों पर प्रतिबंध

**सिंगापुर और हांगकांग** में दो भारतीय कंपनियों के कुछ मसालों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मसालों में इथाईलीन ऑक्साइड नामक विषाक्त पदार्थ अधिक मात्रा में पाया गया है। हमारे देश में भी इन कंपनियों के मसाले का भरोसे के साथ घर–घर में प्रयोग है। ऐसा लगता है कि उनके लिए मानक निर्धारित करने वाली संस्था एफएसएआई सिर्फ फीस लेकर सर्टिफिकेट दे देती है और खाद्य पदार्थों की दोबारा व नियमित जांच नहीं होती है। मसाले में प्रयुक्त कच्चे माल के उत्पादन में आवश्यकता से अधिक कीटनाशकों आदि का प्रयोग होने से वे जहरीले हो जाते हैं। मसालों की तरह ही अन्य खाद्य पदार्थों में भी ऐसे विषाक्त पदार्थ पाए जाते हैं। लेकिन विडंबना है कि विदेशों की तरह देश में पैकेटबंद या खुले बिकने वाले खाद्य पदार्थों पर गुणवत्ता मानक कठोर नहीं हैं। आज जब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तथा विकसित देश बनने की दौड़ में शामिल है तो उसे अन्य विकसित देशों की तरह ही आम जनता के उपयोग वाली खाद्य सामग्रियों समेत सभी चीजों पर दुनिया के कठोरतम माने जाने वाले अमेरिकी मानक लागू करने चाहिए। मसालों पर प्रतिबंध का यही उचित सबक होना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## भारत-पाक संबंध

**पाकिस्तानी** व्यापार जगत ने देश के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से भारत के साथ व्यापार–व्यवसाय शुरू करने की अपील की है। उनका कहना है कि व्यापार संबंध फौरन बनाए जाएं ताकि संकटग्रस्त पाकिस्तान को मदद मिल सके। पाकिस्तानी दिग्गज कंपनी आरिफ हबीब समूह के प्रमुख का कहना है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भारत से व्यापार वार्ता शुरू करे ताकि इसका हमारे देश की अर्थव्यवस्था को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। आज पाकिस्तान में महंगाई चरम सीमा पर है और देश की जनता परेशान है। इसीलिए पाकिस्तान फिर द्विपक्षीय संबंधों में सुधार कर 2014 के पहले की तरह व्यापार व वाणिज्य बहाल करना चाहता है। लेकिन यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि पाकिस्तान हजारों साल भारत से युद्ध करने की प्रतिज्ञा के साथ भारतीयों को काफिर कहता है तथा अपने देश के हिंदुओं का भयानक दमन कर उनके धार्मिक स्थलों को तोड़ता है। पाकिस्तान अब भी कश्मीर में आतंकवादी भेजता है तथा हर मंच पर भारत–विरोधी जहर उगलता है। ऐसे में पाकिस्तानी व्यापारी चाहे जो कहें, भारत–पाक संबंध सामान्य होना तथा व्यापार व वाणिज्य बहाल होना वर्तमान परिस्थितियों में लगभग असंभव ही लग रहा है।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

## आंदोलन का खामियाजा

**पंजाब–हरियाणा** सीमा पर शंभू रेलवे स्टेशन में जारी किसान आंदोलन के चलते रेल यात्रियों को अकारण सजा भुगतना पड़ रही है। लगभग एक सप्ताह से रोज 40–50 ट्रेन रद्द की जा रही है। ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को ज्यादा पैसा देकर बस या अन्य साधन से अपने गंतव्य जाने में भारी परेशानी हो रही है। स्थिति यह है कि पार्सल बुकिंग में भी 50 प्रतिशत कमी व यात्रियों की कमी से रेलवे को भी भारी घाटा हो रहा है। किसान आंदोलन के कारण मरीज को उपचार हेतु और छात्रों को पढ़ाई व इंटरव्यू आदि कार्य से बाहर जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे परिचालन में बाधा डालना अपराध है, लेकिन किसान अपनी जिद पर अड़े हैं। किसानों का आंदोलन ऐसे समय अनुचित है जब पूरा देश लोकसभा चुनाव की गतिविधियों में व्यस्त है। उनको सोचना चाहिए कि चाहते हुए भी कोई सरकार उनकी मांगों पर इस समय निर्णय नहीं ले सकती है। वास्तव में स्वयं को अराजनीतिक कहने वाला किसान आंदोलन कुछ नेताओं के निहित राजनीतिक स्वार्थों की उपज है। इस आंदोलन का खामियाजा जनता भुगत रही है।

– **बी एल शर्मा,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।**

# छठवें चरण में 14 लोकसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन आज से शुरू

## ● गैंसड़ी विधानसभा उप चुनाव के लिए भी सोमवार से नामांकन होगा प्रारंभ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि छठवें चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 29 अप्रैल, 2024 (सोमवार) को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे के मध्य किये जा सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के छठवें चरण के अंतर्गत 14 लोकसभा सीटों में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्त कबीर नगर, लालगंज, आज़मगढ़, जौनपुर, मछलीशहर, भदोही हेतु चुनाव सम्पन्न किया जाना है। छठवें चरण की 14 लोकसभा सीटों में 12 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 2 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। छठवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, सन्त कबीर नगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी तथा भदोही सहित 15 जिलों के अंतर्गत आते हैं। इसी प्रकार गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र जिला बलरामपुर के अन्तर्गत आता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के छठवें चरण की 14 लोकसभा सीटों तथा गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 6 मई (सोमवार) निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई (मंगलवार) को की जायेगी। 9 मई (गुरूवार) को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके उपरान्त इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची अन्तिम हो जायेगी। छठवें चरण का मतदान 25 मई (शनिवार) को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 4 जून (मंगलवार) को मतगणना की जायेगी।

उन्होंने बताया कि छठवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.69 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.42 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.27 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 17113 मतदान केन्द्र तथा 28171 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। इसी प्रकार 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3.62 लाख मतदाता है, जिसमें 1.93 लाख पुरुष मतदाता तथा 1.69 लाख महिला मतदाता है। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा सुरक्षा हेतु तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिये गये है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25,000 रुपये तथा अनु0जाति/अनु. जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। विधानसभा उप चुनाव के लिए सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 10,000 रुपये तथा अनु0जाति/अनु0जनजाति के प्रत्याशी को 5000 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में तथा रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित है। नामांकन के समय रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर अधिकतम 03 वाहन तथा प्रत्याशी सहित अधिकतम 5 व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी। राजनीतिक दलों द्वारा खड़े किये गये उम्मीदवारों को फार्म-ए तथा फार्म-बी नामांकन की अंतिम तिथि 6 मई, 2024 (सोमवार) को अपराह्न 3 बजे तक दाखिल करना होगा।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ाई से अनुपालन:नवदीप रिणवा

## ● अवैध शस्त्र बनाने वाले 151 केन्द्र सीज

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1821 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 27 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4688 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,91,064 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 21,71,786 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7994 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8107 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 435 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3394 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 151 केन्द्रों को सीज किया गया। 27 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 5 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 22,107 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 97 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 68 कारतूस व 9 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 52 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 02 केन्द्रों को सीज किया गया।

# पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन भी हुए योगी के मुरीद

## ● लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को बताया 'वर्ल्ड क्लास'



**लखनऊ।** दक्षिण अफ्रीकी मूल के विस्फोटक इंग्लिश क्रिकेटर रहे केविन पीटरसन भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास कार्यों के प्रशंसक हो गए हैं। दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट से लेकर दुनिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट तक जा चुके केविन पीटरसन लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को देखकर अचंभित रह गए। आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ पहुंचे केविन पीटरसन ने लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को वर्ल्ड क्लास बताते हुए कहा है की उन्होंने इतना खूबसूरत एयरपोर्ट टर्मिनल आज तक नहीं देखा। उन्होंने इसके लिए सीएम योगी की प्रशंसा भी की। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लखनऊ एयरपोर्ट पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने बाकायदा सीएम योगी आदित्यनाथ को टैग किया है और लखनऊ एयरपोर्ट की तारीफ की। क्रिकेट के मैदान पर अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे केविन पीटरसन ने पूरी दुनिया घूमी है, लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट की खूबसूरती ने उनका दिल जीत लिया। पीटरसन लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की खूबसूरती और सुविधाओं से काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, लखनऊ के नए एयरपोर्ट टर्मिनल में 'स्ट्रीट ऑफ फ्लावर्स' वाकई में वर्ल्ड क्लास है। इस खूबसूरत राज्य उत्तर प्रदेश के लिए सभी ने मिलकर क्या कमाल का काम किया है। मुझे यकीन है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस पर बहुत गर्व होगा। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

बता दें कि लखनऊ एयरपोर्ट के पुराने दोनों टर्मिनल की क्षमता कम थी, जिसकी वजह से योगी सरकार ने लखनऊ एयरपोर्ट का विस्तार कराया है। एयरपोर्ट का नया टर्मिनल खूबसूरत तो है ही, ज्यादा क्षमता वाला भी है। लखनऊ एयरपोर्ट का तीसरा टर्मिनल मार्च महीने से ही शुरु हुआ है, जिसकी सालाना क्षमता 80 लाख यात्रियों की है। उत्तर प्रदेश में 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट मौजूदा समय में वर्किंग हैं और साथ ही 11 घरेलू एयरपोर्ट भी संचालित हो रहे हैं। वहीं 6 एयरपोर्ट का तेजी से निर्माण हो रहा है। पीटरसन की पोस्ट से यह साफ ज़ाहिर होता है कि वो उत्तर प्रदेश के विकास और खूबसूरती से काफी खुश और प्रभावित नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि आईपीएल की फ्रेंचाजी लखनऊ सुपर जायंट्स का होम ग्राउंड लखनऊ में ही है। एयरपोर्ट से स्टेडियम की दूरी महज कुछ किलोमीटर की है। ऐसे में सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ का लखनऊ नियमित आना जाना होता है। अब आईपीएल के मैचों के दौरान लखनऊ एयरपोर्ट पर काफी चहल-पहल रहती है।

# सपा-कांग्रेस सत्ता के लिए बिन पानी मछली की तरह तड़प रही:योगी

**लखनऊ/आंवला।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सुभाष इंटर कॉलेज ग्राउंड में जनसभा कर आंवला लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से संवाद किया। सीएम ने इस सीट से सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप को पुन: दिल्ली में भेजने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंवला के ऐतिहासिक महत्व से अपना संवाद शुरू किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दस वर्ष में बदले भारत की तस्वीर रखी तो विपक्षियों के इंडी गठबंधन पर भी करारा प्रहार किया। सीएम ने कहा कि सत्ता से वंचित होने के बाद सपा-कांग्रेस, बसपा के लोग ऐसे तड़प रहे हैं, जैसे बिन पानी मछली तड़पती है। सीएम ने कहा कि कभी यक्ष ने धर्मराज युधिष्ठिर से 100 प्रश्न पूछे थे। हम सपा, बसपा व कांग्रेस से 10 प्रश्न पूछना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस को 60-65 वर्ष, सपा-बसपा ने प्रदेश में तीन से चार बार शासन किया, फिर भी इन्होंने समस्याएं पैदा कीं। हम पूछना चाहते हैं कि देश के सामने पहचान, सुरक्षा का संकट पैदा करने वाले कौन हैं। देश को विकास से वंचित करने, भूखमरी से हुई मौतों का दोषी कौन, अन्नदाता किसानों की मौत का जिम्मेदार कौन,



सपा-बसपा व कांग्रेस सरकार में तुष्टिकरण की घातक नीति के कारण हुए दंगे, निर्दोषों की मौत और व्यापारियों के नुकसान का दोषी कौन, भ्रष्टाचार के कारण भारत के बाधित विकास का दोषी कौन, बेरोजगारी के कारण 2014 के पहले पलायन करने वाले नौजवानों के जीवन से खिलवाड़ करने का दोषी कौन, बिजली-पानी से जनता को वंचित करने का दोषी कौन। इतने दशकों तक शासन करने के बाद भी कांग्रेस, सपा व बसपा ने आस्था से खिलवाड़ किया, इसका दोषी कौन है। सीएम ने कहा कि मुलायम सिंह की मृत्यु पर हम लोग लखनऊ व सैफई गए थे, लेकिन उप्र के विकास व रामजन्म भूमि के लिए कल्याण सिंह का जीवन समर्पित रहा। सपा के मुख से उनके लिए संवेदना के एक भी शब्द नहीं फूटे, लेकिन यह लोग माफिया के मरने पर फातिहा पढ़ने गए थे। ऐसे लोगों को सत्ता में आने का अधिकार नहीं है। सपा ने एक ही परिवार को टिकट बांट दिए। परिवार के बाहर उनकी सोच नहीं है। सहारा जाति का लेंगे, लेकिन घूम-फिर कर परिवार में ही आएंगे। सपा परिवार में महाभारत के सभी पात्र मिल जाएंगे। सीएम ने कहा कि कांग्रेस व सपा देश-प्रदेश को दंगों की आग में झोकना चाहती है। यह लोग विकास में बैरियर हैं। देश के विकास में किसी को बैरियर नहीं बनने देना है। कांग्रेस चाहती तो आजादी के तत्काल बाद राम जन्मभूमि के निर्माण का कार्य प्रशस्त हो गया होता, लेकिन यह राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते रहे। हमारे आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण जुटाने पड़े, लेकिन सच कोई झूठला नहीं सकता।

सीएम ने विपक्षियों को घेरते हुए जनता से पूछा कि क्या यह लोग माफिया से निपटने का काम कर पाएंगे, जवाब मिला-नहीं। सीएम ने कहा कि यह लोग दंगाइयों व माफिया को गले का हार बनाकर घूमते थे। भाजपा सरकार है कि माफिया गले में तख्ती लगाकर घूम रहा है कि साहब, एक बार जान बख्श दो। माफिया को मेहनत करना सिखाओ, वरना कमजोरों को तबाह, नौजवानों को तमंचा देंगे, लेकिन हमें उसके हाथ में टैबलेट देना है। हमें व्यापारी से रंगदारी वसूली करने वाले नहीं, स्वनिधि देने वाली सरकार चाहिए। स्वामित्व योजना में मालिकाना हक देने वाली सरकार चाहिए।

सीएम ने कहा कि जाति के सौदागर जाति के नाम पर आपके बीच आएंगे। वे परिवार का पेट भरेंगे, उन्हें जनता से कोई मतलब नहीं। बाबा साहेब ने संविधान बनाते समय कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा, आरक्षण का लाभ अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति को मिलेगा, लेकिन कांग्रेस की इस पर बुरी दृष्टि है। आप इन्हें हिंदुओं के हक पर डकैती डालने की छूट न दीजिए। इनकी कुदृष्टि आपकी संपत्ति पर है। यह सर्वे कराकर विरासत टैक्स लगाएंगे यानी आपकी आधी संपत्ति पर कांग्रेस व सपा की नजर है। इनकी मंशा स्वीकार नहीं होने देना है।

सीएम ने आह्वान किया कि मोदी ने देश को सुरक्षा व विकास का विजन दिया है। सुरक्षा की गारंटी केवल भाजपा ही दे सकती है। किसी के बहकावे में न आएं, जो देश के साथ है-आप उसके साथ रहें। देश, सुरक्षा व वोट आपका है तो सरकार भी आपकी होनी चाहिए। देश से बढ़कर कोई भी नहीं है। देशहित में ही हमारा हित है, इसलिए पहला काम मतदान। देशहित के विकास, सुरक्षा, सनातन आस्था का सम्मान करने वाली सरकार चाहिए, जो केवल भाजपा ही देगी। उन्होंने अपील की कि हमें राष्ट्रवादी मिशन के साथ आगे बढ़ते हुए मोदी जी को तीसरा कार्यकाल देना है।

# राम-कृष्ण जैसी ईश्वरीय ताकत को चुनौती देने वालों का पतन तय है: योगी

**लखनऊ/बदायूं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को उसके मेनिफेस्टो के आधार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस देश के खिलाफ हिडेन एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी रविवार को बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि पहले के पीएम अयोध्या जाने से संकोच करते थे। मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जो अयोध्या में राम जन्मभूमि दर्शन को गये और रामलला को 500 साल बाद उनके भव्य मंदिर में विराजमान भी कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन की शुरुआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगिरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार अपना प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है। यहां से तो चाचा ने भी पलायन करना ठीक समझा और भतीजे के पांव भी पहले ही उखड़ चुके हैं। सपा ने यही काम शाहजहांपुर, रामपुर और मेरठ में भी किया है। मगर जनता कह रही है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं, वह सपा के पुराने सभी कारनामों का हिसाब-किताब करेगी।

सीएम ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ने के बाद यह क्षेत्र औद्योगिक



विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं हमेशा सकारात्मक शक्तियों के साथ रहा है। कहा 2014 से पहले भारत में आतंकी विस्फोट हुआ करते थे तब पाकिस्तान में जश्न मनता था और भारत की सरकार मौन रहती थी। आज पाकिस्तान पटाखे छूटने पर भी सफाई देने लगता है, क्योंकि उसे पता है कि कब कहां सर्जिकल स्ट्राइक हो जाए। आज देश सुरक्षा, समृद्धि और सम्मान के साथ हाईवे-एक्सप्रेस वे तथा विकास के नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं की लंबी श्रृंखला जनता के लिए उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में आस्था के साथ खिलवाड़ किया जाता था। कांग्रेस के लोग कहते थे कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं। आज 500 साल का इंतजार खत्म हो चुका है और रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बहकाने वाले बहुत आएंगे, हमें किसी के बहकावे में नहीं आना है। हम हर जनपद महापुरुषों और आस्था को सम्मान देंगे। हमने काशी और अयोध्या से शुरुआत कर दी है, बृज भूमि और उसके बाद बदायूं का नंबर भी आने वाला है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा से सावधान रहना है। इनका भारत के खिलाफ छिपा हुआ हिडेन एजेंडा है। ये अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में सेंधमारी करने जा रहे हैं। ये संपत्ति का सर्वे करके आपकी संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाने की तैयारी में है। दुर्भाग्य से अगर कांग्रेस आ गई तो आपकी संपत्ति पर कांग्रेस और सपाई कब्जा कर लेंगे। हमने माफिया और गुंडो को ठीक कर दिया है, हालत खराब कर दी गई है। उन्होंने सपा पर आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर समाजवादी पार्टी की ओर से शोक संवेदना के लिए एक शब्द भी नहीं निकले थे, मगर एक माफिया की मौत पर सपा सुप्रीमो उसके घर फातिहा पढ़ने चले गये थे। योगी ने कहा कि हमें अपने वोट को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लिए देना है। केंद्रीय मंत्री बीएन वर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष और बदायूं सीट से प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सांसद संघमित्रा मौर्य, विधायक बिल्सी हरीश शाक्य, विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक, विधायक महेश गुप्ता, राजीव कुमार सिंह, विमल कृष्ण अग्रवाल, अजीत यादव, कुशाग्र सागर, डीके भारद्वाज, जितेन्द्र यादव, राजेश यादव सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।

# कमल पर पड़ा वोट रामलला के श्रीचरणों में भारत की समृद्धि के लिए जाएगा:योगी



**लखनऊ/एटा।** 500 वर्षों के बाद अयोध्या में रामलला का आगमन हुआ। यहां के हस्तशिल्पियों व कारीगरों ने 21 टन का घंटा ले जाकर अयोध्या में जलेसर की आवाज को पहुंचाने का कार्य किया। जलेसर का घंटा जब गूंजता है तो पूरे देश की आस्था फिर से जागृत होकर आपको धन्यवाद देती है। कांग्रेस ने 65 वर्ष और सपा-बसपा ने लंबे समय तक शासन किया, लेकिन उन्होंने न जलेसर की सुध ली और न ही उन्हें रामलला के मंदिर के बारे में अता-पता था। कांग्रेस ने कहा कि राम हुए ही नहीं। रामभक्त जब कहते थे कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे तो सपा कहती थी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। परिंदा तो क्या, अब वहां प्रतिदिन लाखों रामभक्त आ रहे हैं। सीएम ने मतदाताओं से अपील की कि कमल निशान पर पड़ने वाला आपका वोट रामलला के श्रीचरणों में भारत की समृद्धि के लिए जाएगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे रविवार को एटा के जलेसर में आगरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी, सांसद व केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के पक्ष में मतदाताओं से जनसभा के जरिए संवाद स्थापित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि जनता की कृपा से एसपी सिंह बघेल की जीत पक्की है पर इस बार ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाना है। सीएम योगी ने कहा कि होली खेलने के साथ ही 500 वर्षों के बाद वहां रामलला का पावन जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान सूर्य देव ने भी सूर्यवंश मणि भगवान राम का रामनवमी पर दोपहर 12 बजे तिलक किया। यह अवसर भाजपा सरकार के कारण आया है। सपा, बसपा व कांग्रेस के लोग आस्था व सुरक्षा के साथ खेलने वाले हैं। यह नहीं चाहते थे कि रामलला विराजमान हों। सीएम ने कहा कि कांग्रेस व इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र कहता है कि भारत के अंदर व्यक्तिगत कानून यानी तालिबानी व्यवस्था को लागू करना चाहते हैं। क्या भारत में तालीबानी शासन होना चाहिए। कांग्रेस व सपा के लोगों को आखिर क्या हो गया है। यह लगातार आस्था, राष्ट्रीय संप्रभुता व सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। अराजकता पैदा करने वालों को प्रश्रय देते हैं। सीएम ने कहाकि कल्याण सिंह ने जीवन प्रदेश के विकास व रामजन्मभूमि के लिए समर्पित किया। जब वे दिवंगत हुए तो सपा की तरफ से उनके प्रति संवेदना के एक भी शब्द व्यक्त नहीं किए गए, मुलायम सिंह दिवंगत हुए तो मैं उनके गांव गया था। प्रधानमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त किया। एक तरफ रामभक्त कल्याण सिंह का अपमान होता है तो दूसरी तरफ सपा के लोग माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने गए थे। आपके पास अवसर है, चुनाव के समय सपा प्रत्याशियों से बोलिए कि देश मोदी चलाएंगे, तुम लोग पांच-दस साल फातिहा पढ़ लो। सीएम योगी ने कहा कि बिना रुके, बिना थके, बिना झुके, बिना डिगे प्रधानमंत्री मोदी ने दस वर्ष तक लगातार 24 घंटे, 365 दिन लगातार परिश्रम किया, तब दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा। सीमाएं सुरक्षित हुईं। सीएम ने कहा कि सरकार में कार्य करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए। हम घर-घर तक आरओ का मीठा पानी पहुंचाएंगे और जलेसर के घंटे को पूरे देश में बजाएंगे। यहां का घंटा पूरे देश के धर्मस्थलों पर बजता है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस शासन के समय रसोई गैस के लिए मारपीट होती थी। त्योहार के दिन सिलेंडर समाप्त हो गया तो घर के मुखिया की हालत बड़ी खराब होती थी। मेहमान आ गए तो अपमान, सिलेंडर लेने गए तो पुलिस की लाठी और खाली सिलेंडर लेकर आए तो घर में बेलन से मार पड़ती थी।

# जनता ने भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया: अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि इस बार पहले चरण से चली परिवर्तन की हवा ने भाजपा को पलट दिया। जनता ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया। भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया है। तीसरे चरण में सम्भल से लेकर मैनपुरी तक वोट पड़ेगा। भाजपा का कहीं भी खाता नहीं खुलेगा। संभल में सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जियाउर्रहमान के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सम्भल में यह चुनाव श्रद्धांजलि देने का चुनाव है। शफीकुर्रहमान बर्क साहब जिन्दादिल इंसान थे। हमेशा अपने लोगों के साथ खड़े रहते थे। सम्भल से समाजवादी पार्टी ऐतिहासिक वोटों से जीतेगी। अखिलेश यादव ने बरेली लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन के समर्थन में बिशप मंडल इंटर कालेज मैदान, सिविल लाइन्स बरेली में भी आयोजित चुनावी जनसभा में मतदाताओं से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों को जिताने की अपील करते हुए कहा कि दिल्ली वालों की फिल्म फ्लॉप हो गई है। अब इनके घिसे पिटे डायलॉग जनता में चल नहीं पा रहे है। यादव ने चुनावी जनसभाओं में कहा कि जो भाजपा के लोग चार सौ पार का नारा दे रहे थे, दूसरे चरण के चुनाव के बाद यह नारा देना भूल गये। भाजपा देश में चार सौ सीटे हारने जा रही है। भाजपा ने किसानों, नौजवानों सभी को धोखा दिया है। महंगाई बढ़ा दी है। डीजल, खाद, कीटनाशक सब महंगा हो गया है। किसानों को उनकी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। भाजपा ने किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का कानूनी अधिकार नहीं दिया। दिल्ली में जब किसान एमएसपी की मांग को लेकर दिल्ली गये थे तो उनको रोकने के लिए सड़क पर सीमेंट की दीवार खड़ी कर दी। कीलें लगवा दी। टैक्टर को डीजल नहीं दिया गया। इस बार किसान, नौजवान सरकार बदलने जा रहा है। किसान भाजपा को वोट नहीं दे रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों की फसलों के लिए एमएसपी का कानूनी अधिकार देगी। किसान का कर्ज माफ करेगी। भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ किया लेकिन किसान का कर्ज माफ नहीं किया। भाजपा ने नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया। हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठा वादा किया। यूपी में भर्ती परीक्षाओं के सब पेपर लीक हो गए। जानबूझकर पेपर लीक कराये गये। लाखों नौजवानों का भविष्य खराब कर दिया। भाजपा की नीयत नौकरी देने की नहीं थी। भाजपा ने नौजवानों की नौकरी तो छीनी ही साथ ही उसका एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। बीजेपी ने अग्निवीर योजना लाकर फौज की नौकरी चार साल की कर दी। हम लोग अग्निवीर कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अग्निवीर में न पेंशन है और न सम्मान। हम लोग अग्निवीर व्यवस्था



खत्म कर पहले ही तरह सेना की पूरी नौकरी देंगे।

भाजपा से सावधान रहिए। जो मन की बात करते हैं वे संविधान की बात नहीं करते हैं। यह संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। भाजपा संविधान खत्म करना चाहती है। हम समाजवादी इंडिया गठबंधन के लोग संविधान के रक्षक है। संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि समाजवादियों को सरकार में आने का जब भी मौका मिला बहुत काम किए। सड़कें बनायी, विद्युत सब स्टेशन, अस्पताल बनाये। एम्बुलेंस सेवा शुरू की। पुलिस सुविधा के लिए डायल 100 सेवा शुरू की। भाजपा ने सब बर्बाद कर दिया। भाजपा ने भारी भ्रष्टाचार किया। इलेक्टोरल बांड में भारी वसूली की। इलेक्टोरल बांड ने भाजपा का बैंड बजा दिया है। भाजपा ने हजारों करोड़ रूपये की वसूली की। इसी वसूली के कारण महंगाई बढ़ी है। पूरे देश में जितने भी भ्रष्टाचारी, अपराधी है, सब भाजपा में है। यह चुनाव नौजवानों, किसानों का भविष्य बचाने का चुनाव है। यह संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का संविधान बदल कर वोट का अधिकार छीनना चाहती है। जनता इस बार तैयार है, जो संविधान बदलने निकले हैं जनता उन्हें ही बदल देगी। यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही गरीबों को राशन के साथ पौष्टिक आटा देंगे। आटा देने के साथ मोबाइल और लैपटॉप चलाने के लिए मुफ्त डाटा देंगे। समाजवादी सरकार ने सात साल पहले लैपटॉप दिया था। अमेरिका में भी अब गरीबों को लैपटॉप दिया जा रहा है। भाजपा सरकार ने वादा करके लैपटॉप नहीं दिया। अखिलेश यादव ने सम्भल में जियाउर्रहमान और बरेली में प्रवीण सिंह ऐरन को भारी मतों से जिताने की मतदाताओं से अपील की है। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी एकजुट होकर मतदान के दिन ईवीएम में साइकिल चुनाव चिह्न वाले बटन को दबाकर किसान, नौजवान, व्यापारी सभी भाजपा को सत्ता से हटाने में सहयोग करे।

# सुशासन व कानून व्यवस्था बनी यूपी की पहचानः केशव मौर्य

**●उपमुख्यमंत्री ने बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित किया।**

**संवाददाता।** बिंदकी, फतेहपुर



**उत्तर** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज सुशासन व कानून व्यवस्था उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी है। अटल जी का विश्वास था कि एक दिन अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज पूरे देश में कमल खिल रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार की अगुवाई में देश तरक्की कर रहा है। बिंदकी विधानसभा के एक रिसोर्ट में आयोजित बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

उन्होंने विपक्ष पर करारा प्रहार किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक स्वर्णकार्य रचा जा रहा है और गांव, गरीब, किसान की खुशहाली व मां-बहन, बेटियों की सुरक्षा के साथ प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

श्री मौर्य ने कहा कि बूथ अध्यक्ष और सेक्टर प्रभारियों का काम ऐसे धूर्त लोगों को बेनकाब करना है जो भगवान श्री राम को नकारते हैं। हिंदुत्व को गाली देते हैं और भारत माता की जय बोलने से रोकते हैं। उन्होंने कहा कि 2014 और 2019 की जीत आपकी बदौलत हुई है और 2024 की जीत भी आपकी बदौलत ही होगी। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को नमन करते हुए सभी से कमल खिलेगा कमल खिलेगा का नारा लगवाया। उन्होने बूथ अध्यक्षों और भाजपा कार्यकर्ताओं के अंदर नया जोश नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार भी किया। उन्होंने नारा दिया 100 में 80 हमारा है।

बाकी में बटवारा है और बंटवारे में भी हमारा है। उन्होंने भाजपा को विजय दिलाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से उनकी शक्ति का एहसास करते हुए हाथ उठाकर हामी भरवाई। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल, खागा विधायक कृष्णा पासवान, बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी, राजेंद्र चौहान, दिनेश बाजपेई, भूपेंद्र त्रिपाठी, बलराम चौहान, जितेन्द्र सिंह गौतम, रमनजीत सिंह, मधुराज विश्वकर्मा, अजीत कुमार सैनी, अतुल द्विवेदी, शिवाकांत तिवारी, अंशुमान सिंह चौहान, अभिषेक त्रिवेदी, अर्चना त्रिपाठी, रंजना उपाध्याय, मयंक चौहान, सतेंद्र सिंह राजावत, रिंकू परिहार भी मौजूद रहे।

## डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने बांदा में चुनावी सभा को किया संबोधित



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज बांदा में बड़ा बयान दिया। कहा कि 2014 के पहले देश में चारों तरफ लूट और भ्रष्टाचार का बोलबाला था जब मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने ने भ्रष्टाचार खत्म किया। अब लाभार्थियों का पैसा सीधे उनके खातो में जाता है। 2017 से पहले जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की और बसपा की सरकारों में उनके नेताओं द्वारा भ्रष्टाचार करके गरीबों का हक लूटा जा रहा था। आपको बताते चलें कि 2014 में मोदी जी और 2017 में योगी जी के प्रदेश में आने के बाद कमल की फूलों की तरह प्रदेश को खिलाया गयाअगर मोदी जी नहीं होते तो चार करोड़ आवास लोगों को नहीं मिलते तमाम योजनाओं के माध्यम से गरीब और किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के बारे में सवाल किये जाने पर केशव मौर्य ने कहा कि पाकिस्तान की नागरिकता ले तथा वहां चुनाव लड़े। जैसे पाकिस्तान बर्बाद है उसी प्रकार आप पार्टी भी पाकिस्तान जाकर बर्बाद हो जाए।

# जनता वोट करेगी तो डबल इंजन सरकार से गायब हो जाएगा एक इंजनः अखिलेश

**●सपा प्रमुख ने किया रोड शो, भाजपा पर बोला हमला**

**संवाददाता।** रसूलाबाद, कानपुर देहात



**शनिवार** को कन्नौज लोकसभा से प्रत्याशी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रसूलाबाद में कहा कि जनता इस बार डबल इंजन की सरकार को बदल देगी। उन्होंने कहा कि न किसान की आय बढ़ी न बेरोजगारी हटी।

यूपी को सबसे ज्यादा भेदभाव का सामना करना पड़ा। जो लोग 2014 में आए थे वो 2024 में चले जायेंगे। देश मे जनता बदलाव चाह रही है और कन्नौज में ऐतिहासिक परिवर्तन होगा। बीजेपी सांसद सुब्रत के लिए उन्होंने कहा कि इस बार वो बाउंड्री के बाहर हैं। उनका चेहरा बता रहा है कि वो हार चुके हैं। उन्होंने कहा कि 12 साल पहले आपने हमें जिताया था आज 12 साल बाद जनता से अपने लिए सहयोग की अपील करने आया हूं। उन्होंने कहा कि हवाई पट्टी बनवा सकते हैं तो जल निकासी के लिए हवाई पट्टी के नीचे नाला भी निकलवा देंगे। इसके साथ ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी खोलेंगे। कहिंजरी, बजरंग रोड, सिठऊपुरवा, अंगदपुर, दहेली,पहाड़ीपुर, सर्किट हाउस, अम्बेडकर पार्क रसूलाबाद, केशव नगर, झींझक रोड तिराहा, मुख्य चौराहा, मलिखानपुर अम्बेडकर पार्क, उसरी, बिल्हा, लालगांव शाहिद की जगह पर अखिलेश यादव का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने स्मृति चिन्ह भेंटकर व फूल बरसाकर उनका स्वागत किया।

रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र से उन्होंने अपने चुनाव का शानदार आगाज किया जहां लोगों का अपार जनसमर्थन उनको मिला। हर जगह कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज दिखे। वहीं जिस क्षेत्र से उन्होंने चुनावी बिगुल बजाया। उन्होंने कहा कि जनता इस बार डबल इंजन की सरकार को बदल देगी और जब इस बार जनता वोट करेगी तो डबल इंजन से एक इंजन गायब हो जाएगा।

# समाजवादी छात्र सभा का मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम हुआ संपन्न



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का परचम लहराने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव युवाओं को विशेष तरजीह दे रहे हैं। पार्टी को उच्च स्तर तक ले जाने में युवा जोश की आवश्यकता होती है। हमें युवाओं को आगे लाना होगा जिससे कि देश व प्रदेश में पार्टी के स्तर को बढ़ाया जा सके। यह बात रविवार को जीटी रोड तेराजाकेट में समाजवादी छात्र-सभा की गठित ब्लाक कमेटी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र सिंह यादव ने कही। समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में जनता विकास को तरजीह देगी और विकास पुरूष अखिलेश यादव को भारी मतों से जिताकर संसद तक पहुँचाने का कार्य करेगी। अब युवाओं को ही तय करना है कि देश व देश के संविधान को किस प्रकार बचाना है। इस दौरान उन्होंने समाजवादी छात्र-सभा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उनसे अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम मधई नगला निवासी संजय सिंह यादव को समाजवादी शिक्षकसभा का ब्लॉक अध्यक्ष (तालग्राम) मनोनीत कर मनोनयन पत्र सौंपा।

# कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**संवाददाता।** फतेहपुर



**जिला** कांग्रेस कार्यालय में जिला कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले के कई गणमान्य लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के सिद्धांतो व नीतियों में चलने का संकल्प लिया। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया तत्पश्चात बिंदकी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र यादव, अंकित पटेल एडवोकेट, मुहम्मद इरशाद, आकिर जमील व अम्माद हुसैन को कांग्रेस का पटका पहना कर पार्टी का सदस्य बनाया।

वरिष्ठ नेता महेश द्विवेदी, उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी, प्रेम शंकर त्रिवेदी, मणि प्रकाश दुबे, शेख एजाज अहमद, निर्मल तिवारी ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पार्टी हित में कार्य करने हेतु हर समय उनके साथ बने रहने का वचन दिया। संचालन कर रहे महा सचिव राजन तिवारी व लोकसभा कोऑर्डिनेटर डीपी दुबे ने आए हुए सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस गारंटी कार्ड के बारे में बताया। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि अब जनता भाजपा की फरेबी नीति से भली भांति परिचित हो गई है। उसे बस चुनाव का इंतजार है। जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि वह अपने वरिष्ठों के आशीर्वाद के साथ ही आगे बढ़ना चाहते हैं एवं अपने कार्यकर्ताओं के स्वाभिमान हेतु हर समय तैयार रहते हुए उनके कदम से कदम मिलाकर जिले में पार्टी को शिखर पर पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी में अनुशासन के हमेशा वह पक्षधर रहे हैं। आगे भी वह इसी की अपेक्षा करते हैं।

## मानवता शर्मसार, झाड़ियों में मिला नवजात का शव

**फतेहपुर।** निर्दयी मां ने दुनिया में आते ही नवजात को झाड़ियां में फेंक दिया। पुलिस ने नवजात शिशु को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक मां की ममता इतनी निर्दयी हो गई कि कल्पना नहीं कर सकते। रविवार की सुबह गुखुरवापर के पास करसुआ गांव के समीप झाड़ियां में नवजात का शव बरामद हुआ। शव एक दो दिन पुराना लग रहा था। पुलिस के मुताबिक किसी महिला ने जन्म लेते ही अपने बच्चों को झाड़ियां में फेंक दिया। ऐसा किसने किया उसका पता नहीं चल पाया है। कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह के मुताबिक किसी व्यक्ति से सूचना मिली कि करसुआ गांव समीप झाड़ियों में नवजात का शव पड़ा है। इस पर कोतवाली प्रभारी ने पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर शव को कब्जे में लेकर सीएचसी हरदों भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाके में छानबीन भी की लेकिन इस बारे में कुछ पता नहीं चला।

## क्विक न्यूज

### रामपुर राजा में लगी आग, कई घर राख, कई मवेशी में जले

**मोहम्मदी।** क्षेत्र के गांव रामपुर राजा में दोपहर बाद करीब ढाई बजे गांव के पूरब बनें घरों में आग लगने से कई घर जल गए। दो गाय 13 बकरियां भी जल कर राख हो गईं। तहसील स्तरीय अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। क्षेत्र के गांव रामपुर राजा में दिन के करीब 2:30 बजे आसाराम के घर पर खाना बन रहा था तभी झोपड़ी में आग लग गई आग ने इतना भीषण रूप धारण कर लिया की गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। गैस सिलेंडर दगने से आसपास घरों में आग पहुंच गई। इसमें आसाराम की झोपड़ी में बंधी तीन बकरियां, जेवर कपड़ा करीब 50000 रुपये नकद, घरेलू सामान जल गया। सुरेश की साइकिल, चारपाई गेहूं दो गाय सात बकरियां, सारा सामान, विष्णु का पोनै तीन लाख रुपया नगद, तीन बकरियां दो साइकिलें, गेहूं और घरेलू सामान जल गया। रामकिशन का घरेलू सामान रजाई गद्दा कपड़े बर्तन सब जल गया। इसके अलावा रजनीश, अनिल कुमार, परशुराम, रोहित, रजनीश, अनिल कुमार का सारा सामान जलकर राख हो गया। फूलचंद छोटेलाल ज्ञान देवी के भूसे के गूंगा जलकर राख हो गए। लगभग दो-तीन सिलेंडर दग गए। घटना की सूचना मिलते ही लोगों ने अपने घरों से ट्रैक्टरों को आसपास खेतों को जोतना शुरू कर दिया और मशीनों से पानी छिड़काव करने लगे फायर विकेट की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई।

### जांच पड़ताल के बाद पशुबाजार का संचालन शुरू

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे में लगभग तीन दशक से संचालित पशुबाजार को बाजार संचालन में पुलिस ने तत्काल प्रभाव से संचालन में रोक लगाई थी जिसके बाद रविवार को पशु बाजार पीड़ित संचालिका ने तमाम आलाधिकारियों से मामले की जांच की गुहार लगाई थी और कोतवाली प्रभारी को अपने दस्तावेज दिखाए तो प्रभारी ने पुनः संचालन के लिए आदेशित कर दिया है। कस्बे के मोहल्ला उपरौस निवासी सलीमन बानो पत्नी सलीम हामिद द्वारा नगरपालिका परिक्षेत्र के अंतर्गत लगभग तीन दशक से साप्ताहिक पशुबाजार का संचालन किया जा रहा है लेकिन बीते कुछ समय से मौदहा ग्रामीण क्षेत्र में एक पशुबाजार का लाईसेंस और निर्गत होने के कारण पत्राचार और विवाद की स्थिति बनती रही है जिसको लेकर कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने शनिवार को अपर मुख्य अधिकारी का हवाला देते हुए नगरपालिका क्षेत्र में संचालित सलीमन बानों के बाजार संचालन पर रोक लगा दी थी।

### गंगा में 8 वर्षीय बालक की डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में आज गंगा में स्नान करते एक 8 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। कमालगंज थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पकरा याकूतगंज का निवासी 8 वर्षीय बालक राज पुत्र बाबूराम जाटव आज रविवार को दोपहर करीब 12. 00 बजे अपने तीन बालक दोस्तों के साथ करीब पौन किलोमीटर दूर कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खेमरैगाई समीपवर्ती गंगा में स्नान करने के लिए पहुंचे।इसके बाद बालक राज का गंगा स्नान करते समय गहरे जल मे अचानक पैर फिसलते ही डूब गया और यह देखकर उसके दोस्तों में चीख पुकार मच गई।इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बालक राज का शव बरामद किया गया।

### कांग्रेस के गारंटी कार्ड का हुआ विमोचन

**फतेहपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की बैठक हुई। जिसमें कॉंग्रेस गारंटी कार्ड का विमोचन हुआ। उपस्थित लोगों ने कांग्रेस के गारंटी कार्ड को सभी के लिए हितैषी बताया। जिला कॉंग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग व शहर कॉंग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक अब्दुल हफीज व मो. शकील की उपस्थिति में हुई। जिसमें प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मिस्बाहुल हक मुख्य अतिथि के तौर पर रहे। युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के अंतर्गत न्याय देने की गारंटी दी जाएगी जिस पर आज की सत्ता धारी पार्टी ने अपने कॉर्पोरेट मित्रों के साथ अन्याय किया है। आज इस विशेष पत्र को महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों के बीच बांटकर न्याय का समर्थन करने का काम कॉंग्रेस के सारथी करेंगे।

### पुलिस चौकी के सामने किन्नरों ने किया हंगामा

**फर्रुखाबाद।** भूमि कब्जे के विवाद में किन्नरों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर हो रहे निर्माण कार्य को रुका दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहगा नबाब न्यांमत खां निवासी चंद्रकांत तिवारी ने पगा चौकी के सामने खाली पड़ी भूमि पर अपना निर्माण कार्य शुरु करा रहे थे। उसी दौरान मौके पर आशा किन्नर, साधना किन्नर, सुनीता किन्नर, अंजली किन्नर, रंगोली किन्नर आदि करीब दर्जन भर से अधिक किन्नर मौके पर आ गए। उन्होंने निर्माण कार्य का विरोध किया। किन्नरों ने बताया की जिस जगह पर निर्माण कार्य किया जा रहा है उस जगह पर किन्नरों का धार्मिक स्थल है, जहां दशको से किन्नर समाज के लोग पूजा करते चले आ रहे हैं।

# कल्याण ज्वैलर्स, कैंडेरे शोरूम का फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**बॉलीवुड** अभिनेत्री करिश्मा कपूर बुधवार को लखीमपुर पहुंची। यहां वह डीसी रोड स्थित कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम के उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं। कार्यक्रम में कल्याण ज्वैलर्स के विभिन्न संग्रहों से डिजाइन की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है। बगल में कल्याण ज्वैलर्स के लाइफस्टाइल ब्रांड कैंडेरे का भी उद्घाटन किया गया। इस शोरूम में ग्राहकों को विश्व स्तरीय माहौल में खरीदारी का शानदार अनुभव मिलता है। इस मौके पर एकत्र उत्साहित लोगों से बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर ने कहा, ''कल्याण ज्वैलर्स के शोरूम लॉन्च इवेंट का हिस्सा बनना वाकई एक सम्मान की बात है। मैं इस प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ जुड़कर रोमांचित हूं, एक ऐसा ब्रांड जो विश्वास, पारदर्शिता और ग्राहकों को सबसे आगे रखने के अपने सिद्धांतों पर मजबूती से कायम है। मुझे विश्वास है कि ग्राहक कल्याण ज्वैलर्स का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे और कंपनी के अनूठे आभूषण अनुभव का आनंद अवश्य उठाएंगे।''

कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, लखीमपुर खीरी में हमारे बिल्कुल नए कल्याण ज्वैलर्स शोरूम के लॉन्च के साथ हमारा उद्देश्य एक ऐसा सिस्टम डेवेलप करना है, जो हमारे ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा कर सके और उन्हें खरीदारी का एक शानदार अनुभव प्रदान कर सके। हम कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के विजन के प्रति मजबूती से कायम रहते हुए ग्राहकों को विश्व स्तरीय माहौल प्रदान करना चाहते हैं और इस तरह खुद को फिर से विकसित करना जारी रखना चाहते हैं। कल्याण ज्वेलर्स में, हम क्वालिटी और सर्विस पर ध्यान देने के साथ उत्कृष्ट और अद्वितीय आभूषण डिजाइनों की विशाल श्रृंखला पेश करना जारी रखेंगे। इस सीजन में, ग्राहक सभी आभूषणों की खरीद पर मेकिंग चार्ज पर 25 फीसदी की छूट हासिल कर सकते हैं।

## भाजपाईयों ने जनसंपर्क कर मतदान के लिये प्रेरित किया



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लोक सभा चुनाव का समय नजदीक आने पर भाजपा नगर अध्यक्ष नें कार्यकर्ताओं के साथ नगर के मोहल्लों में भ्रमण कर नागरिकों को पार्टी की उपलब्धियों व नीतियों से अवगत कराते हुये मतदान की अपील की है। रविवार को भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल नें कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ मोहल्ला अशोकनगर, किदवईनगर, रामगंज में भ्रमण कर नागरिकों को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों व उपलब्धियों को गिनाते हुए मतदान करनें की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपके द्वारा चुना गया जनप्रतिनिधि सदन में आपकी समस्याओं को पुरजोर ढंग से उठाकर निस्तारण करवाने का कार्य करेगा।

# सपा की ओर लोधी मतदाताओं का रुझान भाजपा के लिये बना चुनौती

हमीरपुर। पांच विधानसभाओं वाले हमीरपुर महोवा संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के सामने सपा प्रत्याशी दिनो दिन चुनौती बनते जा रहे है। सपा प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी को राठ व चरखारी विधानसभा के लोधी मतदाता पूरी तरह समर्थन करने से भाजपा प्रत्याशी के चेहरे में चिंता की लकीरें उभरती जा रही है। जानकारी के मुताबिक हमीरपुर महोवा संसदीय क्षेत्र में भाजपा के गढ़ में सपा पूरे जोर शोर से सेध लगाने का प्रयास कर रही है संसदीय क्षेत्र में 18,75,587 मतदाता है। सरकारी आकड़ो के अनुसार हमीरपुर जिले में लोधी मतदाताओं की संख्या 84,620 व महोवा जिले में 65,263 व तिंदवारी विधानसभा में लोधी मतदाताओं की संख्या एक मद नगण्य है। इस प्रकार कुल लोधी मदतताओं की संख्या 1,49,883 है जो कुल मतदाता प्रतिशत का 8.75 है। हालाकि चरखारी व राठ विधानसभा चुनाव में लोधी मतदाता निर्णायक माना जाता है। बर्तमान में पांचो विधानसभाओं में भाजपा विधायक काबिज है। हालाकि भाजपा का आधार बोट कहा जाने वाले ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 1,79,241 है जो कुल मतदाता प्रतिशत 10.48 है। इसके बाद अहिरवार मतदाता प्रतिशत 12.29 फीसदी है। तिदवारी, हमीरपुर, निषाद मतदाता बाहुल्य क्षेत्र है।

हालांकि इस बिरादरी का पूरी पार्लियामेंट में मतदाता प्रतिशत सात फीसदी है। सपा का मुख्य फोकस छोटी विरादरी के मतदाताओं को अपने पाले में करने का पूरा प्रयास कर रही है। क्षेत्र में यादव मतदाताओं की संख्या 1,41,421 है। जो कुल प्रतिशत नौ फीसदी बताया जाता है। मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 1,23,283 बतायी जाती है जो कुल आठ फीसदी है। इधर बसपा से निर्दोष दीक्षित का टिकट होने से भाजपा को ब्राह्मण मतदाताओं की ओर भी ध्यान देना पड़ रहा है।

# इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी के प्रचार में उतरे वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद

**●पूर्व विदेश मंत्री सपा प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य के समर्थन में करेंगे चुनाव प्रचार**

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**फर्रुखाबाद** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य के चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद अपने धर्म पत्नी श्रीमती लुईस खुर्शीद के साथ कार द्वारा दिल्ली से चलकर आज रविवार को अपराह्न में अपने कायमगंज पैतृक निवास डॉ जाकिर हुसैन महल में पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संपर्क किया।

यह जानकारी आज रविवार को कांग्रेस वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद एवं उनकी धर्मपत्नी पूर्व विधायक श्रीमती लुइस खुर्शीद के पॉलिटिक्स प्रतिनिधि डॉक्टर फरीद चुगताई में दी।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद अपनी धर्मपत्नी पूर्व विधायक श्रीमती लुईस खुर्शीद के साथ आज 28 अप्रैल रविवार को जहानगंज क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता के यहां आयोजित होने वाले एक विवाह समारोह में भाग लेने पहुंचेंगे। इसके बाद 29 अप्रैल 2024 को कांग्रेस वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लुईस खुर्शीद फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य के समर्थन में जनसंपर्क चुनाव प्रचार करेंगे।

राजनैतिज्ञो के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ में वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद एव श्रीमती लुइस खुर्शीद द्वारा इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य के चुनाव प्रचार में आते ही सपा, कांग्रेस,आम आदमी पार्टी जन अधिकार पार्टी एवं उनके बड़ी संख्या वाले समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## वृद्धा और उसके दामाद का अपहरण कर पीटा, पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

**निघासन।** थाना क्षेत्र के राजूपुरवा में भूमि विवाद के चलते कुछ लोगों ने एक वृद्धा और उसके दामाद की जमकर पिटाई कर दी। दामाद को घर से उठा ले गए और बिजली के खंभे में बांधकर पिटाई कर हैरो और ट्रैक्टर छीन ले गए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। राजूपुरवा निवासी दलजीत सिंह ने बताया कि उनका पड़ोसी गांव भूपति पुरवा के एक व्यक्ति से 40 साल से सात एकड़ जमीन का विवाद चल रहा है। आरोप है कि रविवार दोपहर जब दलजीत सिंह अपने घर पर अकेला बैठा था तब गाड़ी से पांच लोग आए और उसे घसीटते हुए लेकर चल दिए। दलजीत की सास स्वर्ण कौर बचाने के लिए आई तो उसको भी जमकर पीटा। उसके बाद उसे गाड़ी में बैठाकर अपने गांव लेकर गए और उसको बिजली के खंभे में बांधकर जमकर पिटाई की बाद में पढ़ुआ के पास छोड़ दिया। इससे पहले उनके घर के बाहर खड़े महिंद्रा ट्रैक्टर और हैरो को साथ लेकर चले गए।

# सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अकबरपुर लोकसभा अंतर्गत सामान्य प्रेक्षक कादंबरी बालकवाड़े व पुलिस प्रेक्षक चैत्रा एन महोदया के द्वारा जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की उपस्थिति में ईश्वीश्एमश्र वीवीपेट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक महोदया द्वारा ईवीएम कक्षों में लगाए गए सीलो,सीसीटीवी कक्ष आदि को देखा गया। उन्होंने कहा आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय अंतर्गत सुनिश्चित की जाए साथ ही सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे।

उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा और बढ़ाए जाने के भी निर्देश दिए। प्रेक्षक महोदया द्वारा अतिरिक्त ईवीएम सी,डी कक्षों को भी देखा गया। उन्होंने कहा मतदान,मतगणना आदि से संबंधित सभी व्यवस्थाएं शीघ्र दुरुस्त कर ली जाए, जिससे लोकसभा निर्वाचन को सकुशल,शांतिपूर्ण,निष्पक्ष रूप संपन्न कराया जा सके।

मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार,उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी तनु उपाध्याय,संबंधित अधिकारीगण, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# संस्कार भारती की नई कार्यकारिणी का मनोनयन कार्यक्रम संपन्न




**फर्रुखाबाद।** संस्कार भारती की कार्यकारणी का मनोनयन किया गया। बैठक में डॉक्टर नवनीत गुप्ता अध्यक्ष, कुलभूषण श्रीवास्तव सचिव ,नरेन्द्र नाथ मिश्रा को कोषाध्यक्ष बनाया गया इसी के साथ इकाई में नवीन मिश्रा नब्बू कार्यकारी अध्यक्ष,अनिल प्रताप सिंह , डॉक्टर सर्वेशश्रीवास्तव,महेश पाल सिंह उपकारी उपाध्यक्ष, प्रीतु वर्मा, शिवम दीक्षित सह सचिव ।विधाओं में गौरव मिश्रा बंटी संगीत, प्रीति तिवारी साहित्य,अरविंद दीक्षित नाट्य , अर्पण शाक्य चित्रकला, शशिकांत लोककला, रजनी नृत्य, भूपेंद्र प्रताप प्राचीन कला, भू अलंकरण हेमलता, फिल्म विधा में के अमित सक्सेना को बनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन दिलीप कश्यप ने किया। प्रवासी अधिकारी अत्रि दीक्षित ने संगठन पर सेवा के भाव से जुड़ने का आवाह्न किया। प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि आगामी दिनों में सांस्कृतिक पर्यटन यात्रा व अन्य कार्यक्रम प्रस्तावित है। बैठक में पूर्व में हुए कार्यक्रम का ब्योरा प्रस्तुत हुआ। इस मौके पर अखिलेश पाण्डेय,समरेंद्र शुक्ला कवि,रविंद्र भदोरिया, अनुराग पाण्डेय ,अनुभव सारस्वत , सुनीता सक्सेना, राम अवतार शर्मा, दीपक सक्सेना, राम मोहन शुक्ल, आदि लोग मौजूद रहे ।कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गीत से हुआ।

# कांग्रेस का घोषणापत्र विभाजनकारी

भाषा। अहमदाबाद



**केंद्रीय मंत्री** राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संकल्प पत्र एक नए और विकसित भारत की ठोस गारंटी है, जबकि कांग्रेस का घोषणा पत्र विभाजनकारी और तुष्टीकरण की राजनीति से प्रेरित है। सिंह ने कहा कि कांग्रेस अपने लंबे शासनकाल के दौरान गरीबी उन्मूलन में नाकाम रही, जबकि (केंद्र की) नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले आठ–नौ साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।

उन्होंने दावा किया, देश को आगे ले जाने के लिए कांग्रेस के पास नेतृत्व, नीति और इरादा नहीं है। भाजपा सरकार भारत को 2027 तक विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने कहा, हमारा संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) एक नए सामर्थ्यवान और विकसित भारत की ठोस गारंटी है। कांग्रेस का घोषणा पत्र विभाजनकारी और तुष्टीकरण से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के 10 साल के शासन में हुए भ्रष्टाचार के खेल में कांग्रेस की सबसे बड़ी भूमिका थी। सिंह ने कहा, कांग्रेस जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के समय से गरीबी उन्मूलन की बात करती रही है, लेकिन 50 साल शासन करने के बाद भी ऐसा करने में नाकाम रही। पिछले महज आठ–नौ साल में हमारी सरकार 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में सफल रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मोदी सरकार अगले पांच–10 साल में देश से पूरी तरह से गरीबी का उन्मूलन करना चाहती है। सिंह ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में गुजरात के सूरत से जीत की शुरुआत कर चुकी है, जहां पार्टी के मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

इस सीट पर कांग्रेस के नीलेश कुम्भाणी का नामांकन पत्र खारिज हो गया था और अन्य उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए थे। सिंह ने कहा, हालांकि, कांग्रेस दावा कर रही है कि देश में लोकतंत्र खतरे में है। इसका क्या आधार है? यहां तक कि इससे पहले भी, लोकसभा के 28 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए थे, जिनमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, नेशनल कांफ्रेंस आदि के सदस्य शामिल हैं। कांग्रेस हताशा में इस तरह की बात कह रही है।

## चीन के साथ बातचीत सुचारू रूप से चल रही, भारत कभी नहीं झुकेगा: रक्षा मंत्री

**अहमदाबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारु रूप से और अच्छे माहौल में चल रही है तथा भारत कभी नही झुकेगा। लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के वास्ते प्रचार करने के लिए अहमदाबाद में मौजूद सिंह ने कहा कि भारत सैन्य दृष्टिकोण से एक शक्तिशाली देश बन गया है और अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। चीनी आक्रमकता को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोप के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा, भारत अब कमजोर भारत नही रहा। भारत सैन्य दृष्टि से भी एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते है। उन्होंने कहा, भारत और चीन के बीच जो भी मुद्दे हैं, उन पर बातचीत सुचारू रूप से और अच्छे माहौल मे चल रही है। उन्होंने कहा, मै समझता हूं कि हमें वार्ता के नतीजे का इंतजार करना चाहिए। लेकिन मै देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत कही भी झुका नही है और न ही कभी झुकेगा। सिंह ने यह भी विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर गया है, आगे चलकर और बढ़ेगा। उन्होंने कहा, 2014 मे हमने 600 करोड़ रुपए का रक्षा सामान निर्यात किया था, लेकिन अब यह आंकड़ा 21,000 करोड़ रुपए को पार कर गया है और मै कह सकता हूं कि यह बढ़ने वाला है। मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं, चाहे मिसाइलें और अन्य हथियार, बम या टैंक हो, भारत में और भारतीयो द्वारा बनाई जानी चाहिए। उन्होने कहा, आज, हमने एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का रक्षा उत्पादन हासिल किया है।

## बलिया से सपा प्रत्याशी के खिलाफ जिला निर्वाचन अधिकारी को धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी

**बलिया।** बलिया लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार सनातन पांडेय के विरुद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी को धमकी देने तथा अन्य विभिन्न आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) देव रंजन वर्मा ने बताया कि पांडेय के विरुद्ध बलिया शहर कोतवाली में उप निरीक्षक माखन सिंह की तहरीर पर रविवार सुबह भारतीय दंड संहिता की धारा 171 एफ (चुनाव में अनुचित प्रभाव डालना), 189 (किसी लोक सेवक को धमकी देना), 186 (लोक सेवक के सार्वजनिक कार्यों में बाधा डालना) एवं 505(2) (विभिन्न समूहों के बीच घृणा एवं द्वेष फैलाना) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पांडेय का शनिवार को एक विवादित वीडियो वायरल हुआ था, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस वीडियो में पांडेय ने वर्तमान सरकार के अलावा निर्वाचन आयोग को लेकर विवादित टिप्पणियां की थी। पांडेय ने रविवार को पीटीआई–भाषा से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव–2019 में उनकी राजनीतिक हत्या की गई थी। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने चुनाव जीता था लेकिन उन्हें हरा दिया गया। पांडेय ने कहा, मैंने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया और अन्याय का मुखर होकर विरोध करते हुए बयान देकर अपने समर्थकों को मजबूती देने का काम किया। पांडेय शनिवार को जन विश्वास यात्रा के तहत बलिया पहुंचे थे। उनसे शनिवार की शाम को जिला मुख्यालय पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान सवाल पूछा गया था कि उन्होंने पिछली बार भी चुनाव लड़ा था तो इस बार चुनाव को लेकर उनकी जीत की क्या संभावना है? उन्होंने इस सवाल के जवाब में कहा, देखिए, हम लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास रखते हैं। ऐसा नहीं है कि हम अपनी हत्या के डर से प्रांगण से बाहर आ गए। जो हुआ, वह आपने भी देखा, बलिया के लोगों ने भी देखा और हिंदुस्तान के लोगों ने भी देखा। पांडेय ने कहा, हम तो जीते हुए प्रत्याशी थे लेकिन हिंदुस्तान में जो संस्थाएं हैं, मैं निर्वाचन आयोग की बात कर रहा हूं, वह निष्पक्ष हुआ करती थी।

## सीबीआई जांच के अदालत के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार उच्चतम न्यायालय पहुंची

**नई दिल्ली।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपो की सीबीआई जांच का निर्देश देने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा।न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के इस मामले की सुनवाई करने की संभावना है। शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी याचिका मे, राज्य सरकार ने कहा है कि उच्च न्यायालय के 10 अप्रैल, 2024 के आदेश ने पुलिस बल सहित पूरे राज्य तंत्र को हतोत्साहित किया है। याचिका में कहा गया है, उच्च न्यायालय ने एक बहुत ही सामान्य आदेश में राज्य को बिना किसी दिशानिर्देश के केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है, भले ही वह जनहित याचिका मे याचिकाकर्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपो से संबंधित न हो। यह संदेशखालि क्षेत्र मे किसी भी संज्ञेय अपराध की जांच करने के लिए राज्य पुलिस की शक्तियों को हड़पने के समान है। संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले की जांच पहले से ही सीबीआई कर रही है और एजेंसी ने पांच जनवरी की घटनाओ से संबंधित तीन प्राथमिकी दर्ज की है।जांच की निगरानी अदालत द्वारा किए जाने का उल्लेख करते हुए, उच्च न्यायालय ने राजस्व दस्तावेज और कथित भूमि के भौतिक निरीक्षण का गहन निरीक्षण करने के बाद मछली पालन के लिए कृषि भूमि के जल निकायों मे कथित अवैध रूपांतरण पर एक व्यापक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

## बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर, छह की मौत, 20 घायल

**उन्नाव।** उन्नाव जिले के सफीपुर क्षेत्र मे रविवार दोपहर यात्रियो से भरी बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई तथा 20 अन्य घायल हो गए। सफीपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) ऋषि कांत शुक्ला ने बताया कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमल्दीपुर गांव के पास यात्रियो से भरी बस और ट्रक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई तथा टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक बस के एक तरफ के हिस्से को चीरते हुए निकल गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में बस सवार छह लोगों की मौत हो गई तथा 20 अन्य जख्मी हो गए। सीओ के मुताबिक, 11 लोगों को गंभीर हालत मे कानपुर के अस्पताल भेजा गया है तथा नौ अन्य को स्थानीय जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। शुक्ला ने बताया कि बस में 35 यात्री सवार थे तथा मामूली रूप से घायल अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद बस का चालक मौके से भाग गया है जबकि ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्ला ने बताया कि मृतकों की तत्काल पहचान नही हो पाई है तथा शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए है।

## जमीन हड़पने के मामले में राजद के लोकसभा प्रत्याशी विजय कुमार शुक्ला की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की एक अदालत ने कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में वैशाली लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) उम्मीदवार विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। शुक्ला ने तीन अप्रैल को मामले में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। इस मामले में उनकी पत्नी अन्नू शुक्ला और तीन अन्य लोग भी आरोपी है। अन्नू लालगंज से पूर्व विधायक है। एक स्थानीय अदालत के निर्देश के बाद अगस्त 2023 में सदर पुलिस थाना पुलिस (मुजफ्फरपुर) ने शुक्ला और अन्य के खिलाफ जमीन हड़पने का मामला दर्ज किया था। अदालत ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर यह निर्देश जारी किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने जाली दस्तावेजों के आधार पर मुजफ्फरपुर और हाजीपुर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमीन हड़प ली। शुक्ला के अधिवक्ता सुशील कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा, इस मामले पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को अतिरिक्त जिला न्यायाधीश-पांच (मुजफ्फरपुर) की अदालत ने मेरे मुवक्किल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। हम इस आदेश को चुनौती देंगे। शुक्ला का मुकाबला लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की वीणा देवी से है। चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी है। वैशाली के अलावा वाल्मिकी नगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में 25 मई को मतदान होगा।

## हिंद महासागर के गर्म होने से विनाशकारी प्रभाव पड़ेंगे

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर मे वर्ष 2020 और 2100 के बीच समुद्री सतह के 1.4 डिग्री सेल्सियस से तीन डिग्री सेल्सियस तक गर्म होने की उम्मीद है, जो चक्रवात में तेजी लाएगा, मानसून को प्रभावित करेगा और समुद्र के जल स्तर में वृद्धि करेगा। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। यह अध्ययन पुणे स्थित भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के जलवायु वैज्ञानिक रॉक्सी मैथ्यू कोल के नेतृत्व में किया गया। अध्ययन में यह प्रदर्शित किया गया है कि समुद्री हीटवेव (समुद्र के तापमान के असमान्य रूप से अधिक रहने की अवधि) के प्रतिवर्ष 20 दिन (1970-2000) से बढ़कर प्रतिवर्ष 220-250 दिन होने का अनुमान है, जिससे उष्ण कटिबंधीय हिंद महासागर 21वी सदी के अंत तक स्थाई हीटवेव स्थिति के करीब पहुंच जाएगा। समुद्री हीटवेव के कारण मूंगों का रंग खत्म हो जाता है, समुद्री घास नष्ट हो जाता है और जलीय पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचता है। इससे मत्स्य पालन क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह चक्रवात के कम अवधि में जोर पकड़ने की भी एक प्रमुख वजह है। उष्णकटिबंधीय हिंद महासागर के लिए भविष्य के पूर्वानुमान शीर्षक वाले अध्ययन के अनुसार, हिंद महासागर के जल का तेजी से गर्म होना केवल इसके सतह तक सीमित नही है। हिंद महासागर मे, उष्मा की मात्रा सतह से 2,000 मीटर की गहराई तक वर्तमान में 4.5 जेटा जूल प्रति दशक की दर से बढ़ रही है और इसमे भविष्य में 16-22 जेटा-जूल प्रति दशक की दर से वृद्धि होने का अनुमान है। कोल ने कहा कि उष्मा की मात्रा मे भविष्य में होने वाली वृद्धि एक परमाणु बम (हिरोशिमा मे हुए) विस्फोट से उत्पन्न होने वाली ऊर्जा के समान होगा। अधिकतम वार्मिंग अरब सागर सहित उत्तर पश्चिम हिंद महासागर मे होगी, जबकि सुमात्रा और जावा के तटो पर कम वार्मिंग होगी।

## महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में अभिनेता साहिल खान गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई साइबर प्रकोष्ठ के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले के संबंध मे अभिनेता साहिल खान को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बंबई उच्च न्यायालय ने अभिनेता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी जिसके बाद उन्हे शनिवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद उन्हे मुंबई लाकर गिरफ्तार किया गया। एसआईटी ने हाल मे खान से इस मामले मे पूछताछ की थी। स्टाइल और एक्सक्यूज मी जैसी फिल्मो मे काम कर चुके साहिल खान एक फिटनेस विशेषज्ञ है। अधिकारी ने बताया कि इस मामले मे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि खान इस मामले में शहर की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दूसरे व्यक्ति है। एसआईटी विवादास्पद महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों और राज्य में कुछ वित्तीय एवं रियल एस्टेट कंपनियो के बीच कथित अवैध लेन-देन के संबंध मे जांच कर रही है। पुलिस द्वारा इस मामले मे दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, यह घोटाला करीब 15,000 करोड़ रुपए का है। पुलिस ने बताया कि खान और 31 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ जांच जारी है जिसके तहत उनके बैंक खातों, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य तकनीकी उपकरणो की जांच की जा रही है।

# डॉ. कुमार विश्वास समेत तमाम कवियों ने बहाई काव्यरस धारा



## इविवि पुरा छात्र सम्मेलन




**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में रविवार को पुरा छात्र सम्मेलन एलुमनाई मीट फ़ैमिलियर फेसेस फीएस्टा के दूसरे दिन रविवार को सुप्रसिद्ध कवि डा कुमार विश्वास सहित अन्य कवियों ने समां बांध दिया। कवि डा कुमार विश्वास ने जैसे ही अपनी प्रस्तुति शुरू की तो दर्शकों ने तालियों से स्वागत किया। इस मौके पर डॉ कुमार विश्वास ने मंच पर खड़े होकर कहा कि विशेष स्पंदन से भर गया हूं। यह सोचकर कि इसी प्रांगण में कभी फिराक कभी मदन मोहन मालवीय कभी हरिवंश राय बच्चन कभी महादेवी वर्मा तो कभी धर्मवीर भारती घूमा करते होंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव का इस बात के लिए विशेष आभार व्यक्त किया कि पुरा छात्र सम्मेलन के इस मौके पर कवि सम्मेलन का आयोजन हम उन्होंने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय का वही कैंपस है। जहां तिग्माशू धुलिया ने अपनी फिल्म हासिल को गढ़ा था। यहां का एक एक एलुमनाई एक विश्वविद्यालय के समान है। इस दौरान कविता तिवारी राजीव राज सुदीप भोला और गजेंद्र प्रियांशू ने भी अपनी कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान संगम तट पर नौका विहार और विज्ञान संकाय में हैरिटेज वॉक हुआ।इससे पहले रविवार सुबह पुरा छात्रों को संगम तट पर नौका विहार करवाया गया।वीआईपी तट से नौकाओं पर सवार होकर पुरा छात्र संगम तट और सरस्वती घाट तक नौका विहार का आनंद लिया। इसके बाद पुरा छात्रों ने विज्ञान संकाय में आयोजित हैरिटेज वॉक में हिस्सा लिया। उन्होंने विजयनगरम हॉल सहित अन्य ऐतिहासिक इमारतों का भ्रमण किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी को पूरा कर लिया गया है। नए भवनों का निर्माण हुआ है और पुराने भवनों को ठीक करवाकर रंगरोगन किया गया है। उन्होंने दोहराया कि उनका प्रयास रहेगा कि यूनिवर्सिटी की शिक्षण व्यवस्था को बुलंदियों पर पहुंचाया जा सके। उन्होंने हॉस्टलों की हालत सुधारने के लिए अपने एलुमनाई से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कई पुरा छात्र मंत्रालयों में ऊंचे पदों पर बैठे हैं जो जिस प्रकार मद्द कर सकता है। विश्वविद्यालय के प्रयास में हमें सहयोग करे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो डा जया कपूर ने किया।

### निराला कला ग्राम में कला प्रदर्शिनी एवं फूड फेस्टिवल ने लुभाया

**प्रयागराज।** निराला आर्ट गैलरी में प्रो अजय जेटली के निर्देशन में फूड कोर्ट और कला एवं शिल्प प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें एलुमनाई ने विद्यार्थियों की ओर निर्मित कई लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। वहीं विद्याथियों ने द्वारा निर्मित पेंटिंग मूर्तियों एवं हस्तशिप की वस्तुओं ने दर्शकों को खूब लुभाया। दृश्य कला विभाग के अध्यक्ष प्रो अजय जेटली ने बताया कि प्रदर्शनी में करीब 25 फूड स्टॉल लगी हैं। इसके साथ ही हस्त कला से निर्मित कई वस्तुएं उचित मूल्य पर विक्रय के लिए उपलब्ध हैं।

# मोदी अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं पटनायक कुछ चुनिंदा लोगों के लिए: राहुल



**कटक।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्र में अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं तो दूसरी ओर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है। गांधी ने कटक के सालेपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि भले ही बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक–दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे एक साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इसे साझेदारी कहें या कुछ और नाम दें लेकिन बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं। गांधी ने पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही पटनायक मुख्यमंत्री हैं, लेकिन राज्य में बीजद सरकार उनके सहयोगी वी के पांडियन चला रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी और पटनायक की कथित साझेदारी पर निशाना साधते हुए कहा, अंकल–जी और नवीन–बाबू ने ओडिशा को पीएएएनएन दिया है, अर्थात पांडियन, अमित शाह, नरेन्द्र मोदी और नवीन पटनायक। उन्होंने आपका धन लूट लिया है। उन्होंने कहा, खनन घोटाले के जरिए नौ लाख करोड़ रुपए लूटे गए। जमीन हड़पकर 20,000 करोड़ रुपए लूटे गए। पौधारोपण घोटाला 15,000 करोड़ रुपए का था। जैसे ही यहां और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनेगी, हम आपको आपका पैसा वापस देना शुरू कर देंगे। गांधी ने दावा किया कि इसी तरह, तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) भाजपा के साथ काम करती थी और कांग्रेस पार्टी ने उसे सत्ता से बाहर कर दिया। कांग्रेस नेता ने कहा, नवीन–बाबू ने आपको पांडियन दिया है, मैं आपको बताऊंगा कि कांग्रेस आपको क्या देगी। अगर हम केंद्र की सत्ता में आए तो पांच क्रांतिकारी कार्य करेंगे। हम सभी गरीब परिवारों की एक सूची बनाएंगे और एक परिवार से एक महिला का चयन किया जाएगा तथा हम उसके बैंक खाते में सालाना एक लाख रुपए हस्तांतरित करेंगे।

# भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शेखी बघारने वाला व्यक्ति करार देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा, चाहे प्रधानमंत्री कोई भी हो। उन्होंने कहा कि मोदी भविष्य की एक ऐसी संभावना को अपनी गारंटी बता रहे हैं जो भारतीय बाजार के विशाल आकार को देखते हुए होनी ही है। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत अपनी जनसंख्या के आकार को देखते हुए यह उपलब्धि हासिल करेगा और इसमें जादू जैसी कोई बात नहीं है। हालांकि, उन्होंने एक ऐसी समयसीमा बताने से परहेज किया, जिसके भीतर देश वैश्विक रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। विश्व अर्थव्यवस्था रैंकिंग 2024 के अनुसार, 4.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ भारत अब केवल अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी से पीछे है। दुनिया की शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं की सूची में शामिल फ्रांस, इटली, ब्राजील, कनाडा और ब्रिटेन जैसे देश रैंकिंग में भारत से नीचे हैं। चिदंबरम ने पीटीआई–भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, नरेन्द्र मोदी बातों को बढ़ा–चढ़ाकर पेश करने में माहिर हैं। वह अंकगणित की अवश्यंभाविता को गारंटी में बदल रहे हैं। यह तो होना ही है.... भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, वर्ष 2004 में भारत की जीडीपी 12वें स्थान पर थी। 2014 में यह सातवें स्थान पर पहुंच गई। 2024 में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। प्रधानमंत्री कोई भी हो, भारत दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इसमें जादू जैसी कोई बात नहीं है। हमारी जनसंख्या के आकार को देखते हुए अंकगणितीय तौर पर यह होना ही है।

# पेज 1 का शेष

## भारत ने...

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस साल 28 फरवरी को गुजरात के तट से लगभग 3,300 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ जब्त करने में भारतीय नौसेना और एनसीबी के संयुक्त अभियान की सराहना की और इसे भारत को नशीली दवाओं से मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने भारतीय नौसेना के साथ मिलकर गुजरात तट के पास एक संदिग्ध नाव को रोका, जिसमें लगभग 3,300 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया गया। भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा कि मात्रा के मामले में इस जब्ती को हाल के दिनों में सबसे बड़ी घोषित किया। जब्त की गई वस्तुओं में 3,089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम मेथमफेटामाइन और 25 किलोग्राम मॉर्फिन शामिल हैं। संयुक्त अभियान की सराहना करते हुए, गृह मंत्री शाह ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, हमारी एजेंसियों ने आज देश में नशीली दवाओं की सबसे बड़ी जब्ती करने में बड़ी सफलता हासिल की। एक संयुक्त अभियान में एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस द्वारा 3132 किलोग्राम ड्रग्स की एक बड़ी खेप जब्त की गई। उन्होंने यह भी कहा, यह ऐतिहासिक सफलता देश को नशा मुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अवसर पर, वह एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस को बधाई देतो हैं।

## आतंकवादी....

की झड़प हुई। वीडीजी का एक सदस्य घायल हो गया। सेना और सीआरपीएफ के साथ संयुक्त ऑपरेशन जारी है। जम्मू में एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा, आज सुबह, पुलिस पिकेट के साथ एक पार्टी अपने साथ वीडीजी सदस्यों को लेकर चोचरू गाला हाइट्स की ओर बढ़ी, जहां छिपे हुए आतंकवादियों के एक समूह के साथ आमना–सामना हुआ।

## पूर्वोत्तर...

लोगों की आवाजाही और यातायात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। कन्फेडरेशन ऑफ नागालैंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (सीएनसीसीआई) ने घोषणा की कि अनिश्चितकालीन राज्यव्यापी बंद जारी रहेगा, लेकिन जनता को आवश्यक वस्तुएं खरीदने की अनुमति देने के लिए सोमवार को दोपहर से शाम 6 बजे तक केवल छह घंटे की छूट दी जाएगी। सीएनसीसीआई के अध्यक्ष खेकुघा मुरू ने कहा कि यह निर्णय इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है कि लोगों को पूर्व सूचना दिए बिना कई जिलों में बंद लागू किया गया था।

## कांग्रेस को...

भी गए थे जबकि यह इस मामले में मेरे पद के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि वह आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस के गठबंधन के फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन वह कांग्रेस के उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र उम्मीदवार कन्हैया कुमार द्वारा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की सराहना करने से परेशान थे। लवली ने अपना इस्तीफा सोशल मीडिया पर भी साझा किया गया है। उनके इस्तीफे ने पार्टी की दिल्ली इकाई में अंदरूरी कलह को सार्वजनिक कर दिया। साथ ही आप से गठबंधन को लेकर प्रदेश कांग्रेस में असंतोष को भी दिखाया। दिल्ली में कांग्रेस की मौजूदा स्थिति और आम आदमी पार्टी के साथ उसके गठबंधन का असर दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर पड़ सकता है, जहां 25 मई को मतदान होगा। इस बीच दर्जन भर से अधिक कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वे चुनाव में शामिल नहीं होंगे। लवली ने दावा किया कि अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद से, दिल्ली प्रभारी ने उन्हें दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति में किसी वरिष्ठ नेता को नियुक्ति करने की अनुमति नहीं दी है। चूंकि, मैं पार्टी कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा नहीं कर सकता हूं तो मुझे इस पद पर बने रहने की कोई वजह नजर नहीं आ रही है। इसलिए अत्यंत खेद और भारी मन से डीपीसीसी अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा दे रहे है। कांग्रेस–आप गठबंधन का जिक्र करते हुए लवली ने कहा, प्रदेश कांग्रेस इकाई एक ऐसी पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी, जो कांग्रेस के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के एकमात्र आधार पर बनी थी और बदले में, जिसके आधे मंत्री इस समय भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। इसके बावजूद, पार्टी ने दिल्ली में आप के साथ गठबंधन करने का फैसला किया। इससे पहले चार बार के विधायक और शीला दीक्षित सरकार में 15 साल तक मंत्री रहे राजकुमार चौहान ने भी पिछले सप्ताह यह आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया था कि जब उन्होंने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के उम्मीदवार सवाल उठाया था तो दिल्ली प्रभारी बाबरिया ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया था। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के दर्जन भर से अधिक वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक शीर्ष नेतृत्व से नाराज हैं और उन्होंने खुद को चुनाव प्रक्रिया से अलग कर लिया है। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली समेत अन्य राज्यों में गठबंधन किया है। राष्ट्रीय राजधानी में सीट बंटवारे के अनुसार, दिल्ली सात संसदीय सीटों में से कांग्रेस तीन और आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

## चुनाव आयोग...

शामिल हैं, चाहे वह अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की तस्वीर हो, राउज एवेन्यू कोर्ट में मनीष सिसोदिया के साथ पुलिस के दुर्व्यवहार का वीडियो, चाहे वह विरोध प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की हिरासत हो, सब कुछ तथ्यात्मक है। आतिशी ने सवाल किया क्या चुनाव आयोग सच को दबाना चाहता है। क्या चुनाव अयोग पुलिस के अत्याचार या भाजपा द्वारा जांच एजेंसियों के राजनीतिक दुरुपयोग को छिपाना चाहती है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के नेता पीड़ित कार्ड खेलने में माहिर हैं, वे पहले कानूनों का उल्लंघन करते हैं। फिर जब किसी अधिकारी या व्यक्ति द्वारा आपत्ति जताई जाती है तो वे पीड़ित कार्ड खेलना शुरू कर देते हैं। कानून के अनुसार प्रचार गीत या पुस्तिकाओं की सामग्री को सार्वजनिक रूप से जारी करने से पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रमाणित किया जाना चाहिए। गाने पर आप को अपने जवाब में दिल्ली के मुख्य चुनाव कार्यालय ने कहा कि यह वाक्यांश कि जेल के जवाब में हम वोट देंगे, ईसीआई के दिशानिर्देशों के प्रावधानों और केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के तहत निर्धारित कार्यक्रम और विज्ञापन संहिता का उल्लंघन है।

## जांच में...

(यौन उत्पीड़न), 354 (डी) (पीछा करना) और 506 (आपराधिक धमकी) और 509 (शब्द, इशारा या कृत्य का उद्देश्य शील का अपमान करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## दिल्ली....

इसके विपरीत, केरल और मेघालय विधानसभाओं को अपने 90 प्रतिशत से अधिक विधेयकों को पारित करने में पांच दिन से अधिक का समय लगा। जबकि 59 फीसदी बिलों को एक महीने के भीतर राज्यपाल की मंजूरी मिल गई। बिहार, गुजरात, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सहित सात राज्यों में सभी बिलों को एक महीने के भीतर मंजूरी मिल गई। जिन राज्यों में बिलों का प्रतिशत (2023 में पारित) सबसे अधिक था, जिन्हें दो महीने के भीतर मंजूरी नहीं मिली, वे थे असम (80 प्रतिशत), नागालैंड (57 प्रतिशत), झारखंड (50 प्रतिशत) और पश्चिम बंगाल (50 प्रतिशत) शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में औसतन किसी विधेयक को पारित होने के 92 दिन बाद मंजूरी मिल जाती है। अन्य राज्य जहां बिलों को मंजूरी मिलने में तुलनात्मक रूप से अधिक समय लगा, वे हैं असम (73 दिन), झारखंड (72 दिन), केरल (67 दिन), और हिमाचल प्रदेश (55 दिन)। ऐस में जब विधानसभा का सत्र कुछ दिनों का होता है ऐसे में इन दिनों में केवल कुछ घंटों मिलने के कारण व्यवसाय के लेन–देन पर खर्च होने वाला समय भी कम होता है। 2023 में, पांच राज्यों की बैठक 50 घंटे से कम समय के लिए हुई। सात राज्य 50 से 100 घंटे के बीच, आठ राज्य 100 से 150 घंटे के बीच, और छह राज्य 150 घंटे या उससे अधिक के बीच मिले। 2023 में जितने भी विधेयक पारित हुए, उनमें से 44 प्रतिशत विधेयक विधानसभा में पेश किए जाने के दिन या उसके अगले ही दिन पारित हो गए। पिछले दो वर्षों में भी रुझान (2022 में 56 प्रतिशत, और 2021 में 44 प्रतिशत) समान था। आंकड़ों के अनुसार 2023 में, पांच राज्यों – गुजरात, झारखंड, मिजोरम, पुडुचेरी और पंजाब ने सभी विधेयकों को पेश किए जाने वाले दिन या अगले दिन ही पारित कर दिया। इन राज्यों ने 2022 और 2021 में भी एक दिन के भीतर सभी विधेयक पारित किए।

# शहजादे ने महाराजाओं का अपमान किया, लेकिन नवाबों के अत्याचारों पर चुप हैं : मोदी


**भाषा।** बेलगावी



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति की खातिर नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों द्वारा किए गए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने विरासत कर मुद्दे पर भी कांग्रेस के खिलाफ हमला जारी रखा और कानून व व्यवस्था की स्थिति को लेकर कर्नाटक में पार्टी की सरकार पर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोगों की संपत्तियां बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस का शहजादा (राहुल गांधी) और उनकी बहन (प्रियंका गांधी वाद्रा) दोनों यह घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो वे देश का एक्स-रे करेंगे। प्रधानमंत्री ने पूछा, वे आपकी संपत्ति, बैंक लॉकर, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और महिलाओं के आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे। ए लोग हर घर पर छापा मारेंगे और आपकी संपत्ति पर कब्जा करेंगे। कब्जा करने के बाद वे इसे पुनः वितरित करने की बात कर रहे हैं, वे उसे अपने प्रिय वोट बैंक को देना चाहते हैं...क्या आप इस लूट को होने देंगे? मोदी ने कहा, मैं कांग्रेस को आगाह करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि इस इरादे को छोड़ दीजिए। जब तक मोदी जिंदा है, मैं इसे होने नहीं दूंगा...। यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, कांग्रेस ने तुष्टीकरण और वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए हमारा इतिहास और स्वतंत्रता संघर्ष लिखा, बल्कि आज भी कांग्रेस के शहजादे उस पाप को आगे बढ़ा रहे हैं। आपने कांग्रेस के शहजादे का हालिया बयान सुना होगा- वह कहते हैं कि भारत के राजा और महाराजा अत्याचारी थे। प्रधानमंत्री ने कहा, उन्होंने (गांधी) राजाओं और महाराजाओं पर लोगों तथा गरीबों की जमीन और संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया...कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जैसी महान शख्सियतों का अपमान किया है जिनका प्रशासन और देशभक्ति आज भी हमें प्रेरित करता है। मैसुरु के पूर्व शाही परिवार के योगदान को याद करते हुए मोदी ने कहा, कांग्रेस के शहजादे ने वोट बैंक की राजनीति और तुष्टीकरण को ध्यान में रखते हुए जानबूझकर ऐसे बयान दिए। उन्होंने कहा कि मैसुरु के पूर्व शाही परिवार का उनके योगदान के लिए आज भी देशभर में सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा, शहजादे ने राजा, महाराजाओं के बारे में बुरा-भला कहा, लेकिन भारत के इतिहास में नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों ने, जो अत्याचार किया, उसके बारे में शहजादे के मुंह पर ताला लग गया। मोदी ने कहा कि राहुल गांधी मुगल शासक औरंगजेब के जुल्मों को याद नहीं रख सकते।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने आरक्षण का समर्थन किया

**भाषा।** हैदराबाद



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरक्षण को लेकर विपक्ष के हमले के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संगठन ने हमेशा संविधान के अनुसार आरक्षण का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि संगठन भेदभाव व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है। यहां विद्या भारती विज्ञान केंद्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का उल्लेख किया और कहा कि इसमें झूठा दावा किया गया है कि आरएसएस आरक्षण का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि वीडियो में उन्हें एक बैठक करते दिखाया गया है जबकि इस तरह की कोई बैठक नहीं हुई है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जब से आरक्षण अस्तित्व में आया है, संघ ने संविधान के अनुसार आरक्षण का पूरी तरह समर्थन किया है। उन्होंने कहा, संघ का कहना है कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक लोग, जिन्हें यह दिया गया है, महसूस करें कि उन्हें इसकी आवश्यकता है। कथित वीडियो का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से जो नहीं हुआ, उसे भी दिखाया जा सकता है। आरक्षण को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच छिड़े वाकयुद्ध के बीव भागवत ने आरक्षण के समर्थन में टिप्पणी की है। वहीं, भागवत की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज कह रहा है कि वह आरक्षण के खिलाफ नहीं है, लेकिन पहले उसने आरक्षण का विरोध करने की बात कही थी। केंद्र शासित प्रदेश दमन तथा दीव में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने आरोप लगाया, उन्होंने (मोहन भागवत) ही बयान दिया था कि वह आरक्षण के विरोधी हैं। जो लोग आरक्षण के खिलाफ हैं वे उनकी पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं।

## रांची में फल मंडी में आग लगी

**रांची।** रांची की एक फल मंडी में रविवार शाम आग लग गई जिससे कई दुकानें जलकर खाक हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि अरगोड़ा इलाके में आग को बुझाने के लिए दमकल की दो गाड़ियों को लगाया गया है। उन्होने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नही हुआ है। अरगोड़ा थाना प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा ने पीटीआई-भाषा से कहा, आग में फलों की चार दुकाने जलकर खाक हो गईं जिस पर अभी तक काबू नही पाया जा सका है। पुलिस ने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट माना जा रहा है।

## मप्र में 11 साल की आदिवासी लड़की के साथ दो लड़कों ने बलात्कार किया

**अलीराजपुर।** मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले में 11 वर्षीया एक आदिवासी लड़की के साथ दो लड़को ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को जोबट पुलिस थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई। जोबट के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) नीरज नामदेव ने बताया कि लड़की दो दोस्तो के साथ एक शादी से घर लौट रही थी, और वह एक खेत में शौच के लिए रुक गई।उन्होंने बताया कि 14 से 18 साल की उम्र के दो लड़को ने खेत में लड़की के साथ बलात्कार किया, जबकि उसके दोस्त मौके से भाग गए। इलाके में रहने वाली लड़की की चाची उसे जोबट अस्पताल ले गई, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि दोनो लड़कों और उन्हे घटनास्थल से भागने में मदद करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## गर्मियों में सूती वस्त्रों की मांग बढ़ी

**मुंबई।** टाटा तनाएरा ने अपनी नई पेशकश कॉटन्स ऑफ इंडिया और समर ब्लूम्स कलेक्शन का अनावरण किया। जिसे खासतौर पर गर्मियों के इस सीज़न को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है। 2024 में ब्राण्ड ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। अपने विस्तार एवं उपभोक्ताओं को संतोषजनक सेवाएं प्रदान करते हुए तनाएरा भारत की टेक्सटाईल की परम्परा को बरक़रार रखने की अपने धरोहर को जारी रखे हुए है। उपभोक्ताओं को लुभाने और प्रेरित करने का वादा करते हुए यह हस्तनिर्मित कलेक्शन हर बुनाई और प्रिंट में ब्राण्ड के मूल्यों को दर्शाता है। तनाएरा की ओर से कॉटन्स ऑफ इंडियाए एक ही छत के नीचे भारत की सर्वश्रेष्ठ बुनाई को लाकरए देश और इसके लोगों की कहानी बयां करती हैं। कोलकाता की हलचल भरी सड़कों से लेकर तेलंगाना के करघों तकए तनाएरा ने पूरे देश को कवर किया है और भारत के बुनकर समुदायों की कहानियों को एक दूसरे के साथ जोड़ा है। इस अवसर पर तनाएरा के सीईओ अम्बुज नारायण ने कहा कि प्रमाणिकता और भरोसे के मूल्यों के साथ तनाएरा में हम सिर्फ एथनिक फैशन के दायरे से आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## हिमाचल: शिमला में भूस्खलन में दो लोगों की मौत

**शिमला-बिलासपुर।** शिमला के रोहडू इलाके में रविवार को एक एसयूवी वाहन के भूस्खलन की चपेट में आने से दो यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि रविवार को बिलासपुर जिले में एक अन्य घटना में, हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस के ट्रक से टकराकर पुल से गिरने के कारण लगभग 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि रोहडू उपखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग 707 पर हाटकोटी-पौटा साहिब रोड पर स्नेल गांव के निकट भूस्खलन हुआ जहां दो वाहन मलबे में फंस गए। सूचना मिलने पर पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा दोनों शवों को एसयूवी वाहन से निकाला।

# भाजपा एससी-एसटी और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण न हटाएगी और न किसी को हटाने देगी : अमित शाह

**भाषा।** कासगंज-मैनपुरी-इटावा



**केंद्रीय गृह** व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी एससी-एसटी (अनुसूचित जाति-जनजाति) वर्ग और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण न हटाएगी और न किसी को हटाने देगी और यह मोदी की गारंटी है। शाह रविवार को एटा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह और मैनपुरी के उम्मीदवार जयवीर सिंह के समर्थन में अलग-अलग चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। सभाओं में शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने राहुल गांधी पर पिछड़ा वर्ग के नाम पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि वे कह रहे हैं कि भाजपा को 400 सीटें दी तो भाजपा आरक्षण खत्म देगी। शाह ने कहा, इन लोगों ने झूठ की फैक्ट्री खोलकर रखी है। गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के पास आरक्षण हटाने के लिए पूर्ण बहुमत दो कार्यकाल से है, परंतु मोदी जी आरक्षण समर्थक हैं और आज मैं मोदी गारंटी कहकर जाता हूं कि एससी एसटी और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण न भाजपा हटाएगी न किसी को हटाने देगी। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा, मोदी जी जब प्रधानमंत्री बने तो पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक सम्मान दिया गया। शाह ने रविवार को राम मंदिर मुद्दे को लटकाए रखने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि जनता को कारसेवकों पर गोलियां चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों में से किसी एक को चुनना होगा। उन्होंने कहा, दो खेमे हैं, एक खेमा राम भक्तों पर गोली चलवाने वालों का है और दूसरा खेमा राम मंदिर बनवाने वालों का। राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होने पर विपक्षी दल के नेताओं पर हमला करते हुए शाह ने कासगंज में कहा, जो लोग प्रतिष्ठा समारोह में नहीं गए, वे जानते हैं कि वे वही लोग हैं जिन्होंने कारसेवकों पर गोली चलाई थी। भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस पार्टी, राहुल बाबा और अखिलेश यादव की पार्टियों ने 70-70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा, भटका कर रखा। यूपी वालों आप लोगों ने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और मोदी जी ने पांच अगस्त 2020 को भूमि पूजन किया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा करके जयश्रीराम कर दिया। मैनपुरी में सपा प्रमुख यादव की पत्नी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार जयवीर सिंह ठाकुर के पक्ष में एक रैली में शाह ने कहा, अखिलेश जी, डिंपल जी आप लोग राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में किसके डर से नहीं गए।

## भारत का प्रतिनिधिमंडल बांग्लादेश की तीन-दिवसीय यात्रा पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**शासन** संबंधी मामलों पर द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार से बांग्लादेश की तीन-दिवसीय यात्रा पर है। कार्मिक मंत्रालय नें कहा गया कि यह यात्रा बांग्लादेश के लोक प्रशासन मंत्रालय के निमंत्रण पर की जा रही है और इस दौरान बांग्लादेश के लोकसेवकों के लिए क्षेत्रीय प्रशासन में क्षमता निर्माण कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के सचिव वी श्रीनिवास राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी) भारत और बांग्लादेश लोक प्रशासन मंत्रालय के बीच 2024 से 2029 की अवधि के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के नवीनीकरण के संबंध में द्विपक्षीय चर्चा के वास्ते 28-30 अप्रैल 2024 तक चार-सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

# कांग्रेस और माकपा बंगाल में भाजपा की मदद कर रहे हैं : ममता

**भाषा।** कलियाचक



**मुख्यमंत्री ममता** बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के पश्चिम बंगाल में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का जिक्र करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और माकपा राज्य में भाजपा की मदद कर रहे हैं।

मालदा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ेगी और लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार के गठन में अहम भूमिका निभाएगी।

उन्होंने कहा, बंगाल में कांग्रेस के साथ हमारा कोई गठबंधन नहीं है। यहां माकपा का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। दोनों भाजपा के साथ मिले हुए हैं और यदि आप (मतदाता) कांग्रेस या माकपा को वोट देते हैं तो यह भाजपा विरोधी वोट को बांटने और यह (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी की मदद करने के समान है। बनर्जी ने दावा किया कि तृणमूल इस शर्त के साथ कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा करना चाहती थी कि उन्हें बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के साथ कोई तालमेल नहीं रखना चाहिए, लेकिन उन्होंने (कांग्रेस) यह बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और माकपा के नेता भाजपा की ही भाषा बोल रहे हैं और राज्य में टीएमसी संचालित सरकार की जनहितैषी नीतियों के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। एसएससी भर्ती के संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बारे में मोदी की टिप्पणियों पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, 26,000 युवाओं ने अचानक अपनी नौकरी खो दी है। क्या इससे आपको खुशी मिलती है? वहीं, मालदा उत्तर सीट के हबीबपुर में एक अन्य रैली में तृणमूल प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा मतदान की तारीख की पूर्व संध्या पर वोट खरीदने के लिए मतदाताओं को पैसे देती है। उन्होंने कहा, इस कदाचार को क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारियों और हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं के संज्ञान में लाएं। भाजपा लोगों के लिए काम करने में विश्वास नहीं करती है, यह लोगों को रिश्वत देने में विश्वास करती है। क्या किसी को ऐसी भ्रष्ट पार्टी को वोट देना चाहिए जिसका कोई सिद्धांत नहीं है। बनर्जी ने प्रधानमंत्री पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा, उन्होंने महिलाओं को उनकी संपत्ति, सोने के गहने, मंगलसूत्र छीने जाने के बारे में डराने की कोशिश की है। क्या ऐसा कभी हो सकता है? उन्होंने दावा किया, मोदी जी केवल झूठ फैलाकर लोगों को बांटने की कोशिश करते हैं। हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे। हमारे लिए हर धर्म महत्वपूर्ण है, हर समुदाय महत्वपूर्ण है।

# चीनी दमन से दुनिया को अवगत कराना चाहती हूं: तिब्बती लड़की

**भाषा।** धर्मशाला

**महज 15 साल** की उम्र में स्वतंत्र तिब्बत की मांग को लेकर चीन में जेल जा चुकी एक तिब्बती लड़की ने कहा है कि वह चीनी दमन से दुनिया को अवगत कराना चाहती है।

दलाई लामा के चित्रों को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने और तिब्बत को स्वतंत्र करने की मांग के कारण तिब्बती लड़की नामकी और उसकी बहन को चीनी अधिकारियों ने तिब्बती काउंटी नगाबा में 21 अक्टूबर, 2015 को पकड़ लिया और उन्हें तीन साल के लिए जेल में बंद कर दिया। तब नामकी की उम्र केवल 15 साल थी। नामकी ने बताया कि तिब्बत में चीनी दमन के बारे में दुनिया भर के लोगों को जागरूक करने के अपने दृढ़ संकल्प के साथ 10 दिनों की कठिन पैदल यात्रा के बाद नेपाल में प्रवेश करने के कुछ सप्ताह बाद पिछले साल जून में वह भारत पहुंचीं। नामकी अब 24 साल की हो चुकी हैं और फिलहाल हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार द्वारा संचालित एक शैक्षणिक संस्थान शेरब गैटसेल लिंग की छात्रा हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, चीनी सरकार तिब्बत के बारे में पूरी दुनिया को जो दिखा रही है वह हकीकत के बिल्कुल उलट है। तिब्बती लोग बढ़ते भय और दमन के तहत जी रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चीन तिब्बत की पहचान को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। तिब्बती कार्यकर्ता चीन पर धार्मिक स्वतंत्रता से इनकार करने और तिब्बत की सांस्कृतिक विरासत और पहचान को खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाते रहे हैं। बीजिंग आरोपों को खारिज करता रहा है।

नामकी ने कहा, मैं दुनिया को बताना चाहती हूं कि तिब्बत में क्या हो रहा है। मैं तिब्बती लोगों की आवाज बनकर दुनिया को उनके दर्द एवं पीड़ा तथा चीनी दमन के बारे में बताना चाहती हूं। चारो गांव के एक विशिष्ट खानाबदोश परिवार में जन्मीं नामकी ने नगाबा के एक प्रमुख इलाके में स्वतंत्र तिब्बत का आह्वान करने और दलाई लामा की तिब्बत में शीघ्र वापसी की मांग को लेकर प्रदर्शन करने के बाद उसे और उसकी बहन तेनजिन डोलमा को हिरासत में लिए जाने की उस घटना की याद को साझा किया।

## निजी कंपनियां अंतरिक्ष को और अधिक सुलभ बना देंगी : इसरो प्रमुख

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने इसरो के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज के माध्यम से अंतरिक्ष में दिलचस्पी रखने वालों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में निजी कंपनियां निश्चित रूप से क्षेत्र में अनुसंधान को गति देने में मदद करेंगी। एक निजी कंपनी स्पेसएक्स के कथित तौर पर अधिकांश देशों की तुलना में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अधिक योगदान देने पर टिप्पणी करते हुए सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि निजी कंपनियों को रॉकेट इंजन बनाने के लिए प्रोत्साहित करने और स्पेसएक्स के मामले में इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाने वाले रॉकेट की संभावना का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करने की अमेरिका की परंपरा को भारत द्वारा दोहराया जा सकता है।

# सेक्स स्कैंडल मामले की जांच में तथ्य सामने आने दें : कुमारस्वामी

**भाषा।** बेंगलुरु



जनता दल (सेक्युलर) नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने रविवार को कहा कि वह कथित सेक्स स्कैंडल में अपने भतीजे एवं हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता के बारे में जांच में तथ्य सामने आने का इंतजार करेंगे, लेकिन उन्होंने कहा कि जिसने भी अपराध किया है, उसे माफ करने का सवाल ही नहीं उठता।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना के कथित तौर पर देश छोड़ने से उनका कोई लेना-देना नहीं है और जरूरत पड़ने पर उन्हें वापस लाना विशेष जांच दल (एसआईटी) की जिम्मेदारी है। प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एवं जद (एस) के संरक्षक एच.डी. देवेगौड़ा के बड़े बेटे एच.डी. रेवन्ना की संतान हैं। एच.डी. रेवन्ना भी विधायक हैं और मंत्री भी रह चुके हैं। प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले कुछ कथित वीडियो हाल के दिनों में हासन जिले में प्रसारित हो रहे हैं। प्रज्वल हासन से भाजपा-जद(एस) गठबंधन के उम्मीदवार हैं। इस सीट पर मतदान 26 अप्रैल को संपन्न हो चुका है। कुमारस्वामी ने कहा, मुझे पता चला है कि मुख्यमंत्री ने एसआईटी जांच का आदेश दिया है। चाहे मैं हों या देवेगौड़ा (उनके पिता), हमने हमेशा महिलाओं के प्रति सम्मानपूर्वक व्यवहार किया है और जब भी कोई अपनी पीड़ा लेकर आया तो हमने समस्या को हल करने का प्रयास किया है। यहां संवाददाताओं से उन्होंने कहा, हासन मुद्दे में जांच के बाद तथ्य सामने आने दीजिए। चाहे कोई भी हो, जिसने भी कानून की नजर में गलत किया है, उसे माफ करने का कोई सवाल ही नहीं है। इसलिए जांच से तथ्य सामने आने दीजिए, उसके बाद मैं प्रतिक्रिया दूंगा। प्रज्वल रेवन्ना के विदेश जाने के सवाल पर कुमारस्वामी ने कहा, इसका मेरे से संबंध नहीं है। एसआईटी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। अधिकारियों को काम पर लगा दिया गया है। अगर वह विदेश चले गए हैं तो उन्हें वापस लाना एसआईटी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कथित सेक्स स्कैंडल में सांसद की संलिप्तता की जांच को लेकर एसआईटी गठित करने की घोषणा की है।इस बीच, मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक पुलिस इस बात से अवगत है कि प्रज्वल देश छोड़ चुके हैं। बयान में कहा गया है, प्रज्वल रेवन्ना के वीडियो हासन में प्रसारित किए जा रहे हैं। और प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया। बयान में कहा गया कि सरकार ने कर्नाटक राज्य महिला आयोग की प्रमुख के अनुरोध पर एक एसआईटी गठित करने का फैसला किया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी ने बृहस्पतिवार को सिद्धरमैया और राज्य पुलिस प्रमुख आलोक मोहन को पत्र लिखकर हासन में प्रसारित हो रहे वीडियो की जांच की मांग की। प्रज्वल ने अपने चुनाव एजेंट के माध्यम से अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई है कि वीडियो से फर्जी है और चुनाव से पहले उनकी छवि खराब करने के लिए इसे प्रसारित किया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### गुटबाजी में तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या, महिला भाजपा नेता पर हमला

**कोलकाता।** कोलकाता में अलग-अलग घटनाओं में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक स्थानीय नेता गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस संबंध में एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि तृणमूल कार्यकर्ता संजीव दास की कथित तौर पर पार्टी के दो गुटों के बीच झड़प में बागुईआटी इलाके में हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि शनिवार रात को बागुईआटी के अर्जुनपुर वेस्ट पारा में हुए झगड़े में दोनों तरफ से ईंट-पत्थर फेंके जाने की घटना में दास गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि दास के खिलाफ 11 मामले दर्ज थे।उन्होंने कहा कि घटना के संबंध में कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। दास के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि स्थानीय पार्षद के प्रति निष्ठा रखने वाले तृणमूल कार्यकर्ताओं ने इस घटना को अंजाम दिया। उन्होंने दावा किया कि दास को ईंट-पत्थर फेंके जाने की घटना में घायल होने के बाद डंडों से भी पीटा गया। इस बीच, भाजपा नेता सरस्वती सरकार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि शनिवार रात दक्षिण कोलकाता के आनंदपुर इलाके में तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उनके साथ मारपीट की। उन्होंने दावा किया कि उन पर तब धारदार हथियारों से हमला किया गया जब वह और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता चुनावी बैनर लगा रहे थे। हमले में उनके सिर में गंभीर चोट आई है। उन्होंने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख और पश्चिम बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किया, पश्चिम बंगाल में कोई भी महिला सुरक्षित नही है। पिछली रात, तृणमूल के गुंडो ने सरस्वती सरकार पर हमला किया जो (दक्षिण कोलकाता में) भाजपा की कस्बा मंडल अध्यक्ष के रूप में काम करती हैं। पश्चिम बंगाल की गृह मंत्री के रूप में ममता बनर्जी की भारी नाकामी के कारण स्थिति और बिगड़ गई है। अगर कोलकाता भी सुरक्षित नही है तो संदेशखालि में सुरक्षा चिंताओं की गंभीरता की कल्पना ही की जा सकती है। बंगाल के लोग निस्संदेह इन जघन्य कृत्यों का जवाब देंगे। मालवीय ने एक वीडियो भी साझा किया जिसमें महिला नेता एक थाने में बैठी दिखाई देती है और उनके सिर से खून बहता दिखता है। सरस्वती सरकार ने बाद में पत्रकारों से कहा कि शनिवार रात पार्टी के प्रचार अभियान के तहत बैनर लगा रही उनकी टीम के दो सदस्यों की तृणमूल कार्यकर्ताओं ने बुरी तरह पिटाई की। उन्होंने कहा, जब मैं उन्हें बचाने गई तो तृणमूल के गुंडो ने मुझसे भी मारपीट की। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने दावा किया कि कोलकाता में पहले कभी महिलाओं पर ऐसे हमले नही देखे गए। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग ऐसे अत्याचारों का मुंहतोड़ जवाब देंगे।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रियंका पर साधा निशाना, नकली गांधी बताया

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा पर प्रहार करते हुए दावा किया कि वह नकली गांधी है और वोट पाने के लिए इस उपनाम का इस्तेमाल कर रही हैं। मुख्यमंत्री गुना लोकसभा क्षेत्र के म्याना कस्बे में शनिवार को एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 अप्रैल को राजस्थान में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगो की गाढ़ी कमाई और मूल्यवान चीजो को घुसपैठियो और उन लोगो को देने की है, जिनकी अधिक संतान है। उन्होंने कहा था कि यह पार्टी सत्ता में आने पर माताओं और बहनों का सोना चुरा लेगी। बाद में, प्रियंका ने सोना और मंगलसूत्र संबंधी मोदी की टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना करते हुए कहा था कि उनकी मां सोनिया गांधी ने देश के लिए अपना मंगलसूत्र तक कुर्बान कर दिया। कांग्रेस महासचिव पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा कि अपनी प्रपौत्री के मंगलसूत्र नही पहनने को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की आत्मा आंसू बहा रही होगी। मुख्यमंत्री ने गांधी उपनाम का इस्तेमाल करने को लेकर भी नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हमारे यहां, बेटी के विदा होते ही वहां (उसके ससुराल) का सरनेम (उपनाम) लगा देते हैं लेकिन ए वोट के भूखे लोग वोट के चक्कर में अपना सरनेम भूल रहे हैं और आज भी गांधी उपनाम का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, प्रियंका भी गांधी हो गईं। उनका उपनाम कहां से आया? वे असली गांधी के परिवार के लोग आज न जाने कहां होंगे? ए नकली गांधी लोग गांधी के नाम पर वोट ले रहे हैं। यादव के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मीडिया सलाहकार के. के. मिश्रा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रियंका गांधी ने दूसरे धर्म में शादी की है। उन्होने कहा, क्या यह असंवैधानिक है या फिर कोई अपराध है? यादव को इस बात पर भी आपत्ति है कि प्रियंका जी शादी के बाद गांधी उपनाम क्यों लगाती है? मुख्यमंत्री, कृपया उनका एक्स अकाउंट देखिए, उनके उपनाम के बाद वाद्रा भी लिखा है।

### बजाज बेमिसाल और उत्कृष्ट सेवा देगा

**पुणे।** भारत की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनियों मेंसे एक बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज प्रिवे को लॉन्च करदिया। यह एक एक्सक्लूसिव कस्टमर इक्स्पीरीयंस प्रोग्राम है जो बेजोड़ क्वालिटी के साथ साथ ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा तक अपनी पहुंच प्रदानकरता है। परंपरागत रूप सेए भारत में पिछले कुछ सालों में बीमा काविस्तार करने का प्रयास ज्यादातर टियर 2टियर 3 स्थानों और ग्रामीणबाजारो में केंद्रित रहा है। जिसमें मुख्य रूप से मध्यम, उच्च मध्यम वर्ग औरग्रामीण ग्राहक शामिल हैं। उपरोक्त सभी ग्राहक खंडों में बीमा पैठ बढ़ाने पर अपने मजबूत फोकस के अलावा, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस अब ग्राहकों के एक विशेष क्लास कोअपनी सेवाएं देगा। जिन्हें आमतौर पर बढ़ी हुई कवरेज सीमा के साथ बीमासोल्युशंस की आवश्यकता होती है। ऐसे समझदार ग्राहकों की वित्तीयऔर लाइफस्टाइल से जुड़ी प्राथमिकताओं के अनुरूप उनकी जरूरतों औरसुरक्षा को पहचानते हुएए प्रिवे ट्रडिशनल बीमा प्रोडक्टस से कहीं आगेनिकल जाता है। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस केएमडी और सीईओ तपन सिंघल ने कहा हम अग्रणी बीमा सोल्युशंस प्रदान करने के लिए समर्पित हैं और यही हमारा बेसिक सिद्धांत है जिसकेजरिए हम देश भर में प्रत्येक व्यक्ति की विविध आवश्यकताओं को पूराकरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रिवे को वास्तव में जो चीज अलग करती है वह है हरटचपॉइंट पर सेवा उत्कृष्टता के प्रति हमारा अटूट समर्पण।

### महाराष्ट्र : सोलापुर 43.7 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म, कई इलाकों में पारा 40 के पार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई इलाकों में रविवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया तथा सोलापुर 43.7 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म स्थान रहा जो सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने इसकी जानकारी दी। विभाग के आंकड़ो के अनुसार, उच्च तापमान मुख्य रूप से राज्य के पश्चिमी और मध्य क्षेत्रो मे दर्ज किया गया। विशेष रूप से, रविवार को रायगढ़, मुंबई उपनगर और ठाणे के लिए लू की चेतावनी जारी की गई थी। कोलाबा वेधशाला (दक्षिण मुंबई) द्वारा सामान्य से एक डिग्री अधिक 34.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1.4 डिग्री बढ़कर 27.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। विभाग के अनुसार, सांताक्रूज़ वेधशाला (मुंबई उपनगर) ने अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से 4.4 डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक है। इसने के अनुसार, पड़ोसी ठाणे मे अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य जिले जहां तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया उनमे छत्रपति संभाजीनगर (40.7), जलगांव (42.2), नासिक (41.2), कोल्हापुर (40.2), नांदेड़ (42.4), पालघर (42), परभणी (42.8), सांगली (41) और सतारा (40.5) डिग्री सेल्सियस शामिल हैं।

# टेस्ला के मालिक एलन मस्क अचानक चीन पहुंचे

● प्रधानमंत्री ली कियांग से की मुलाकात

भाषा। बीजिंग



**अरबपति कारोबारी** एलन मस्क रविवार को अचानक बीजिंग पहुंच गए। इस बीच चीन के बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में उनके द्वारा टेस्ला की स्वचालित ड्राइविंग तकनीक का अनावरण करने की भी अटकलें हैं। मस्क ने रविवार को चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात की और अपनी वाहन कंपनी टेस्ला के लिए भविष्य की विस्तार योजनाओं पर चर्चा की। ली ने मस्क से कहा कि चीन का विशाल बाजार विदेशी वित्तपोषित उद्यमों के लिए हमेशा खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि चीन विदेशी वित्तपोषित उद्यमों को बेहतर कारोबारी माहौल और मजबूत समर्थन प्रदान करने के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने और सेवाओं में सुधार करने पर कड़ी मेहनत करेगा ताकि सभी देशों की कंपनियां शांत मन से चीन में निवेश कर सकें। ली ने कहा कि चीन में टेस्ला के विकास को चीन-अमेरिका आर्थिक सहयोग का एक सफल उदाहरण कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि तथ्यों ने साबित कर दिया है कि समान सहयोग और पारस्परिक लाभ दोनों देशों के सर्वोत्तम हित में हैं। चीन के प्रधानमंत्री ने कहा कि उम्मीद है कि अमेरिका और चीन बीच में मिलेंगे और दोनों राष्ट्राध्यक्षों के रणनीतिक मार्गदर्शन में द्विपक्षीय संबंधों के स्थिर विकास को बढ़ावा देंगे। आधिकारिक मीडिया के अनुसार, मस्क ने कहा कि टेस्ला की शंघाई गीगाफैक्ट्री कंपनी की सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला कारखाना है। उन्होंने हर हालत में और ज्यादा मुनाफा प्राप्त करने के लिए चीन के साथ सहयोग को गहरा करने की इच्छा जताई। चीन के सरकारी प्रसारक सीटीजीएन के अनुसार, स्पेसएक्स और टेस्ला के प्रमुख ने अंतराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए चीन परिषद (सीसीपीआईटी) के निमंत्रण पर चीन की यात्रा की। इस दौरान उन्होंने चीन के साथ आगे के सहयोग पर चर्चा करने के लिए सीसीपीआईटी अध्यक्ष रेन हॉन्गबिन से मुलाकात की हांगकांग के समाचार पत्र साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने लिखा कि मस्क के स्टेट काउंसिल में वरिष्ठ चीनी अधिकारियों और बीजिंग में पुराने दोस्तों से मिलने की संभावना है।मस्क ने शंघाई में सात अरब डॉलर के निवेश से एक ईवी संयंत्र स्थापित किया था, जिसके बाद से उनकी टेस्ला ईवी चीन में लोकप्रिय हो गई है। इस संयंत्र में उत्पादन 2020 में शुरू हो गया था।मस्क ने हाल ही में भारत की प्रस्तावित यात्रा टाल दी थी। भारत में वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर देश में टेस्ला का कारखाना शुरू करने की योजनाओं पर बात करने वाले थे। मस्क बीजिंग का दौरा तब कर रहे हैं जब चीन में उनके टेस्ला बाजार को स्थानीय ईवी वाहनों की बढ़ती बिक्री से खतरा है।ऑस्टिन (टेक्सास) की कंपनी टेस्ला को पिछले कुछ वर्षों में चीनी ईवी निर्माताओं से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा है। कंपनी ने चीन के प्रीमियम ईवी खंड में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखने के लिए अपने शंघाई में बने वाहनों की कीमतों में छह प्रतिशत तक की कटौती की है।मस्क की हालिया चीन यात्रा बीजिंग वाहन प्रदर्शनी - 2024 के आसपास ही हो रही है। यह प्रदर्शनी बृहस्पतिवार को शुरू हुई थी।

## संघर्ष विराम समझौते को लेकर अधिक प्रतिबद्धता और गंभीरता दिखाएं इजराइल और हमासः कतर अधिकारी

भाषा। तेल अवीव

**कतर के एक** वरिष्ठ अधिकारी ने इजराइली मीडिया को दिए साक्षात्कारों में इजराइल और हमास से संघर्ष विराम वार्ताओं में अधिक प्रतिबद्धता और गंभीरता दिखाने का आह्वान किया है। दोनों पक्षों पर इस समय संघर्ष विराम समझौते को लेकर दबाव बन रहा है, ताकि इजराइली बंधकों कि रिहाई हो सके और गाजा को करीब सात महीने से जारी युद्ध में राहत मिल सके। इजराइल के उदारवादी माने जाने वाले हारेत्ज समाचार पत्र और इजराइली सार्वजनिक प्रसारक केन पर शनिवार सुबह कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी के साक्षात्कार प्रकाशित व प्रसारित हुए। माजिद ने साक्षात्कारों के दौरान हमास और इजराइल के प्रति निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों पक्षों ने राजनीतिक हितों को ध्यान में रखकर फैसले लिए हैं, नागरिकों की भलाई को मद्देनजर रखकर नहीं। उन्होंने हारेत्ज से कहा, हम दोनों पक्षों की तरफ से अधिक प्रतिबद्धता और गंभीरता दर्शाने की आशा कर रहे हैं। माजिद ने कहा, अगर दोनों पक्ष यह प्रतिबद्धता दिखाते हैं, तो मुझे पक्का यकीन है कि हम समझौते पर पहुंच जाएंगे। कतर में इजराइली पत्रकारों ने उनके साक्षात्कार किए हैं। कतर के इजराइल के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं। युद्ध के दौरान कतर और इजराइल के संबंध तनावपूर्ण रहे हैं।

## बलूचिस्तान में भारी बारिश के कारण मरने वालों की संख्या 22 हुई

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में भारी बारिश के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ ने रविवार को यह जानकारी दी। राजधानी क्वेटा समेत बलूचिस्तान प्रांत के कई जिलों में भारी बारिश और तूफान के कारण शनिवार को अचानक बाढ़ का सामना करना पड़ा। कई शहरों में भी बाढ़ की स्थिति रही। बारिश, तूफान और ओलावृष्टि के कारण अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। ए मौतें पिछले 48 घंटे में हुईं। मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि क्वेटा घाटी में शनिवार को भारी बारिश, तूफान और ओलावृष्टि हुई, जिसके कारण मुख्य सड़कों और गलियों में पानी भर गया। बाढ़ में कई घर भी बह गए और शहरों और कस्बों तथा मुख्य राजमार्गों पर बड़े पैमाने पर यातायात अवरुद्ध हो गया।

## पाकिस्तान में हिंगलाज माता मंदिर तीर्थयात्रा संपन्न

**हिंगलाज।** पाकिस्तान में हिंगलाज मंदिर तीर्थयात्रा रविवार को संपन्न हो गई। आयोजकों ने कहा कि शुक्रवार को शुरू हुई तीर्थयात्रा में एक लाख से अधिक हिंदुओं ने हिस्सा लिया। इस तीर्थयात्रा के दौरान हिंदू श्रद्धालु सैकड़ों सीढ़ियां चढ़कर एक पर्वत के शिखर तक पहुंचते है, जहां हिंगलाज माता मंदिर स्थित है। वहां पहुंचकर वे प्राचीन मंदिर के दर्शन करते हैं और तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेते है। मुस्लिम-बहुल पाकिस्तान में 44 लाख हिंदू रहते हैं, जो आबादी का केवल 2.14 प्रतिशत हिस्सा है। हिंगलाज माता मंदिर उन कुछेक हिंदू धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां हर साल बड़ी संख्या में तीर्थयात्री जुटते हैं। हिंदुओं का मानना है कि हिंगलाज माता मंदिर वह स्थान है जहां धरती पर माता सती के अवशेष गिरे थे। मंदिर के सबसे वरिष्ठ पुजारी महाराज गोपाल ने कहा, यह हिंदू धर्म में सबसे पवित्र तीर्थयात्रा है। जो भी इन तीन दिन के दौरान मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करता है वह सभी पापो से मुक्त हो जाता है।

## अलास्का की चोटी पर चढ़ाई करते वक्त गिरे पर्वतारोही का शव बरामद

**एंकरेज (अमेरिका)।** अलास्का के डेनाली नेशनल पार्क एंड प्रिजर्व में एक दुर्गम मार्ग पर चढ़ाई करते वक्त करीब 300 मीटर नीचे गिरे एक पर्वतारोही का शव शनिवार को बरामद कर लिया गया। पार्क के अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि न्यूयॉर्क निवासी रॉबी मेक्स (52) बृहस्पतिवार को 2,560 मीटर ऊंचे माउंट जॉनसन पर्वत पर चढ़ाई करते वक्त गिर गया था जिसके बाद चोटें आने के कारण उसकी मौत हो गई। इस हादसे में उसके साथ चढ़ाई कर रही कैलिफोर्निया की 30 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे शुक्रवार को विमान से एंकरेज के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बयान के अनुसार, पर्वत पर चढ़ाई कर रहे एक अन्य दल ने दोनों को गिरते हुए देखा था और बृहस्पतिवार रात को इसकी सूचना दी थी। वे उस जगह पर उतरे जहां पर्वतारोही गिरे थे और उन्होंने एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की। इसमें बताया गया है कि शुक्रवार सुबह एक हेलीकॉप्टर और दो पर्वतारोहण रेंजरों ने घायल पर्वतारोही को बचाया। उन्होंने शनिवार सुबह मेक्स का शव बरामद किया।

# पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार को उपप्रधानमंत्री नियुक्त किया गया

भाषा। इस्लामाबाद



एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार को रविवार को देश का उप-प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। कैबिनेट सचिवालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। चार्टर्ड अकाउंटेंट और अनुभवी राजनेता 73 वर्षीय डार, प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी से हैं। अधिसूचना के अनुसार, यह नियुक्ति प्रधानमंत्री शरीफ द्वारा तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक की गई है। यह घोषणा तब की गई जब प्रधानमंत्री शरीफ और विदेश मंत्री डार दोनों विश्व आर्थिक मंच की बैठक में भाग लेने के लिए सऊदी अरब में हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि डार उपप्रधानमंत्री के रूप में कौन सी विशिष्ट जिम्मेदारियां निभाएंगे, क्योंकि परंपरागत रूप से, सभी शक्तियां प्रधानमंत्री के पास निहित होती हैं जो सरकार का प्रमुख होता है।दोनों परिवारों के बीच वैवाहिक संबंधों के कारण डार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का करीबी माना जाता है, क्योंकि उनका बेटा नवाज शरीफ का दामाद है। शरीफ परिवार के करीबी सहयोगी डार पिछली दो सरकारों में वित्त मंत्री रह चुके हैं। पिछली पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) गठबंधन सरकार में चौथी और आखिरी बार वित्त मंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्हें सभी आर्थिक समस्याओं के लिए पार्टी का जवाब माना जाता था। दशकों तक पार्टी के वित्त विशेषज्ञ होने के बावजूद, जब मार्च में प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने मंत्रिमंडल का गठन किया तो उन्हें आश्चर्यजनक रूप से विदेश मंत्री बनाया गया। उन्हें पिछले महीने संसद के उच्च सदन सीनेट का अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना थी, लेकिन पीएमएल-एन द्वारा गठबंधन सरकार के लिए समर्थन हासिल करने के वास्ते पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के साथ समझौता करने के बाद वह दौड़ में पिछड़ गए।पार्टी पीपीपी को अध्यक्ष और सीनेट अध्यक्ष का पद देने पर सहमत हो गई, जिससे डार के पास सरकार में किसी अन्य भूमिका के लिए समझौता करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

## पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन ने इमरान खान की पार्टी पर साधा निशाना

**लाहौर।** पाकिस्तान की मौजूदा गठबंधन सरकार के नेताओं ने केवल सेना के साथ बातचीत की मांग करने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि अगर वह सेना को राजनीति मे शामिल करना चाहते है तो उन्हें नागरिक अधिकारों की सर्वोच्चता को लेकर शिकायत नही करनी चाहिए। दरअसल, इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के वरिष्ठ नेता शहरयार आफरीदी ने गठबंधन सरकार से बातचीत के प्रस्तावों को लेकर शुक्रवार को दावा किया कि पार्टी बातचीत करेगी, लेकिन बिलावल भुट्टो-जरदारी के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) या सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के साथ नही। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता ख्वाजा साद रफीक ने कहा कि 71 वर्षीय खान की पीटीआई अगर सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत करना चाहती है, तो उसे नागरिक अधिकारों की सर्वोच्चता को लेकर शिकायत नही करनी चाहिए। रफीक ने कहा, इमरान खान का व्यवहार यही रहा है कि उनका एक हाथ उनकी गर्दन पर और दूसरा उनके पैरों पर होता है। वह बाहर चिल्लाते हैं कि वह स्वतंत्रता के पैरोकार हैं और दरवाजे के पीछे बातचीत की भीख मांगते हैं। उन्होंने कहा कि पीटीआई नेता के इस बयान से उनका रुख पूरी तरह से स्पष्ट हो गया है। पीएमएल-एन नेता ने कहा कि राजनेताओं को आज नही तो कल एक-दूसरे से संवाद करना ही होगा। इस बीच, टेलीविजन चैनल जियो न्यूज के एक कार्यक्रम के दौरान, पीएमएल-एन नेता राणा सनाउल्लाह ने कहा कि पीटीआई की सोच राजनीतिक नही थी क्योंकि इसका उद्देश्य सेना के माध्यम से सत्ता पर कब्जा करना था।

## चीन के ग्वांग्झू में आए तूफान में पांच की मौत



**बीजिंग।** चीन के ग्वांग्झू शहर में शनिवार को आए तूफान में पांच लोगों की मौत हो गई और 140 से अधिक कारखानों की इमारतों को नुकसान पहुंचा है। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। चीन मौसम प्रशासन ने कहा कि अपराह्न करीब तीन बजे ग्वांग्झू जिले के बाइयूं में तूफान आया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि अधिकारियों ने बताया है कि पांच लोगों की मौत होने के अलावा 33 लोग घायल हुए हैं जबकि 141 कारखानों की इमारतों को नुकसान हुआ है। ग्वांग्झू के अन्य हिस्सों के लिए तूफान की चेतावनी जारी की गई थी। ऐसी अपुष्ट रिपोर्ट हैं कि दोपहर बाद शहर के दूसरे जिले में दूसरा तूफान आया।

## इराकी अधिकारी कर रहे हैं सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की हत्या के मामले की जांच

**बगदाद।** इराकी अधिकारी एक प्रसिद्ध सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की उसके घर के सामने हत्या किए जाने के मामले की जांच कर रहे हैं। देश की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर गुफरान महदी सवादी टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर बेहद लोकप्रिय थीं। इन सोशल मीडिया मंचों पर वह अपने वीडियो पोस्ट करती थीं और अधिकतर वीडियो में उन्हें संगीत की धुन पर थिरकते देखा जा सकता है। वह उम फहद नाम से भी जानी जाती थीं। उन्हें उनके घर के सामने मोटरसाइकिल सवार सशस्त्र बदमाश ने गोली मार दी। सोशल मीडिया पर फहद के हजारों फॉलोअर्स है।फहद की हत्या जायूना में की गई और यह वही स्थान हैं जहां प्रमुख इराकी शोधकर्ता और सुरक्षा विशेषज्ञ हिशाम अल-हाशिमी को 2020 में गोली मारी गई थी। एक इराकी सुरक्षा अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि शुक्रवार को जब फहद ने अपनी कार अपने घर के बाहर खड़ी की तभी हमलावर ने उन पर गोलियां चलाईं जिससे उनकी मौत हो गई। हमलावर उनका फोन भी अपने साथ ले गए। फहद सोशल मीडिया से जुड़ी पहली हस्ती नहीं हैं जिनकी हत्या की गई है। पिछले वर्ष नूर अलसफर की भी शहर में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। नूर ट्रांसजेंडर थीं और उनके भी सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स थे। फहद के पड़ोसी अबु अदम ने बताया कि गोलियों की आवाज सुन कर वह बाहर आए तो देखा कि फहद की कार का दरवाजा खुला था और वह स्टेयरिंग पर औंधे मुहं पड़ी थीं। उन्होंने कहा, फहद के साथ एक अन्य महिला थी जो हमले के बाद वहां से चली गई। घटना के बाद सुरक्षा बल के जवान पहुंचे।

# पाकिस्तानी युवती की भारत में हुई सफल हृदय प्रत्यारोपण सर्जरी



भाषा। कराची, चेन्नई

**भारत में सफल हृदय** प्रत्यारोपण के बाद 19 वर्षीय पाकिस्तानी लड़की को नया जीवन मिलने की दिल छू लेने वाली कहानी इस बात पर प्रकाश डालती है कि मानवीय उद्देश्यों के लिए सीमाओं पर आवागमन को कैसे आसान बनाया जा सकता है और पड़ोसी देश में हृदय रोगियों के सामने क्या चुनौतियां हैं। पाकिस्तान के कराची शहर की रहने वाली आयशा रशन की चेन्नई के एमजीएम हेल्थकेयर अस्पताल में सफल हृदय प्रत्यारोपण सर्जरी हुई है। एक उपयुक्त ब्रेन-डेड डोनर उपलब्ध होने के बाद 31 जनवरी, 2024 को आयशा का हृदय प्रत्यारोपण किया गया। कुछ औपचारिक प्रक्रियाओं के बाद आयशा को इस महीने अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हृदय और फेफड़े प्रत्यारोपण एवं मैकेनिकल सर्कुलेटरी सपोर्ट संस्थान के हृदय विज्ञान निदेशक एवं अध्यक्ष डॉ. के आर बालाकृष्णन ने कहा कि आयशा पहली बार 2019 में उनके पास आई थी जब वह 14 साल की थी और उसका हृदय बेहद खराब स्थिति में था। डॉ. के आर बालाकृष्णन ने पीटीआई-वीडियो से कहा, इसके बाद वह बहुत ही बीमार हो गई और उसे हृदयघात हुआ तथा उसे सीपीआर तकनीक से पुनर्जीवित करना पड़ा और खून के प्रवाह को बनाए रखने के लिए ईसीएमओ नामक मशीन लगानी पड़ी, फिर हमने उस समय एक कृत्रिम हृदय पंप डाला और अंततः वह ठीक हो गई और अपने देश वापस चली गई। उन्होंने कहा, अगले कुछ वर्षों में, वह फिर से बीमार हो गई क्योंकि उसका एक वाल्व लीक होने लगा... और उसके हृदय का दाहिना हिस्सा गंभीर रूप से निष्क्रिय होने लगा तथा संक्रमण हो गया। उस देश में उसका इलाज करना बहुत मुश्किल हो गया। आयशा के लिए वीजा प्राप्त करना बहुत कठिन था। उनकी मां अकेली हैं, उनके पास कोई पैसा या संसाधन नहीं था। हमें आयशा के बार-बार अस्पताल में भर्ती होने सहित सभी खर्चों का ख्याल रखना पड़ा।

## नेपाल निवेश के लिए एक उपयुक्त जगहः प्रचंड

भाषा। काठमांडू,

**नेपाल के** प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने रविवार को यहां दो-दिवसीय निवेश शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह देश निवेश के लिए एक उपयुक्त जगह है और देश में अपार संभावनाएं हैं। इस शिखर सम्मेलन में विभिन्न देशों के लगभग 1,800 लोग भाग लेंगे, जिनमें से 140 लोग भारत के होंगे। तीसरे नेपाल निवेश शिखर सम्मेलन-2024 का विषय उभरता नेपाल है। प्रचंड ने यह भी कहा कि नेपाल कानूनी, भौगोलिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से निवेश के लिए एक संभावित देश है। प्रधानमंत्री ने दुनिया भर के निवेशकों से अवसर को भुनाने और इससे लाभ उठाने का आग्रह करते हुए कहा, नेपाल निवेश के लिए एक उपयुक्त जगह है। प्रचंड ने कहा कि नेपाल निवेशकों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने और उदार आर्थिक नीति के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। देश में निवेश के अनुकूल माहौल सृजित किया गया है। विदेश मंत्री वर्षमान पुन ने औद्योगिक विकास, बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, निर्यात प्रोत्साहन और ज्ञान, कौशल और प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के उत्प्रेरक के रूप में विदेशी निवेश का स्वागत किया।

## नवलनी के समूह के लिए काम करने के आरोप में दो रूसी पत्रकार गिरफ्तार

**लंदन।** रूस सरकार ने विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी द्वारा स्थापित एक समूह के लिए काम करने के आरोप में दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया और रूसी अदालतों ने जांच पूरी होने एवं मुकदमा चलने तक उन्हें हिरासत में रखने का शनिवार को आदेश दिया। विपक्षी नेता नवलनी की फरवरी में मौत हो गई थी। इन पत्रकारों को अतिवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कॉन्स्टेंटिन गैबोव और सर्गेई कार्लिन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया है। दोनों को मामले में कोई सुनवाई शुरू होने से पहले कम से कम दो महीने तक हिरासत में रखा जाएगा। रूसी अदालतों के अनुसार चरमपंथी संगठन में भागीदारी के आरोप साबित होने पर उन्हें कम से कम दो साल और अधिकतम छह साल कारावास की सजा हो सकी है। रूस में सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों और स्वतंत्र मीडिया पर सरकारी कार्वाई पिछले कुछ वक्त में तेज हुई है और इन कार्वाई में यूक्रेन पर रूस के हमला करने के बाद से और तेजी आई है। इसी क्रम में इन पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया है।

# यूक्रेन के मिकोलाइव में रूसी हमले से होटल में आग

भाषा। कीव



रूसी ड्रोन हमले में रविवार तड़के मिकोलाइव शहर पर हमला किया गया जिससे एक होटल में आग लग गई और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। प्रांतीय गवर्नर ने यह जानकारी दी।यह हमला ऐसे समय किया गया जब दो साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध में यूक्रेनी सैनिकों को गोला-बारुद की कमी से जूझना पड़ रहा है। यूक्रेन के दक्षिणी मिकोलाइव प्रांत के गवर्नर विताली किम ने कहा कि रूसी ड्रोन ने प्रांतीय राजधानी (मिकोलाइव) में एक होटल को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। हमले से होटल में आग लग गई जिसे हालांकि बाद में बुझा दिया गया। किम ने यह भी बताया कि हमले से शहर के घरों और कार्यालयों को गर्म रखने वाले बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है, लेकिन उन्होंने कोई विवरण नहीं दिया। रूसी सरकारी एजेंसी आरआईए ने दावा किया कि मिकोलाइव पर हमले में एक शिपयार्ड को निशाना बनाया गया जहां नौसैनिक ड्रोन एकत्र किए जाते हैं, इसके साथ ही एक होटल को भी निशाना बनाया गया जिसमें अंग्रेजी बोलने वाले भाड़े के सैनिक रहते हैं जो यूक्रेन के लिए लड़ते हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार सुबह कहा कि देश के दक्षिण-पश्चिम में चार क्षेत्रों में रात भर में 17 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए।

# ब्रिटेन के पीएम सुनक ने जुलाई में चुनाव कराए जाने की संभावना खारिज करने से किया इनकार



भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी कंजरवेटिव पार्टी के एक सांसद के दल-बदल कर विपक्षी लेबर पार्टी में शामिल हो जाने के बीच, जुलाई में आम चुनाव कराए जाने की संभावना को स्पष्ट रूप से खारिज करने से रविवार को इनकार कर दिया। देश में दो मई को नगर निकाय और महापौर चुनाव होने हैं। सांसद डैन पोल्टर ने कहा कि अगले चुनाव से पहले वह विपक्षी खेमे में चले जाएंगे, क्योंकि वह राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) पर टोरी (कंजरवेटिव) सरकार के कामकाज का अब और बचाव नहीं कर पाएंगे। स्काई न्यूज के साथ एक साक्षात्कार के दौरान सुनक से यह पूछा गया कि आम चुनाव इस साल के उत्तरार्द्ध में कराए जाने की बात उनके द्वारा बार-बार बोले जाने का मतलब क्या जुलाई (में चुनाव कराया जाना) भी हो सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, जहां तक आम चुनाव की बात है, मैं कई बार और एक बार फिर इस बारे में बहुत स्पष्ट हूं कि मैं जो कुछ कह चुका हूं उससे ज्यादा नहीं कहने जा रहा। मैं इस बारे में बहुत स्पष्ट रहा हूं। सरकार से वित्त पोषित एनएचएस पर, सुनक ने कहा कि उपचार कराना चाह रहे मरीजों के प्रतीक्षा करने का समय घट गया है। उन्होंने महंगाई घटाने, रक्षा बजट बढ़ाने और रवांडा विधेयक संसद से पारित कराने, जैसी प्रधानमंत्री के तौर पर अपनी सफलताओं का भी उल्लेख किया।

# मलेरिया रोधी टीका आर-21 है बहुत कारगर

द कन्वरसेशन। ऑक्सफोर्ड



**तीन साल** पहले तक किसी ने भी कोई पैरासाइटिक (परजीवी) रोग रोधी टीका विकसित नहीं किया था। अब मलेरिया रोधी दो टीके आ चुके हैं, जिनके नाम आरटीएस, एस और आर21 हैं। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में जेनर इंस्टीट्यूट के निदेशक और आर21 टीके के मुख्य अन्वेषक एड्रियन हिल ने नादिन ड्रेयर को बताया कि उन्हें क्यों लगता है कि यह मलेरिया नियंत्रण के लिए एक बड़ा और महत्वपूर्ण दौर है। ऐसे में सवाल उठता है कि मलेरिया एक ऐसा रोग कैसे बना, जिसे हराना मुश्किल है ?मलेरिया लगभग तीन करोड़ साल से है, तब मनुष्य भी नहीं हुआ करते थे। मलेरिया कोई वायरस नहीं है और न ही यह बैक्टीरिया है। यह एक प्रोटोजोआ (आदिकाल का) परजीवी है, जो सामान्य वायरस से हजारों गुना बड़ा है। जीन की तुलना करके इसे अच्छी तरह समझा जा सकता है। उदाहरण के लिए कोविड-19 वायरस में लगभग 12 जीन होते हैं, जिसकी तुलना में मलेरिया में काफी ज्यादा यानी 5,000 जीन पाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, मलेरिया परजीवी चार जीवन चक्रों से गुजरता है। संक्रामक रोगजनकों के साथ-साथ यह और विकराल रूप धारण कर लेता है। चिकित्सा शोधकर्ता 100 से अधिक वर्षों से मलेरिया के टीके बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऑक्सफोर्ड में हमें 30 साल का शोध करना पड़ा।मलेरिया के चारों जीवन चक्र बेहद अलग-अलग हैं और इससे निपटने के लिए अलग-अलग एंटीजन की आवश्यकता होती है। एंटीजन वह पदार्थ है, जो हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को एंटीबॉडी पैदा करने के लिए सक्रिय करता है। हमने स्पोरोजोइट्स (कोशिकाओं के एक रूप) पर गौर किया, जो मच्छर त्वचा पर काटकर मानव शरीर में छोड़ते हैं। हमने इन कोशिकाओं के यकृत में पहुंचने से पहले इनका पता लगाने का काम किया। कोशिकाएं तेजी से फैलती हैं और ज्यादा समय तक जीवित रहती हैं।हर मच्छर छोटी मात्रा में स्पोरोजोइट, शायद 20 स्पोरोजोइट त्वचा में छोड़ते हैं। अगर आपका शरीर इन 20 स्पोरोजोइट को झेल लेता है, तो माना जाता है कि आप सुरक्षित हैं। लेकिन अगर एक भी स्पोरोजोइट आगे बढ़ जाता है, तो आपके लिए मुश्किलें खड़ी हो जाती हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि स्पोरोजोइट को खत्म करने के लिए आपके शरीर के पास कुछ ही मिनट होते हैं। इसलिए आपको असाधारण रूप से उच्च स्तर की एंटीबॉडी (रोगों से रक्षा करने वाली प्रणाली) की आवश्यकता है, जिसे परजीवी का पहले कभी सामना न हुआ हो और जिससे निपटना वह न जानता हो। आपकी एंटीबॉडी एक ऐसी कार की तरह होनी चाहिए, जो दूसरी कारों से 10 गुना तेज भाग सकती हो।हमें इस बात से निराशा हुई है कि पिछले साल अक्टूबर में आर21 टीके को मंजूरी मिलने के बाद से इसे तैयार करने में छह महीने से अधिक समय लग गया है। भारत में आर21 की लाखों खुराक भंडार करके रखी गई हैं। इसकी तुलना में अगर देखें तो ऑक्सफोर्ड और एस्ट्राजेनेका कोविड-19 रोधी टीके को 2020 में नए साल की पूर्व संध्या पर मंजूरी दी गई थी।

## बीपी व शुगर बेलगाम होने से हो रही है किडनी खराब

जीवनशैली व खानपान में वदलाव से मोटापे के साथ डायविटीज व उच्च रक्तचाप के मरीज तेजी से वढ़ रहे हैं। लंबे समय तक वीपी व शुगर पर नियंत्रण न रहने से किडनी पर असर पड़ रहा है। जीएसवीएम कानपुर से शिक्षा ग्रहण करने वाले डॉ.अनिल प्रसाद भट्ट ने यह जानकारी दी। डॉ. भट्ट ने हाल ही में 1000 से सफल किडनी प्रत्यारोपण की उपलब्धि हासिल की है। भारत में हर साल करीव 12,000 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण हो रहे हैं। किडनी दान करने को लेकर लोगों में जागरूकता की काफी कमी है। इससे कई मरीज जान गवां देते हैं। जव किडनी की कार्यक्षमता दस प्रतिशत रह जाती है तो किडनी फैल्योर माना जाता है। ऐसे मरीजों के लिए डायलिसिस या प्रत्यारोपण ही विकल्प है। जेपी अस्पताल में अत्याधुनिक विधि से किडनी ट्रांसप्लांट हो रहे हैं। डोनर की किडनी को दूरवीन विधि से हटाया जाता है। इससे डोनर को कम तकलीफ होती है। अस्पताल से जल्दी छुट्टी मिल जाती है। अस्पताल में अनमैच्ड व्लड ग्रुपए मल्टीपल वैसल्स व अन्य जटिल परिस्थिति वाले मरीजों का सफल प्रत्यारोपण किया जाता है। किडनी की समस्या के लिए पेन किलर व अन्य दवाओं का सेवन व नेफ्रैटिस भी जिम्मेदार है।

## चपटा पैर होना सामान्य है

द कन्वरसेशन। ट्रॉ-रिविएर (कनाडा), 28 अप्रैल कई दशकों से शोधकर्ताओं, चिकित्सा पेशेवरों और सामान्य आबादी का मानना है कि चपटे पैर वाले लोगों में विभिन्न प्रकार की समस्याएं विकसित होने की आशंका अधिक रहती है। विशेष रूप से, ऐसा माना जाता है कि चपटा पैर होने से व्यक्तियों को भविष्य में दर्द और अन्य मसक्यूलोस्केलेटल (यानी मांसपेशियों, शिरा या स्नायु संबंधी) समस्याएं होने की आशंका अधिक रहती है। चपटे पैर को एक तरह का टाइम बम माना जाता है। हालांकि, ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में हाल में प्रकाशित एक संपादकीय में मेरे अनुसंधान दल ने इस मिथक को चुनौती दी। हमने दिखाया कि यह सिद्धांत निराधार है कि चपटा पैर अनिवार्य रूप से दर्द या अन्य मसक्यूलोस्केलेटल समस्याओं का कारण बनते हैं। यूनिवर्सिटी डु क्यूबेक अ ट्रॉ-रिविएर (यूक्यूटीआर) में पादचिकित्सा (पोडियाट्रिक मेडिसिन) के अनुसंधानकर्ता के तौर पर मैं यहां अपने अध्ययन के मुख्य निष्कर्षों के बारे में बताऊंगा।

# जैक्स की ताबड़तोड़ पारी से आरसीबी की जीत

**● गुजरात को 9 विकेट से रौंदा**

**भाषा।** अहमदाबाद



**विल जैक्स की** 41 गेंद में नाबाद 100 रन की आक्रामक पारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां गुजरात टाइटंस को चार ओवर शेष रहते नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर तीन विकेट पर 200 रन बनाए थे लेकिन आरसीबी ने महज 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर 10 मैचों में तीसरी जीत दर्ज की। गुजरात की यह 10 मैचों में छठी हार है। शुरुआती 17 गेंदों में महज 17 रन बनाने वाले जैक्स ने अपनी नाबाद आतिशी पारी में पांच चौके और 10 छक्के लगाए। उन्होंने 15वें और 16वें ओवर में क्रमशः मोहित शर्मा और राशिद खान के खिलाफ 29-29 रन बटोरने के दौरान कुल सात छक्के और तीन चौके लगाए।जैक्स ने दिग्गज विराट कोहली (नाबाद 70) के साथ दूसरे विकेट के लिए महज 74 गेंद में 166 रन की अटूट साझेदारी की। कोहली ने 44 गेंद की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाकर स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को जवाब दिया। कोहली ने इस दौरान मौजूदा आईपीएल सत्र में 500 रन पूरे किए। यह सातवीं बार है जब कोहली ने आईपीएल सत्र में 500 से अधिक रन बनाए हैं। गुजरात टाइटंस के लिए एकमात्र सफलता साई किशोर (तीन ओवर में 30 रन पर एक विकेट) को मिली। टीम के अन्य गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए। बी साई सुदर्शन की 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी से गुजरात टाइटंस को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने आठ चौके और चार छक्के लगाने के साथ दो अहम साझेदारियां की। साई सुदर्शन ने तीसरे विकेट के लिए शाहरुख खान (58) के साथ 45 गेंद में 86 रन की साझेदारी से मैच में टीम की वापसी कराई और फिर डेविड मिलर (26) साथ चौथे विकेट के लिए 36 गेंद में 69 रन की अटूट साझेदारी की। शाहरुख ने 30 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके और पांच छक्के लगाए जिससे टीम धीमी शुरुआत से उबरने में कामयाब रही। मिलर ने 19 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज, ग्लेन मैक्सवेल और स्वप्निल सिंह ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए फाफ डुप्लेसी ने संदीप वॉरियर और अजमतुल्लाह उमरजाई पर छक्कों के साथ आरसीबी को तेज शुरुआत दिलाई लेकिन साई किशोर ने चौथे ओवर में उनकी 12 गेंद में 24 रन की तेजतर्रार पारी को खत्म किया। अब तक दूसरे छोर से संभल कर खेल रहे विराट कोहली ने राशिद खान के खिलाफ चौका लगाने के बाद साई किशोर की लगातार गेंदों पर छक्के के साथ हाथ खोला।

### स्कोरबोर्ड

**गुजरात टाइटंस पारी:** साहा क कर्ण बो स्वप्निल 05, गिल क ग्रीन बो मैक्सवेल 16,सुदर्शन नाबाद 84,शाहरुख बो सिराज 58, मिलरनाबाद 26,अतिरिक्त: 11,**कुल योग:** (20 ओवर में तीन विकेट पर) 200 रन ,**विकेट पतन:**1-6, 2-45, 3-131,**गेंदबाजी:**स्वप्निल3-0-23-1,सिराज 4-0-34-1,दयाल4-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-28-1,कर्ण 3-0-38-0,ग्रीन 3-0-42-0

**आरसीबी पारी:** कोहली नाबाद 70, डुप्लेसी क स्थानापन्न (शंकर) बो साई किशोर 24, जैक्स नाबाद 100,अतिरिक्त: 12,**कुल योग:** (16 ओवर में एक विकेट पर) 206 रन,**विकेट पतन:** 1-40,**गेंदबाजी:**उमरजाई 2-0-18-0, वॉरियर1-0-15-0, किशोर 3-0-30-1,राशिद 4-0-51-0,नूर 4-0-43-0,मोहित 2-0-41-0

## आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स और मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी केकेआर

**भाषा।** कोलकाता



**पिछले पांच** में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी। ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है। वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदार रही। लुंगी एनगिडी की जगह शामिल किए गए आस्ट्रेलिया के जेक फ्रेसर मैकगुर्क शीर्ष क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खुद को एक्स फैक्टर साबित कर चुके हैं। 22 साल के इस पावर हिटर ने अपने शानदार शॉट्स से पांच मैच में 237.50 के स्ट्राइक रेट से 247 रन बनाकर आईपीएल में तहलका मचा दिया है। जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज के खिलाफ आक्रामकता से रन जुटाना उनका कौशल दिखाता है। मैकगुर्क ने मुंबई इंडियंस के इस तेज गेंदबाज को पहली ही गेंद पर छक्के के लिए भेजकर अपनी मानसिक मजबूती की झलक दिखाई जिससे बुमराह ने अपने पहले ही ओवर में 18 रन लुटा दिए। इस सत्र में बुमराह का यह पहला ओवर रहा जिसमें उन्होंने इतने रन गंवाए हों। इससे दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को मुंबई इंडियंस को 10 रन से पराजित किया।

## लोग चाहे जो कहें, मैं अपने खेल को बेहतर जानता हूं : कोहली

**अहमदाबाद।** भारतीय सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बीच के ओवरों में स्पिनर्स के सामने उनके स्ट्राइक रेट पर लगातार हो रही चर्चा को खारिज करते हुए कहा कि उन पर सवाल उठाने वालों की तुलना में वह अपने खेल को बेहतर समझते हैं। कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ नौ विकेट से मिली जीत में 44 गेंद में नाबाद 70 रन बनाए। सुनील गावस्कर जैसे पूर्व क्रिकेटरों ने हालांकि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 43 गेंद में 51 रन की उनकी पारी में स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाए थे। कोहली ने मैच के बाद कहा , पिछले 15 साल से खेलने का कोई कारण है। मैं सिर्फ अपना काम कर रहा हूं। मैं इसी तरह से खेलता हूं। लोग चाहे जो कहें लेकिन मैं अपने खेल को बखूबी जानता हूं। जीत के बावजूद दस मैचों में मात्र तीन जीत के साथ आरसीबी तालिका में सबसे नीचे है। हम आत्म सम्मान के लिए खेलना चाहते थे, अपने प्रशंसकों के लिए खेलना चाहते थे।

## नाडा पैनल के हरी झंडी देने के बाद इंडियन ग्रां प्री में वापसी करेंगी हिमा दास

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिए जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री। में वापसी करेंगी। सूत्रो ने इसकी जानकारी दी। पिछले साल नाडा ने 12 महीने में तीन दफा अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में विफलता के बाद 24 वर्षीय हिमा को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया था। (एएफआई द्वारा 30 अप्रैल को होने वाले इंडियन ग्रां प्री। की महिलाओं की 200 मीटर रेस की प्रविष्टि सूची में हिमा का नाम शामिल है। भारतीय एथलेटिक्स टीम के एक सूत्र ने पीटीआई को गोपनीयता की शर्त पर कहा, पिछले महीने नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल की सुनवाई में उन्हें प्रतियोगित में हिस्सेदारी के लिए हरी झंडी मिल गई।

## पाकिस्तान ने कर्स्टन व गिलेस्पी को मुख्य कोच नियुक्त किया

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को विश्व कप विजेता गैरी कर्स्टन को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया जबकि पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में यह जिम्मेदारी संभालेगे। इनके साथ ही पाकिस्तान के पूर्व आल राउंडर अजहर महमूद को सभी प्रारूपो के लिए टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नक्वी ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी की नियुक्ति दिखाती है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम को कितनी अहमियत दी गई है और विदेशी कोच हमारे खिलाड़ियों मे कितनी संभावनाएं देखते है।

## कीनिया के मवानिकी, क्साइत ने टीसीएस विश्व 10के दौड़ में अव्वल रहे

**बेंगलुरु** कीनिया के पीटर मवानिकी और लिलियन क्साइत ने रविवार को यहां 16वें टीसीएस विश्व 10के में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। मवानिकी ने शुरुआती से अपनी बढ़त बनाए रखते हुए 28 मिनट और 15 सेकेंड के समय के साथ जीत दर्ज की जबकि हमवतन हिलेरी चेपक्वेनी (28:33) दूसरे स्थान पर रहे। सत्रह साल के हागोस आइओब (28:39) ने तीसरा स्थान हासिल कर प्रभावित किया। अंतरराष्ट्रीय एलीट महिला वर्ग में क्साइत एक समय आइरीन चैप्टाई (30:35) के इस स्पर्धा के रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर बढ़ रही थी।

# सैमसन-जुरेल ने बिगाड़ा एलएसजी का खेल

**● राजस्थान रायल्स ने 7 विकेट से हराया**

**● केएल और हुड्डा की मेहनत पर फिरा पानी**

**पायनियर समाचार सेवा** लखनऊ



**लगातार दो** जीत से उत्साहित लखनऊ सुपरजाइंटस को घर में जीत की उम्मीद थी पर इस आईपीएल में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रायल्स के संजू सैमसन व ध्रुव जुरैल ने उसका खेल बिगाड़ दिया। राजस्थानी टीम ने नवाबी टीम को 7 विकेट से हरा दिया। इकना स्टेडियम में खेले इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां लखनऊसुपरजायंट्स (एलएसजी) ने पहले खेलते हुए 196 रन बनाए। एलएसजी को पांच विकेट पर 196 रन पर रोकने के बाद राजस्थान ने 19 ओवर में तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए संजू सैमसन ने नाबाद 71 और ध्रुव जुरेल ने नाबाद 52 रन का योगदान दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 62 गेंद में 121 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की जीत पक्की की। जुरेल व सैमसन ने केएल राहुल व दीपक हुड्डा की मेहनत पर पानी भी फेर दिया। इससे पहले लोकेश राहुल और दीपक हुड्डा की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच 62 गेंद में 115 रन की साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 196 रन बनाए। राहुल ने 48 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 76 रन बनाए तो वहीं हुड्डा ने 31 गेंद में सात चौके की मदद से 50 रन बनाए। दोनों ने 11 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम की शानदार वापसी करवाई। राजस्थान के लिए संदीप शर्मा ने 31 रन पर दो विकेट लिए जबकि ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान और रविचंद्रन अश्विन को एक-एक सफलता मिली। बोल्ट ने शुरुआती दो गेंद में चौके खाने के बाद तीसरी गेंद पर क्विंटन डिकॉक (आठ) की पारी को खत्म किया। संदीप शर्मा ने पिछले मैच के शतकवीर मार्कस स्टोइनिस बोल्ड कर टीम को बड़ी सफलता दिलाई। शुरुआत में थोड़ी धीमी गति से खेलने वाले राहुल और हुड्डा ने पावर प्ले के बाद बड़े शॉट खेलने शुरू किए। राहुल को हालांकि किस्मत का साथ मिला जब संदीप की गेंद उनके बल्ले में लगने बाद बेहद मामूली अंतर से स्टंप्स से टकराने से बचती हुई छह रनों के लिए चली गई। एलएसजी ने आठवें ओवर से गति पकड़ी जब राहुल ने आवेश के खिलाफ दो छक्के जड़कर 21 रन बटोरे। हुड्डा ने 11वें ओवर में गेंदबाजी के लिए दोबारा आए बोल्ट के खिलाफ 18 रन बटोर कर मौजूदा सत्र का अपना पहला पचासा पूरा किया।

### स्कोरबोर्ड

**लखनऊ सुपरजायंट्स पारी:** डिकॉक बो बोल्ट 08,लोकेश राहुल क बोल्ट बो आवेश 76, स्टोइनिस बो संदीप 00, हुड्डा क पोवेल बो अश्विन 50, पूरन क बोल्ट बो संदीप 11,बडोनी नाबाद 18,पंड्या नाबाद 15,**अतिरिक्त:** 18,**कुल योग:** (20 ओवर में पांच विकेट पर) 196 रन,**विकेट पतन:** 1-8, 2-11, 3-126, 4-150, 5-173,**गेंदबाजी:**बोल्ट 4-0-41-1,संदीप 4-0-31-2,आवेश 4-0-42-1,अश्विन 4-0-39-1, चहल 4-0-41-0

**राजस्थान रॉयल्स पारी:** यशस्वी क बिश्नोई बो स्टोइनिस 24, बटलर बो यश 34,सैमसन नाबाद 71, पराग क बडोनी बो मिश्रा 14,जुरेल नाबाद 52,अतिरिक्त: 04, **कुल योग:** (19 ओवर में तीन विकेट पर) 199 रन,**विकेट पतन:** 1-60, 2-60, 3-76,**गेंदबाजी** :हेनरी 3-0-32-0,मोहसिन4-0-52-0,यश 4-0-50-1,स्टोइनिस 1-0-3-1,कृणाल 4-0-24-0,मिश्रा 2-0-20-1, बिश्नोई1-0-16-0

## महेश्वरी ने महिला स्कीट में रजत पदक के साथ देश के लिए ओलंपिक का 21वां कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली।** निशानेबाज महेश्वरी चौहान ने रविवार को दोहा में आईएसएसएफ शॉटगन ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप के समापन दिन महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में रजत पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का 21वां कोटा स्थान हासिल कर लिया। पहली बार फाइनल में खेल रही महेश्वरी को स्वर्ण पदक के लिए शूट ऑफ में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड ने 4-3 से हराया। इससे पहले दोनों निशानेबाजों ने 60 में से एक समान 54 अंक बनाए थे। यह महिला स्कीट में भारत का दूसरा ओलंपिक कोटा स्थान है। महेश्वरी ने फाइनल के बाद कहा, मैं रोमांचित हूं। यहां तक पहुंचने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। मैं शूट-ऑफ को लेकर थोड़ा निराश हूं, लेकिन कुल मिलाकर, यह बहुत संतोषजनक रहा है। महेश्वरी दिन की शुरुआत में तालिका में शीर्ष पर थी लेकिन क्वालीफिकेशन के आखिरी दौर में 23 के स्कोर के कारण उन्होंने चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। क्वालीफिकेशन में उनका कुल स्कोर 121 था जो नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

## जादुमणि, आकाश एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** एम जादुमणि सिंह (51 किग्रा) और आकाश गोरखा (60 किग्रा) रविवार को यहां एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल जगह बनाने में सफल रहे। जादुमणि सिंह ने अंडर-22 वर्ग के दूसरे दौर में आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकने) निर्णय के साथ मंगोलिया के अल्दरखिशिग बटुल्गा को मात दी। आकाश को मंगोलिया के गनबातार गान एर्डीन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 4-1 से जीता। दोनों मुक्केबाज मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलेंगे। इससे पहले शनिवार को जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) भी अगले दौर में पहुंच गए। जतिन और यशवर्धन ने अपने-अपने मुकाबले 5-0 से जीते, जबकि सागर को वॉकओवर मिला था।

## आईपीएल के बीच में अपनी गेंदबाजी की शिकायत नही करना चाहते : केकेआर कोच पंडित

**कोलकाता।** पंजाब किंग्स के खिलाफ उनके गेंदबाज भले ही नाकाम रहे हों लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने रविवार को कहा कि वे टूर्नामेंट के बीच में इसकी शिकायत करने की बजाय सकारात्मक चीजों पर फोकस करना चाहेंगे। जॉनी बेयरस्टो के नाबाद शतक की मदद से पंजाब किंग्स ने 262 रन का रिकॉर्ड लक्ष्य आठ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया और केकेआर को आठ विकेट से शिकस्त दी।पंडित ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले कहा , टूर्नामेंट के बीच में हम शिकायत नही करना चाहते। हम देखेंगे कि क्या हमारे नियंत्रण में है और अपनी रणनीति पर अमल कैसे करना है। हम सकारात्मक पहलुओं को देखेंगे। टीम अच्छा खेल रही है। 260 से ऊपर का स्कोर बनाना भी छोटी बात नही है। हमारा आत्मविश्वास कम नही हुआ है। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अंगूठे की चोट के कारण पिछला मैच नही खेल सके थे। अब वह बेहतर लग रहा है। नेट्स पर उसे देखने के बाद उसके खेलने के बारे में फैसला लेंगे।

## एशियाई खेलों से बाहर होने से राष्ट्रीय टीम में वापसी की प्रेरणा मिली: तरुणदीप राय

**कोलकाता।** तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले तरुणदीप राय ने रविवार को कहा कि पिछले एशियाई खेलों की टीम से बाहर होने के बाद वह गुस्से मे थे लेकिन उन्होंने इसे दमदार वापसी करने के लिए प्रेरणा की तरह लिया। तीन बार के ओलंपियन राय ने विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने के बाद पीटीआई-भाषा से कहा, मैं गुस्से से भरा था लेकिन मैंने खुद को एक और मौका देने का फैसला किया। एशियाई खेलों (ग्वांगझू 2010) में देश के लिए पदक जीतने वाले इकलौते रिकर्व तीरंदाज राय ने कहा, मैं क्वालीफिकेशन में कुछ नियमों के कारण अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम से बाहर हो गया था। राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय तिकड़ी ने मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह पहली बार है जब तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में भारतीय पुरुष टीम ने कोरिया को शिकस्त दी है। इस जीत से टीम पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल करने के मामले में अच्छी स्थिति में है। चालीस साल के राय 2010 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य थे। उस विश्व कप का आयोजन भी शंघाई में हुआ था।

## भारत को टी20 विश्व कप के लिए दो कलाई के स्पिनरों को चुनना चाहिए : पठान

**मुंबई।** पूर्व आल राउंडर इरफान पठान ने कहा कि भारत को अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में पांच विशेषज्ञ गेंदबाजो के साथ दो कलाई के स्पिनरों को चुनना चाहिए। टीम की घोषणा की तारीख एक मई है जिससे दो जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम के संयोजन को लेकर चर्चाएं भी तेज हो गई है। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, आपको पांच अच्छे गेंदबाजों की जरूरत है जो निहायती जरूरी है। आपके विकेटकीपिंग विकल्प क्या है? जब आप रविंद्र जडेजा के आठवें नंबर और बतौर स्पिन आल राउंडर खेलने की बात कर रहे हो तो मैं कहूंगा कि दो कलाई के स्पिनरों को खिलाय जाए। मैं दो कलाई के स्पिनरों को खेलते हुए देखना चाहूंगा जो मेरी अंतिम एकादश में रवि बिश्नोई और कुलदीप यादव होंगे। अगर आप बिश्नोई के आंकड़े देखो तो जब वह खेला था तो वह काफी अच्छा था। पठान हालांकि राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल को विश्व कप के लिए ले जाने के पक्ष मे नही है। हां, हम इस समय आईपीएल के प्रदर्शन की वजह से चहल के बारे में बात कर रहे है लेकिन क्षेत्ररक्षण हिस्से को मत भूलिए। अगर आपको क्षेत्ररक्षण में संतुलन बनाना है तो आपको संतुलन बनाना होगा कि एक गेंदबाज एक विशेष जगह पर कहां गेंदबाजी कर सकता है।

## गेमशो से अन- एकेडमी ने टॉपर्स को सराहा

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े एजुकेशन प्लेटफार्म अनएकेडमी ने यूपीएससी सीएसई उम्मीदवारों के लिए साल के मेगा इवेंट मंज़िल 2024 की मेजबानी की। इस मौके पर अनएकेडमी यूपीएससी सीएसीई टॉपर्स की एकेडमिक अचीवमेंट का जश्न मनाया गया, जिसमें सनी हिंदुजा, आदित्य कुलश्रेष्ठ और एक प्रतिष्ठित गेम शो के साथ भारत के टॉप इंफ्लुएनर्स उपस्थित थे। अनएकेडमी ने यूपीएससी सीएसई परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के इच्छुक शिक्षार्थियों के लिए कई इनिशेटिव का खुलासा किया, जो निम्न हैं,यूपीएससी सीएसई जीएस के लिए 15 महीने की अनएकेडमी प्लस सदस्यता 24,999 रुपये में 5 मई तक वैध यूपीएससी सीएसई, जीएस फाउंडेशन प्रोग्राम पर 50 प्रतिशत की छूटएअनएकेडमी की स्कॉलरशिप और मेंबरशिप छूट की घोषणा पूरे भारत में लाखों शिक्षार्थियों के लिए शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अनएकेडमी ऐट्रिब्यूट्स अपने शिक्षार्थियों की सफलता के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है और यह कार्यक्रम उनकी यात्रा के लिए समर्पित था और इसका उद्देश्य उन्हें अपनी परीक्षा में सफल होने के लिए सशक्त बनाना था।

# भारत की पुरुष टीम ने ओलंपिक चैंपियन कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता

**● तीरंदाजी विश्व कप**

**भाषा।** शंघाई



**भारतीय पुरुष** रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा। धीरज, तरूणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया। सेना के 40 साल के तरूणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। तब राहुल बनर्जी, तरूणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था।स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की। मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है। इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिश्रित टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया। भारतीय जोड़ी ने मेक्सिको की एलेजांद्रा वेलेंशिया और मटियास ग्रांडे की जोड़ी को 6-0 (35-31, 38-35, 39-37) से शिकस्त दी। मां बनने के बाद खेल से दूर रही अनुभवी दीपिका कुमारी महिला रिकर्व के व्यक्तिगत फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व रैंकिंग की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने 30वीं वरीयता प्राप्त होने के बाद प्रतियोगिता में काफी नीचे से शुरुआत की थी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में दो कोरियाई खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाया लेकिन फाइनल में दीपिका हांग्झोउ एशियाई खेलों की चैंपियन लिम सिह्योन से सीधे सेटों में 6-0 (26-27, 27-29, 27-28) से हार गईं। खिताबी दौर में दीपिका की शुरुआत खराब रही और उनका दूसरा तीर सात-अंक वाले रिंग में लगा।

उभरती हुई 20 साल की तीरंदाज लिम ने सिर्फ एक अंक गवां कर दूसरा सेट जीता और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# युवा भारतीय महिला टीम ने उबेर कप के क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की की

**भाषा।** चेंगडू (चीन)



**इशारानी बरुआ** और अनमोल खरब के चमकदार प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में सिंगापुर को 4-1 से हराकर उबेर कप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। एशियाई चैम्पियन भारत ने पहले मुकाबले में कनाडा को 4-1 से मात दी थी। भारत ने दूसरे मुकाबले में भी शानदार प्रदर्शन दिखाया और पहले मैच में अश्मिता चालिहा के हारने के बावजूद वापसी करते हुए बाकी सारे मैच जीत लिए। बड़े खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में खेल रही युवा और कम अनुभवी भारतीय टीम के लिए यह शानदार हफ्ता रहा। खिलाड़ियों ने बड़े मंच पर कौशल और गजब का जज्बा दिखाते हुए पहले दो मुकाबले जीत लिए। चीन ने ग्रुए ए के अन्य मुकाबले में कनाडा को 3-0 से शिकस्त दी और यह नतीजा भारत और उसके पड़ोसी एशियाई देश के लिए क्वार्टरफाइनल स्थान पक्का करने के लिए काफी था। दो जीत से भारत अब ग्रुप ए में चीन के पीछे दूसरे स्थान पर काबिज है। दोनों टीम अंतिम ग्रुप मैच में मंगलवार को एक दूसरे से भिड़ेंगी जिससे शीर्ष स्थान का फैसला होगा। 53वीं रैंकिंग की चालिहा ने शनिवार को कनाडा की मिशेल लि को हराकर उलटफेर किया था लेकिन वह दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी यिओ जिया मिन से 15-21, 18-21 से पराजित हो गईं। राष्ट्रीय चैम्पियन प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की 67वीं रैंकिंग की जोड़ी ने पहले महिला युगल में जियाओ एन हेंग और जिन यु जिया पर 21-15, 21-16 की जीत से भारत को वापसी कराई। इशारानी (83वीं रैंकिंग) ने दूसरे एकल में इनसिराह खान को 21-13, 21-16 से मात देकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

# यश वर्मा ने जीते दोहरे खिताब

**● पुरुष एकल के साथ युगल में भी चैंपियन**

**● लखनऊ चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट**

**लखनऊ।** यश वर्मा ने लखनऊ चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाते हुए पुरुष एकल और युगल के फाइनल में जीत के साथ दोहरी विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। लामार्टिनियर एसडीएस टेनिस अकादमी के क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में आशी शमसेरी ने बालिका अंडर.16 और हसन ने बालक अंडर.14 में खिताब जीत लिए। रविवार को खेले गए मुकाबलों में पुरुष एकल फाइनल में यश वर्मा ने सानिध्य द्विवेदी को 7.3 से हराकर खिताब जीता। इसके बाद पुरुष युगल के फाइनल में अनुज कुमार के साथ जोड़ी बनाकर उतरे यश वर्मा ने अमर सिंह व अभिषेक यादव को 9-5 से हराकर युगल की विजेता ट्रॉफी जीत ली। बालक अंडर-14 का खिताब हसन ने फाइनल में सोहम को 7-3 से हराकर जीता। बालिका अंडर.16 के फाइनल में आशी शमसेरी ने सिद्धि सिंह को 7-3 से हराया। समापन समारोह में विकास मूलचंदानी, शैलेंद्र द्विवेदी व अमरेंद्र वर्मा ने पुरस्कार वितरित कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर अतिथिगण का स्वागत टूर्नामेंट डायरेक्टर गोपाल सिंह बिष्ट ने किया।



# भारतीय महिला टीम ने पहले टी20 में मारी बाजी

**● बांग्लादेश को 44 रन से हराया**

**भाषा।** सिलहट (बांग्लादेश)



**तेज गेंदबाज** रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की जोड़ी ने मिलकर बांग्लादेश के पांच विकेट झटके लिए जिससे भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम को 44 रन से शिकस्त दी। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर और यास्तिका भाटिया के मध्यक्रम में तेजी से रन जुटाए लेकिन अंत में रफ्तार नहीं पकड़ने से सात विकेट पर 145 रन ही बना सकी। इसके बाद रेणुका की अगुआई में गेंदबाजों ने बांग्लादेश को आठ विकेट पर 101 रन ही बनाने दिए। कप्तान निगार सुल्ताना ने 48 गेंद में 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला। भारत के लिए रेणुका ने 18 रन देकर तीन विकेट और पूजा वस्त्राकर ने 25 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए। रेणुका ने दिलारा अख्तर (04) को अपनी तीसरी ही गेंद पर पगबाधा आउट किया और फिर पांचवें ओवर में सोभना मोस्त्री (06) को बोल्ड किया। अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने फिर मुर्शिदा खातून (13) को पगबाधा आउट किया। फाहिमा खातून (01) सातवें ओवर में पूजा वस्त्राकर की गेंद पर पैड लगाकर पगबाधा आउट हुईं जिससे बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 30 रन था। राधा यादव ने शोर्णा अख्तर (11) को जबकि रेणुका ने राबिया खान (02) को आउट किया। श्रेयंका पाटिल ने नाहिदा अख्तर (09) को पवेलियन की राह दिखाई। अंतिम ओवर में पूजा वस्त्राकर ने सुल्ताना की पारी समाप्त की। इससे पहले भारत शुरूआती ओवरों में तेज गति से रन नहीं बन सका जिसमें करिश्माई सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना महज नौ रन बनाकर आउट हो गईं। लेकिन शेफाली वर्मा ने 22 गेंद में 31 रन का योगदान दिया जिसके बाद यास्तिका भाटिया (29 गेंद में 36 रन) और हरमनप्रीत (22 गेंद में 30 रन) ने मिलकर 45 रन की साझेदारी निभाई। इससे भारतीय बल्लेबाज धीमी विकेट की चुनौती से निपटी। बांग्लादेश की लेग स्पिनर राबिया खान मेजबान टीम के लिए सबसे सफल गेंदबाज रहीं जिन्होंने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट झटके। मंधाना ने सुल्ताना खातून पर दूसरे ओवर में लगातार दो चौके जड़े। लेकिन भारतीय उप कप्तान फरीहा तृष्णा (23 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर शॉट लगाने के प्रयास में बोल्ड हो गईं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।